लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वितीया विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 217, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, गंभीर समस्या है नशीली दवाइयों का व्यसन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम: 39.0° अधिकतम तापमान, 29.0° न्यूनतम तापमान, आसमान में हल्के बादल झाए रहेंगे, सूर्योदय 05 : 15, सूर्यास्त 19 : 05

बरेली, रविवार, 23 जून 2024

प्रभास की फिल्म कल्कि का नया ट्रेलर रिलीज..16

जीएसटी काउंसिल की 53वीं बैठक में शनिवार को लिए गए कई महत्वपूर्ण फैसले, कई राज्यों के वित्तमंत्री भी उपस्थित रहे

रेलवे प्लेटफार्म टिकट, रिटायरिंग रूम की सुविधा अब जीएसटी से मुक्त

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई जीएसटी काउंसिल की 53वीं बैठक में शनिवार को कई अहम फैसले लिए गए। बैठक के बाद सीतारमण ने कहा कि सभी सोलर कुकरों पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगाने का निर्णय लिया गया है। सभी दूध के डिब्बों पर 12 प्रतिशत की एक समान दर निर्धारित करने की सिफारिश की गई है। सीतारमण ने कहा कि रेलवे द्वारा आम आदमी को दी जाने वाली सेवाएं, प्लेटफार्म टिकटों की बिक्री, रिटायरिंग रूम सुविधा, वेटिंग रूम, क्लॉक रूम सेवाएं, बैटरी चालित कार सेवाओं को जीएसटी से छूट दी जा रही है। अंतर-रेलवे आपूर्ति को भी छूट दी गई है। शैक्षणिक संस्थानों के बाहर छात्रों के लिए छात्रावासों को भी छूट दी जा रही है। परिषद ने प्रति व्यक्ति प्रति माह 20,000 रुपये तक की आपूर्ति मूल्य वाली आवास सेवाओं को छूट देने की सिफारिश की है। ये सेवाएं न्यूनतम 90 दिनों की निरंतर अवधि के लिए दी जाती हैं। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय स्तर पर बायोमेट्रिक आधारित आधार प्रमाणीकरण की शुरुआत की जाएगी। इससे फर्जी चालान के जरिए किए गए धोखाधड़ी वाले इनपुट टैक्स क्रेडिट दावों से निपटने में मदद मिलेगी। परिषद ने सभी कार्टन बॉक्स और पेपर बोर्ड के मामलों पर 12 प्रतिशत की एक समान जीएसटी दर निर्धारित करने की भी सिफारिश की है। मोदी 3.0 सरकार की जीएसटी काउंसिल की इस पहली बैठक में कई राज्यों के वित्तमंत्री भी उपस्थित रहे।

- सोलर कुकर और दूध के डिब्बों पर एक समान 12% की दर तय

डिमांड नोटिस पर ब्याज व जुर्माना माफ कर व्यापारियों को राहत देने की तैयारी

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने व्यापारियों, एमएसएमई और करदाताओं को राहत देते हुए धोखाधड़ी, दमन या गलत बयानी से जुड़े मामलों सहित जीएसटी अधिनियम की धारा 73 के तहत जारी किए गए डिमांड नोटिस के लिए ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की है। सीतारमण ने कहा वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के लिए जो नोटिस जारी किए गए थे, परिषद ने उन पर ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की है। सीतारमण ने कहा सरकारी मुकदमेबाजी को कम करने के लिए परिषद ने विभाग द्वारा अपील दायर करने के लिए जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के लिए 20 लाख रुपये, हाईकोर्ट के लिए एक करोड़ और सुप्रीम कोर्ट के लिए 2 करोड़ रुपये की मौद्रिक सीमा की सिफारिश की है। परिषद ने यह भी सिफारिश की है कि अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील दायर करने के लिए पूर्व-जमा की अधिकतम राशि 25 करोड़ रुपये सीजीएसटी और एसजीएसटी से घटाकर 20 करोड़ सीजीएसटी और एसजीएसटी कर दी जाएगी।

पेट्रोल व डीजल को भी दायरे में लाने की तैयारी

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्र की मंशा हमेशा से पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की रही है और अब राज्यों को एक साथ आकर इसकी दर तय करनी है। सीतारमण ने कहा जीएसटी को जब एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था, तब यह फैसला किया गया कि कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन पर जीएसटी कानून के तहत बाद में कर लगाया जाएगा।

नीट-यूजी की जांच सीबीआई को सौंपी, एनटीए के डीजी को हटाया

एनटीए की परीक्षा प्रक्रिया में सुधार करने के लिए सात सदस्यीय कमेटी गठित

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने शनिवार रात घोषणा की कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में कथित अनियमितताओं की जांच सीबीआई को सौंपी जाएगी। इससे पहले इस मामले से जुड़े घटनाक्रम के तहत कई कदम उठाए गए, जिसमें राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को हटाना और परीक्षा सुधारों के लिए पूर्व इसरो प्रमुख के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में सात सदस्यीय समिति का गठन करना शामिल है।

शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पांच मई को आयोजित नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं के कुछ मामले सामने आए हैं। पारदर्शिता के लिए यह निर्णय लिया गया कि मामले को व्यापक जांच के लिए सीबीआई को सौंप दिया जाए। इससे पहले केंद्र सरकार ने एनटीए के महानिदेशक (डीजी) सुबोध सिंह को हटा दिया।

- झारखंड के देवघर जिले से छह लोग हिरासत में लिए गए

साथ ही एनटीए के कामकाज की समीक्षा तथा परीक्षा सुधारों की सिफारिश करने के लिए इसरो के पूर्व प्रमुख के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में सात सदस्यीय समिति गठित की, समिति दो माह में रिपोर्ट सौंपेगी।

अधिकारियों के अनुसार, सुबोध कुमार सिंह को अगले आदेश तक कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग में अनिवार्य प्रतीक्षा में रखा गया है। भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला को नियमित पदाधिकारी की नियुक्ति तक एनटीए का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। एक अधिकारी ने बताया कि बिहार पुलिस ने शुक्रवार रात झारखंड के देवघर जिले से छह और लोगों को हिरासत में लिया। पिछले महीने बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने कथित पेपर लीक के सिलसिले में मुख्य संदिग्ध सिकंदर यादवेंदु समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया था। ईओयू ने एनटीए से नीट-यूजी 2024 के संदर्भ प्रश्न पत्र प्राप्त किए हैं, जिनकी पिछले महीने पटना में तलाशी के दौरान एक फ्लैट से बरामद किए गए कागजातों से तुलना की जाएगी।

पुलिस ने कहा कि वह इस मामले में आरोपियों का नार्को टेस्ट और ब्रेन मैपिंग कराने की संभावना भी तलाश रही है।

प्रश्नपत्र लीक मामले में सीबीआई ने की पूछताछ

नई दिल्ली। सीबीआई ने यूजीसी-नेट का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में शनिवार को एक व्यक्ति से पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि प्रश्नपत्र का एक हिस्सा टेलीग्राम पर पोस्ट करने वाले संदिग्ध को जिले के पडरौना कोतवाली ले जाया गया जहां सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा की टीम उससे पूछताछ कर रही है। ऐसा माना जा रहा है कि संदिग्ध ने राजस्थान के कोटा में नेट की कोचिंग की थी। सीबीआई ने यूजीसी-नेट प्रश्नपत्र लीक करने के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज की थी।

राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (पीजी) भी टली

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने उच्च चिकित्सा शिक्षा की राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा परा स्नातक (नीट-पीजी प्रवेश) टालने की घोषणा की है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड की नीट-पीजी प्रवेश टाल दी गई है। परीक्षा की नई तिथि बाद में घोषित की जाएगी। नीट-पीजी प्रवेश 23 जून रविवार को निर्धारित थी। मंत्रालय ने कहा है कि कुछ प्रवेश परीक्षाओं में अनियमितताओं की घटनाओं को देखते हुए इस परीक्षा को टालने का निर्णय लिया गया है।

प्लॉट पर कब्जा करने की कोशिश में सड़क पर खुलेआम चलाई गोलियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : इज्जतनगर क्षेत्र में पीलीभीत बाईपास पर कई करोड़ रुपये के प्लॉट पर कब्जे के लिए शनिवार सुबह बिल्डर के गुर्गों ने फायरिंग की और बुलडोजर से दुकान में रखे मार्बल तोड़ दिए। दूसरे पक्ष ने फायरिंग कर दो बुलडोजर जला दिए। दोनों पक्षों की ओर से करीब 100 राउंड फायर किए गए। पुलिस ने रोहित की तहरीर पर पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल समेत 12 नामजद और 150 अज्ञात के खिलाफ हत्या की कोशिश, बलवा समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने इज्जतनगर थाना प्रभारी समेत सात पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों से 11 लोगों को गिरफ्तार कर तीन कार कब्जे में ली है। इस मामले में पुलिस ने भी दोनों पक्षों के नौ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

दरोगा राजीव प्रकाश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि शनिवार सुबह करीब साढ़े छह बजे शंकरा महादेव मार्बल दुकान के पास विवाद की सूचना पर पहुंचे तो वहां पर दो बुलडोजर से संजय नगर निवासी राजीव राणा और रोहित ठाकुर 20-25 सहयोगियों के साथ मार्बल हटवा रहा था। मार्बल दुकान के मालिक गांव लालपुर निवासी आदित्य उपाध्याय ने अपने बेटे अभिराज और साथियों के साथ पहुंचकर विरोध किया। इस पर राजीव राणा ग्रुप के लोगों ने फायरिंग कर दी। इसके बाद आदित्य पक्ष की ओर से भी फायरिंग की गई। दोनों तरफ से करीब 100 राउंड फायरिंग की गई। आदित्य पक्ष के साथियों ने दोनों बुलडोजर में आग लगा दी। बीच सड़क पर फायरिंग से अफरातफरी मच गई और ट्रैफिक रुक गया। लोग अपने वाहन छोड़कर भागने लगे और दुकानें भी बंद हो गईं। फोर्स ने मौके पर पहुंचकर स्थिति नियंत्रण में की। वहीं पूर्व विधायक का कहना है कि घटना के समय वे शहर से बाहर थे। विरोधियों ने मेरे खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया है।

सड़क पर गोली चलाता युवक।

- पूर्व विधायक राजेश मिश्रा समेत 12 नामजद, 150 अज्ञात पर रिपोर्ट
- दोनों पक्षों ने की फायरिंग, एक पक्ष ने दो बुलडोजर जलाए
- एसएसपी ने इंस्पेक्टर समेत सात पुलिस कर्मियों को किया निलंबित

इन पुलिसकर्मियों को किया निलंबित

एसएसपी और अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और फिर थाने में भी मामले की जानकारी ली। एसएसपी की शुरुआती जांच में पुलिस कर्मियों की लापरवाही सामने आई। जिस पर एसएसपी ने थाना प्रभारी जयशंकर सिंह, दरोगा राजीव प्रकाश, मुख्य आरक्षी योगेश, सिपाही सन्नी कुमार, विनोद कुमार, राजकुमार और अजय तोमर को निलंबित कर दिया।

> प्लॉट कब्जा करने के लिए दो पक्षों में फायरिंग हुई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी समेत सात पुलिस कर्मियों को निलंबित किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है। -**घुले सुशील चंद्रभान**, एसएसपी

एक नजर

दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा में सीएनजी 1 रुपये महंगी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के शहरों में सीएनजी की कीमत में शनिवार को एक रुपये प्रति किग्रा की बढ़ोतरी की गई। दिल्ली में सीएनजी की कीमत 74 .09 रुपये से बढ़कर 75 .09 रुपये प्रति किग्रा हो गई है जबकि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में यह दर 78 .70 से बढ़कर 79 .70 रुपये प्रति किग्रा हो गई है।

बम की सूचना पर रोकी गई फ्लाइट, छानबीन

कोझिकोड। केरल के कालीकट अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से शारजाह के लिए रवाना होने वाले एयर अरबिया के एक विमान में शनिवार को बम होने की सूचना पर विमान रोक दिया गया। बम निरोधक दस्ते ने विमान का गहन निरीक्षण किया जिसमें धमकी फर्जी पाई गई।

उत्तराखंड में उपचुनाव से आकाश आनंद की वापसी

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे आकाश आनंद की पार्टी में फिर से वापसी हो गई है। बसपा ने आकाश आनंद को राज्य में दो सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव में स्टार कैंपेनर बनाया है। पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीधर की ओर से जारी की गई 13 स्टार प्रचारकों की सूची में बसपा सुप्रीमो मायावती के बाद आकाश आनंद का नाम है।

चमोली की बदरीनाथ और हरिद्वार की मंगलौर विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहा है। 10 जुलाई को मतदान होना है। लोकसभा चुनाव से पहले बदरीनाथ सीट से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी त्यागपत्र देकर भाजपा में शामिल हो गए थे। अब भाजपा ने उन्हें प्रत्याशी बनाया है। वहीं मंगलौर विस सीट से बसपा के सरबत करीम अंसारी विधायक थे। उनका निधन होने के बाद उक्त सीट पर भी उपचुनाव हो रहा है। बसपा ने मंगलौर सीट पर पूर्व विधायक सरबत करीम अंसारी के बेटे उदेबुर्रहमान को प्रत्याशी बनाया है।

- बसपा सुप्रीमो मायावती ने मंगलौर के लिए बनाया स्टार कैंपेनर

लॉरेंस बिश्नोई ने ही कराई थी सलमान के घर पर फायरिंग

मुंबई। अभिनेता सलमान खान के घर पर फायरिंग मामले की जांच कर रही मुंबई क्राइम ब्रांच ने पुष्टि की है कि यह हमला गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने ही करवाया था। लॉरेंस का भाई अनमोल बिश्नोई दोनों शूटर्स को फोन पर लगातार निर्देश दे रहा था। दोनों हमलावरों के मोबाइल से मिली रिकॉर्डिंग का वॉयस सैंपल अनमोल की आवाज से मैच हो गया है। क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार दोनों हमलावरों के मोबाइल की ऑडियो रिकॉर्डिंग को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा था। फॉरेंसिक जांच में मोबाइल में मिले ऑडियो और अनमोल के वॉयस सैंपल मेल खाते हैं। सलमान के घर पर 14 अप्रैल को गोलियां चली थीं।

कार्रवाई: आरक्षी पद पर पदावनत किए गए सीओ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : डीजीपी प्रशासन ने प्रोन्नत डिप्टी एसपी कृपाशंकर कन्नौजिया को मूल पद पीएसी आरक्षी पर वापस करने का आदेश जारी किया है। वर्तमान में कृपाशंकर उन्नाव के बीघापुर में तैनात हैं। उनकी पहली नियुक्ति 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर में आरक्षी पद पर हुई थी। डीजीपी मुख्यालय से यह आदेश शनिवार देर रात जारी हुआ। उन पर तीन साल पहले महिला सिपाही के साथ कानपुर के होटल में रंगरेलियां मनाने के मामले में जांच चल रही थी जिसमें वे दोषी पाए गए। मूलरुप से गोरखपुर के रहने वाले कन्नौजिया को भर्ती होने के बाद से वर्ष 2020 के बीच चार प्रोन्नति मिली। वर्ष 2020 के अंत में वह डिप्टी एसपी के पद पर प्रोन्नत किए गए।

वर्ष 2021 में कृपाशंकर महिला सिपाही के साथ कानपुर के एक होटल में मिले। उस वक्त मामला सुर्खियों में भी रहा। वर्दी पर दाग लगता देख उन्नाव के तत्कालीन एसपी ने शासन से शिकायत की थी। महिला सिपाही को निलंबित कर दिया गया था।

- शनिवार की देर रात डीजीपी कार्यालय से जारी हुआ आदेश
- तीन साल पहले होटल में महिला सिपाही के साथ पकड़े गए थे

मूल्य स्थिर रखने को सरकार ने 71,000 टन प्याज खरीदा

नई दिल्ली। सरकार ने इस वर्ष अब तक सुरक्षित भंडार के लिए लगभग 71,000 टन प्याज खरीदा है। यह मूल्य स्थिरीकरण के लिए पांच लाख टन खरीद के कुल लक्ष्य में शामिल है। सरकार को उम्मीद है कि मानसून की प्रगति के साथ खुदरा कीमतों में कमी आएगी। उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को देशभर में औसत प्याज खुदरा मूल्य 38.67 रुपये प्रति किलोग्राम था, जबकि मॉडल मूल्य 40 रुपये प्रति किलोग्राम था। उपभोक्ता मामलों के विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 20 जून तक केंद्र ने 70,987 टन प्याज खरीदा है।

रमित शर्मा बनाए गए एडीजी बरेली जोन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र. में शनिवार को कई आईपीएस अफसरों के तबादले हुए हैं। प्रयागराज के पुलिस आयुक्त रमित शर्मा को एडीजी बरेली जोन बनाया गया है। अमरेंद्र कुमार सेंगर लखनऊ के नए पुलिस आयुक्त होंगे।

लखनऊ के पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर को लखनऊ जोन का एडीजी बनाया गया है। लखनऊ के आईजी तरुण गाबा को पुलिस आयुक्त प्रयागराज बनाया गया है। राजेश द्विवेदी एसपी कुंभ प्रयागराज होंगे। प्रेमचंद मीना को एडीजी पुलिस आवास निगम का प्रभार दिया गया है। प्रशांत कुमार द्वितीय को आईजी रेंज लखनऊ, बिनोद कुमार सिंह एडीजी साइबर क्राइम और प्रकाश डी एडीजी रेलवे बनाए गए। जय नारायन सिंह को एडीजी पीटीसी सीतापुर, एलवी एंटनी देव को एडीजी सीबीसीआईडी और रघुवीर लाल को एडीजी सुरक्षा के साथ एडीजी एसएसएफ की भी जिम्मेदारी दी गई है। के सत्यनारायण को एडीजी यातायात और बीडी पॉल्सन को एडीजी प्रशिक्षण नियुक्त किया गया है। विद्यासागर मिश्र को एसपी रामपुर नियुक्त किया गया है। यमुना प्रसाद को डीसीपी नोएडा बनाया गया है।

रमित शर्मा

छह उत्पादन इकाइयां ठप, बिजली संकट बढ़ा, स्थिति संभालने को आपात कटौती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में उत्पादन बिजलीघरों की इकाइयों के ठप होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। शनिवार को टांडा, जवाहरपुर व ऊंचाहार बिजलीघरों की तीन इकाइयां ठप हो गईं। पहले से बंद चल रही तीन इकाइयों को मिलाकर कुल छह इकाइयों के बंद होने से 2165 मेगावाट उत्पादन प्रभावित हुआ। इससे बिजली संकट बढ़ गया। स्थिति को संभालने के लिए बुंदेलखंड सहित प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में करीब छह सौ मेगावाट की आपात कटौती की गई।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार टांडा की 110 मेगावाट, ऊंचाहार की पांच सौ मेगावाट व जवाहरपुर की 660 मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां ठप हो गईं। बिजली अभियंताओं ने जवाहरपुर इकाई के 23 जून को चालू होने व बाकी दो इकाइयों के 24 जून को चालू होने की उम्मीद जताई है। पहले से बंद बारा की 660 मेगावाट इकाई के भी 23 जून जबकि मेजा की 660 मेगावाट के 24 जून को चालू होने की संभावना है। सिंगरौली की 200 मेगावाट इकाई के शनिवार की देर रात तक चालू होने की उम्मीद जताई गई। सूत्रों ने बताया कि बीते दिन की तुलना में शनिवार को प्रदेश में बिजली की मांग बढ़ गई। अधिकतम मांग 28,609 मेगावाट दर्ज की गई। बीते दिन अधिकतम बिजली मांग 27,813 मेगावाट थी। शनिवार को एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात कर स्थिति काबू में करने के प्रयास जारी रहे, जबकि स्थानीय खराबियों के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाके बिजली संकट का सामना करते रहे।

- टांडा, जवाहरपुर व ऊंचाहार में बिजली उत्पादन ठप

उप्र में आपदा मित्र के रूप में तैनात होंगे होमगार्ड स्वयंसेवक

42 हजार होमगार्ड स्वयंसेवकों की भर्ती होगी, मुख्यमंत्री का निर्देश, विभाग तैयार करे नियमावली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में अब आपदा मित्र के रूप में होमगार्ड स्वयंसेवक तैनात होंगे। इसके लिए 42 हजार होमगार्ड स्वयंसेवकों की भर्ती होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होमगाड्र्स विभाग को शीघ्र नियमावली तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री शनिवार को सरकारी आवास पर विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि क़ानून-व्यवस्था का विषय हो, आपदा काल हो या आम लोगों के सहयोग का अवसर, हर जगह होमगार्ड स्वयंसेवकों ने हर समय अपनी कर्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया है। होमगार्ड स्वयंसेवकों की सेवाभावना सराहनीय है। विभिन्न राज्यों में भी प्रदेश के होमगार्ड स्वयंसेवकों ने उत्कृष्ट कार्य किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 76 हजार से अधिक पूर्णकालिक होमगार्ड स्वयंसेवक हैं।

लगभग 75 हजार ड्यूटी पर तैनात हैं। इनमें से प्रति वर्ष लगभग चार हजार होमगार्ड सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वर्ष 2033 तक 42 हजार से अधिक होमगार्ड सेवानिवृत्त हो जाएंगे। ऐसे में नई नियुक्ति की प्रक्रिया समय से पूरी कर लेनी चाहिए।

दो चरणों में 21-21 हजार होमगार्ड स्वयंसेवकों की तैनाती करने का लक्ष्य लेकर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में सेवारत होमगार्डों को आपदा मित्र का प्रशिक्षण भी कराया जाय। होमगार्ड स्वयंसेवकों की फिजिकल फिटनेस के लिए उनकी साप्ताहिक ड्रिल भी कराई जाय।

शनिवार को सरकारी आवास पर होमगार्ड विभाग में स्वयंसेवकों की भर्ती को लेकर बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य। ● अमृत विचार

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से बनाया जाए समन्वय

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माध्यम से तैनात आपदा मित्र के रूप में हमारे पास पहले से ही दक्ष 'मैनपॉवर' है। हमें इनका सदुपयोग करना चाहिए। आपदा मित्रों का प्रशिक्षण कराकर उन्हें होमगार्ड स्वयंसेवक के रूप में सेवा देने का अवसर दिया जाना चाहिए। इस संबंध में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से समन्वय स्थापित करते हुए विधिक परामर्श प्राप्त किया जाय और शीघ्र नियमावली तैयार कराई जाय।

आज का मौसम

तेज हवा के साथ बारिश का अनुमान

39.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

शहर में आज

- रंगालय एकेडमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर सोसायटी की ओर से 15 दिवसीय थियेटर फेस्ट खुशहाली चैरिटेबल सभागार में शाम 7 बजे।
- बरेली टी-20 चैंपियनशिप में मैच डोहरा रोड पर शाम 4 बजे।
- एसआरएमएस रिद्धिमा में नाटक का मंचन शाम 5 :30 बजे।
- 17वीं तालीमी कॉन्फ्रेंस आईएमए हॉल में सुबह 9 बजे।
- विकास भवन सभागार में वन राज्य मंत्री की मंडल के उद्यमियों के साथ बैठक शाम 4 बजे।

गृहकर में गड़बड़ियों की भरमार, नाराज लोगों ने किया प्रदर्शन

भवनस्वामी बोले कर भरते-भरते हो जाएंगे कर्जदार, सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर जीआईएस सर्वे को समाप्त करने की मांग, छूट भी बंद करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : जीआईएस सर्वे के बाद गृहकर में भारी वृद्धि और गड़बड़ियों पर लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि नगर निगम अधिक टैक्स लेकर आर्थिक शोषण कर रहा है। अधिक टैक्स भरते-भरते तो वह कर्जदार ही हो जाएंगे। नाराज व्यापारी संगठनों और लोगों ने शनिवार को सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में बढ़े हुए टैक्स का विरोध जताते हुए सिटी मजिस्ट्रेट राजीव शुक्ला को ज्ञापन दिया।

नगर निगम की नई कर प्रणाली के विरोध में पार्षद राजेश अग्रवाल और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंच ने धरना देकर विरोध जताया। सभी ने कहा कि किसी भी हाल में बढ़ा हुआ गृहकर स्वीकार नहीं किया जाएगा। पार्षद ने कहा कि उच्च न्यायालय ने जीआईएस सर्वे को गलत बताया है और बरेली के अलावा अन्य नगर निगम में भी जीआईएस सर्वे बंद हो रहा है। इसके आधार पर कर बढ़ाना गलत है। नगर निगम ने 15 से 40 फीसदी तक मिलने वाली छूट भी बंद कर दी है। इसे फिर से चालू किया जाए। वित्तीय वर्ष 2023-24 में जो गृहस्वामी कर जमा कर चुके हैं उनका एरियर समाप्त किया जाए। अब तक नियम विरुद्ध जो कार्रवाई हुई है उसको निरस्त किया जाए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो।

ट्रेड यूनियन के संजीव मल्होत्रा ने कहा कि जब तक नगर निगम की मनमानी बंद नहीं हो जाती तब तक हम आंदोलन करते रहेंगे। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंच के महानगर अध्यक्ष सैयद गौहर अली ने उनका संगठन पहले भी आंदोलन कर चुका है और आगे भी विरोध जारी रहेगा। संजय आनंद ने कहा कि जब तक नगर निगम सर्वे निरस्त नहीं करता तब तक विरोध जारी रहेगा। इस अवसर पर राजीव शांत, राज नारायण, मनजीत सिंह, नागेश अग्रवाल ने भी संबोधित किया। इस दौरान अनिल जायसवाल, दिनेश यादव, सुमन मेहरा, हरेंद्र, आंशू, पम्मी वारसी आदि मौजूद रहे।

गृहकर में गड़बड़ियों के विरोध में सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में धरना देते उप्र उद्योग व्यापार मंच के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते लोग। ● अमृत विचार

बारिश में ही निकल पड़े ज्ञापन देने

धरना दे रहे व्यापारियों और अन्य लोगों को बारिश भी नहीं डिगा पाई। धरने के दौरान ही बारिश होने लगी लेकिन इसके बावजूद भी वह बैठे रहे। जब बारिश तेज हुई तो वह पैदल ही नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंच गए और ज्ञापन सौंपा। कई गुना गृहकर बढ़ने से नाराज लोगों ने धरने के दौरान जीआईएस सर्वे पर सवाल खड़ करते हुए जमकर भड़ास निकाली।

मुरादाबाद में सर्वे स्थगित तो यहां क्यों नहीं

बरेली, अमृत विचार : भवनस्वामियों का कहना है कि जीआईएस सर्वे पूरे प्रदेश में हुआ है और इसका हर जगह विरोध हो रहा है। मुरादाबाद में नगर निगम की कार्यकारिणी की बैठक में जीआईएस सर्वे आधारित टैक्स स्थगित कर दिया गया है और स्वकर व्यवस्था लागू रहेगी। अगर मुरादाबाद में ऐसा हो सकता है तो यहां पर क्यों नहीं हो सकता है। कुछ पार्षदों ने भी पुरानी व्यवस्था को लागू कराने की मांग करनी शुरू कर दी है। उनका मानना है कि इससे लोगों को राहत मिलेगी। भवनस्वामी नागेश अग्रवाल का पहले चार हजार रुपये बिल आता था जो अब 50 हजार हो गया है। त्रिवेश उपाध्याय का 30 हजार की जगह 90 हजार बिल आ रहा है। इसके अलावा राजेश भाटिया की दो आईडी बना दी गई है। लोगों का कहना है कि गलत बिल भेजा रहा है। कई ऐसे लोग हैं, जो बिल लाखों में भरते थे और उनका कम कर दिया गया है। पहले छोटे दुकानदारों को छूट थी लेकिन अब उनको भी दायरे में ला दिया गया है। नियमों की अनदेखी जमकर हुई है।

सपा पार्षदों की जीआईएस सर्वे निरस्त करने की मांग

बरेली, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के पार्षदों ने शनिवार को नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स को ज्ञापन देकर जीआईएस सर्वे निरस्त कर पुरानी टैक्स व्यवस्था लागू करने की मांग की। इससे पहले मीटिंग हाल में प्रेसवार्ता में सपा पार्षद दल के नेता गौरव सक्सेना ने बताया कि गृह कर से छोटे या बड़े सभी वर्ग के लोग परेशान हैं। नियमों की अनदेखी कर नई कर प्रणाली लागू की गई है। अगर लोकसभा चुनाव के पहले कर लगा दिया गया होता तो लोग सबक सिखा देते। इसके कारण सर्वे होने के छह माह दबाए रखा गया था। उन्होंने कहा कि जीआईएस सर्वे के बहाने जनता पर मनमाना टैक्स थोपने के लिए भाजपा जिम्मेदार है। नगर निगम के पदेन सदस्य भाजपा सांसद, विधायकों की जनता पर टैक्स बढ़ोतरी के मुद्दे पर चुप्पी भाजपा की मिलीभगत का सीधा प्रमाण है।

नगर आयुक्त को दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि नगर निगम ने मनमाने तरीके से प्राइवेट कंपनी के सर्वे के आधार पर बढ़ा हुआ टैक्स थोपने का काम किया गया है। जीआईएस सर्वे का कार्य प्राइवेट कम्पनी ने पिछले वित्तीय वर्ष में ही लगभग आठ महीने पहले पूरा कर लिया था।

इस कारण ही सर्वे में टैक्स बढ़ने पर पिछले वित्तीय वर्ष का टैक्स पर बकाया दर्शाकर उसपर भी ब्याज वसूला जा रहा है। सॉफ्टवेयर अपडेट के बहाने टैक्स के नोटिस या बिल लोकसभा चुनाव से पहले जनता में नही बांटे गए और जैसे ही चुनाव संपन्न हो गया तो कर बढ़ा दिया गया है। अगर चुनाव के पहले यह होता तो लोग विरोध में बटन दबाकर जमानत भी जब्त करा देते। उन्होंने कहा सपा पार्षदों ने बोर्ड की बैठकों और अलग-अलग समयपर नगर आयुक्त से मिलकर पूर्व में जीआईएस सर्वे करने वाली प्राइवेट कम्पनी के कर्मचारियों की ओर से रिश्वत लेकर गलत सर्वे कर टैक्स घटाने और रिश्वत न देने वाले भवन स्वामियों के टैक्स बढ़ाने की शिकायत की गई थी।

ज्ञापन देने वालों में सपा पार्षद अब्दुल कय्यूम मुन्ना, शमीम अहमद, गुल बशर, उमान खान, निर्दलीय पार्षद मो. नासिर, कांग्रेस पार्षद महसर खान आदि रहे।

नगर निगम में प्रेसवार्ता कर जानकारी देते सपा पार्षद। ● अमृत विचार

भाजपा के पार्षदों ने भी टैक्स का जताया विरोध

बरेली, अमृत विचार : गृहकर में व्याप्त अनियमिताओं पर भाजपा पार्षद दल की उपनेता शालनी जौहरी के नेतृत्व में पार्षदों का शिष्टमंडल नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स से मिला। पूर्व उप सभापति अतुल कपूर ने नगर आयुक्त को बताया कि टैक्स से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जीआईएस सर्वे से वित्तीय वर्ष 23-24 से जो टैक्स लागू किया गया है उसे इसी वित्तीय वर्ष 2024 25 से लागू किया जाए। पुराने भवनों पर छूट दी जाए। पार्षद मुकेश सिंघल ने वार्ड स्तर पर कैंप लगाकर बिलों की गड़बड़ियां ठीक करने की बात कही। इस दौरान संजीव रस्तोगी, रंजीत वाल्मीकि, संतोष कश्यप, संजय राय, हर्ष कुमारी, रामपाल गंगवार, हरिओम कश्यप, चंद्रपालराठौर, शशि सक्सेना आदि पार्षद उपस्थित थे।

भाजपा पार्षद दल की उपनेता शालनी जौहरी के नेतृत्व में पार्षद नगर आयुक्त से मिले।

अभियान के बाद फिर हो जा रहा अतिक्रमण

बरेली, अमृत विचार : नगर निगम शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चला रहा है लेकिन इसका ज्यादा असर नहीं हो रहा है। टीम के जाते ही फिर से अतिक्रमण हो जा रहा है। नगर निगम की टीम ने शनिवार को जिला अस्पताल रोड से अतिक्रमण हटाया लेकिन कुछ देर बाद फिर वही हाल हो गया। कुछ दिनों पहले पीलीभीत बाईपास से अतिक्रमण हटाया था लेकिन फिर से दुकानें सज गई हैं। अतिक्रमण की वजह से जाम भी लग रहा है।

स्मार्ट सिटी : नालों में डूबे सफाई के दावे हल्की बारिश में कई इलाकों में जलभराव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : हल्की बारिश ने ही शहर में नाला सफाई की पोल खोल दी। कई मोहल्लों में जलभराव हो गया। इससे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं, नगर निगम नाला सफाई पर करोड़ों रुपये खर्च करने का दावा कर रहा है। इसके बाद भी स्मार्ट सिटी में जलभराव की समस्या पैदा हो रही है।

शनिवार को हुई बारिश से सुभाष नगर पुलिया के नीचे पानी भर गया। यहां मुख्य मार्ग पहले से ही बदहाल है। देर शाम तक लोगों को परेशानी से जूझना पड़ा। जलनिकासी की व्यवस्था न होने से गणेशनगर की मुख्य सड़क पर घुटनों तक पानी भर गया। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि बरसात में यहां के हालात बद से बदतर हो जाते हैं।

नेकपुर गोटिया और वार्ड 55 के नर्सरी रोड को जाने वाली सड़क जर्जर है। बारिश के कारण जगह- जगह गड्ढे में पानी भर जाने के कारण मोहल्लेवासियों को आने जाने में दिक्कत हुई। मोहल्ला मलूकपुर, सूफी टोला, जगतपुर में घरों के आगे पानी भर गया। ये हालात तब हैं जब मानसूनी बरसात अभी शुरू नहीं हुई है।

आचार संहिता लागू होने से पहले नाला सफाई, सड़क, नाला निर्माण के टेंडर न होने का असर दिखने लगा है। गत वर्ष के 15 वें वित्त के कार्य अधूरे पड़े हैं। नगर निगम के निर्माण विभाग की सुस्त चाल के कारण जर्जर सड़कें लोगों को दर्द दे रही हैं।

गणेशनगर के मुख्य मार्ग पर जलभराव से होकर निकलते लोग। ● अमृत विचार

- सड़कों पर पानी भरने से लोगों को आवाजाही में हुई परेशानी
- निर्माण विभाग की सुस्ती की वजह से टूटी सड़कें नहीं हुईं ठीक

बारिश के बाद सुभाषनगर पुलिया के नीचे काफी देर तक जलभराव रहा।

नेकपुर गौटिया में घरों के आगे भरा पानी। ● अमृत विचार

बरसात में मोहल्ले के लोगों को जलभराव की समस्या से जूझना पड़ता है। शिकायत के बाद भी कोई सुनने वाला नहीं है। नाला जाम होने के वजह से कई दिन तक पानी भरा रहता है। **-निखिल कुमार**, गणेश नगर

समय से काम न होने के कारण लोगों को दिक्कतें आ रही हैं। अगर समय से नाला साफ हो जाता तो जलभराव मोहल्ले में नहीं होता। इस ओर नगर निगम को ध्यान देना चाहिए। **-मनोज कुमार**, गणेश नगर

हल्की बारिश में ही मोहल्ले में जलभराव हो गया है। नाला साफ न होने के कारण समस्या बढ़ गई है। इससे सड़क को भी नुकसान पहुंचा रहा है। **-जंडेल**, गणेश नगर

देहात में मलेरिया का कहर, बढ़ी मरीजों की तादाद

बरेली, अमृत विचार : देहात क्षेत्र में मलेरिया का कहर जारी है। पांच महीने में 296 मरीज सामने आ चुके हैं। बारिश के बाद नए मरीजों की संख्या बढ़ सकती है। जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने टीमों को सक्रिय कर दिया है।

कुछ समय पहले खोजी अभियान के दौरान ग्रामीण क्षेत्र में कुछ खेतों में मच्छरों के लार्वा मिले थे। बारिश के बाद घरों में लार्वा मिलने की आशंका बढ़ गई है। जनवरी से अब तक शहर में दो केस सामने आए हैं, जबकि देहात में मरीजों को आंकड़ा तीन सौ के पास पहुंच गया है। पांच महीने में संवेदनशील ब्लॉक शेरगढ़ में 82, मीरगंज में 52, बिथरी में 50, फतेहगंज पश्चिमी में 49 और आलमपुर जाफराबाद में 15 मलेरिया के मामले सामने आ चुके हैं।

दिन में बारिश से गर्मी से मिली राहत, कल से आएगा मानसून

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : जिले में बारिश से लोगों को गर्मी से काफी हद तक राहत मिली है। शनिवार दोपहर में बारिश और बादल छाए रहने से अधिकतम तापमान तीन डिग्री लुढ़क गया। हालांकि रात में तापमान बढ़ने से लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हुए। मौसम विभाग ने अब 24 जून से मानसून आने का अनुमान जताया है।

शनिवार को अधिकतम तापमान 36.3 और न्यूनतम 29.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने रविवार को बादल छाने के साथ ही हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान जताया है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार इस बार सामान्य से 10 प्रतिशत अधिक वर्षा होने के आसार हैं लेकिन अभी सामान्य से काफी कम बारिश हुई है। पिछले 24 घंटे में 2.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आगामी सप्ताह हल्की से मध्यम बारिश के आसार रहेंगे। इस दौरान अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा सकता है। वहीं 27 जून से बारिश के बीच धूप निकल सकती है।

दुपट्टे से बच्चे को बारिश से बचाती महिला और छाता से बचाव करतीं युवतियां।

- अधिकतम 36.3 और न्यूनतम तापमान 29.6 डिग्री सेल्सियस



डेढ़ घंटे बाद पहुंची पुलिस के सामने भी चलाते रहे गोलियां, फैली दहशत

जान बचाकर भागे लोग, सड़क पर लगा जाम, बिल्डर के गुर्गे पर चढ़ाई कार, टूटा पैर, मार्बल दुकान के मालिक को तेल डालकर जलाने की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट पर कब्जे के लिए सुबह-सुबह ताबड़तोड़ करीब सौ राउंड गोलियां चलने से पूरे इलाके में दहशत में फैल गई। रास्ते में गुजर रहे लोग दहशत में आ गए और जान बचाकर भागे। इसकी वजह से जाम भी लग गया। करीब डेढ़ घंटे बाद इज्जतनगर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन पुलिस के सामने ही दोनों पक्षों की ओर से लोग गोलियां चलाते रहे।

इस दौरान आदित्य उपाध्याय उर्फ चुन्नू पंडित ने राजीव राणा ग्रुप के हिस्ट्रीशीटर रोहित ठाकुर पर कार चढ़ा दी, जिससे उसका पैर टूट गया। मामले में दरोगा राजीव प्रकाश ने नौ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है तो वहीं, दूसरी तरफ चुन्नू के यहां काम करने वाले रोहित शर्मा ने भाजपा के पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल समेत 12 नामजद और 150 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सूत्रों की मानें तो शुक्रवार की देर रात देहात क्षेत्र से सभी दबंगों को बुलाया गया था। जिसमें आसपास के हिस्ट्रीशीटरों और दबंगों की टीम बनाकर देर रात तक शराब पार्टी हुई। वहां से सभी एक साथ सुबह साढ़े पांच बजे प्लॉट पर कब्जा करने के लिए पहुंचे। जानकारी होते ही आदित्य उपाध्याय और अविरल दोनाली बंदूक लेकर मौके पर पहुंचे। करीब छह बजे हमलावरों ने बुलडोजर से तोड़फोड़ शुरू कर दी। सूचना पर पुलिस की एक गाड़ी मौके पर पहुंच गई लेकिन किसी पुलिसकर्मी ने हिम्मत नहीं दिखाई और गोलियां चलने लगीं। बुलडोजर में आग लगा दी गई। आरोपियों के जाने के बाद पहुंची फायरब्रिगेड की टीम ने आग बुझाई।

मामले में दोनों पक्षों से 11 आरोपी गिरफ्तार : पुलिस ने एक पक्ष से आदित्य उपाध्याय उर्फ चुन्नू, अभिराज और दूसरे पक्ष से शिवओम कुमार, रविन्द्र, सनोज, पंकज गुप्ता, ओमकार राठौर को गिरफ्तार हैं, जबकि पुलिस अभिरक्षा में रोहित कुमार, संजय उर्फ संजू और रोहित कुमार पुत्र ओमकार का इलाज चल रहा है।

राजीव राणा की हिस्ट्री खंगालने में लगी पुलिस : हमला करने वाला राजीव राणा पीलीभीत बाईपास पर ही रहता है। उसका प्रापर्टी का काम है। इससे पहले भी उसके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हुए हैं। वह भाजपा के पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल का बेहद करीबी है। पुलिस उसका हिस्ट्री खंगाल रही है।

ठेकेदार की तहरीर वायरल : दूसरे पक्ष के राजीव राणा के ठेकेदार रोहित ठाकुर का एक शिकायती पत्र वायरल हो रहा है। जिसमें उसने सात लोगों पर आरोप लगाया है कि वह राजीव राणा के एक प्लॉट की चारदीवारी कराने गया था कि प्लॉट पर काम शुरू होते ही विपक्षी कार से पहुंचे और तमंचे और दो नाली बंदूक से फायरिंग करने लगे। कार शिवम और रोहित पर चढ़ा दी। दोनों घायल हो गए। हालांकि पुलिस थाने में तहरीर पहुंचने से साफ इन्कार किया है।

जलता बुलडोजर और मौके पर मौजूद भीड़।

फायरिंग के वायरल फुटेज।

डिवाइडर की आड़ लेकर लगातार फायरिंग कर रहा था रोहित ठाकुर

सड़क पर ताबड़तोड़ फायरिंग करने वालों पर कई मुकदमे दर्ज हैं। इनमें से कई गंभीर मामलों में जेल जा चुके हैं। रोहित पर भी कई मुकदमे दर्ज हैं। वह डिवाइडर की आड़ लेकर गोली चलाता रहा। इसके अलावा गोली चलाने वालों में रोहित राणा का छोटा भाई संजय राणा उसका साथी रोहित ठाकुर और अमित ठाकुर हैं। संजय राणा बारादरी में चिंटू मर्डर केस में जेल जा चुका है। इसके अलावा रोहित 12 साल पहले किशोर अवस्था में जेल जा चुका है।

पूर्व विधायक समेत 162 के खिलाफ हत्या की कोशिश समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज

शीशगढ़ के गांव बैरमनगर के रहने वाले रोहित शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह शंकरा महादेवा मार्बल मालिक अभिराज और शुभम के पास नौकरी करता है। शनिवार सुबह 6 .30 पर दुकान में बैठा था कि अचानक पिस्टल, तमंचा और लाठी डंडे लेकर राजीव राणा, हरिओम, गौरी शंकर, संजय, राधे, आशीष, राजन, रोहित ठाकुर, केपी यादव, शिवम माथुर, पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल अपने साथ 150 अज्ञात साथियों के साथ आ धमके और फायरिंग शुरू कर दी। विरोध पर वहां रखे गए दो लाख रुपये भी लूट लिए। बीच-बचीव करने आए अभिराज उपाध्याय और आदित्य उपाध्याय पर फायरिंग की। आदित्य उपाध्याय ने सभी को भगाने का प्रयास किया तो अभिराज पर तेल डालकर जिंदा जलाकर जान से मारने की कोशिश। इसके अलावा बुलडोजर से दुकान और प्लॉट में तोड़फोड़ की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। वहीं दरोगा राजीव प्रकाश ने दोनों पक्षों के राजीव राणा, रोहित ठाकुर, रोहित, संजय, राजीव राणा और उनके 22 से 25 साथी समेत आदित्य उपाध्याय, अभिराज समेत इनके कुछ अन्य साथियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

इज्जतनगर के नए थाना प्रभारी बनाए गए राधेश्याम

एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने इंस्पेक्टर समेत सात पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। इसके बाद देर शाम सीबीगंज थाना प्रभारी राधेश्याम को इज्जतनगर प्रभारी बनाया गया। जबकि सुभाषनगर थाने में तैनात क्राइम इंस्पेक्टर राजबली सिंह को सीबीगंज थाने का प्रभार दिया गया है।

मैं शुक्रवार से ही वृंदावन में हूं। मेरा दोनों पक्षों से कोई लेना देना नहीं है। विरोधियों ने मेरे खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया है। शाम को जानकारी मिली तो पुलिस अधिकारियों से बात की कि ऐसा कैसे हो गया। सीसीटीवी कैमरे लगे होंगे, जांच की जाए। - **राजेश कुमार मिश्र उर्फ पप्पू भरतौल**, पूर्व विधायक बिथरी चैनपुर

आरोपियों के खिलाफ होगी गैंगस्टर की कार्रवाई : एसएसपी

एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान का कहना है कि फायरिंग कर शहर का माहौल खराब करने वाले दोनों पक्षों के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एक पक्ष की तहरीर पर और दरोगा की तरफ से दो अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज कर ली गई हैं। सभी आरोपियों को जेल भेजा जाएगा और गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी।

फायरिंग करते हुए युवकों के वायरल फुटेज।

इज्जतनगर थाना पुलिस की हिरासत में आरोपी। ● अमृत विचार

पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक के उपकरण हुए ठीक लंबित आवेदन निपटाए

बरेली, अमृत विचार : परसाखेड़ा ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक में तेज वोल्टेज से फुंके उपकरण ठीक कर लिए गए हैं। अब लंबित आवेदकों के टेस्ट पूरे कराए जा रहे हैं।

ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक पर 14 जून को तेज वोल्टेज आने से सीपीयू के साथ ट्रैक पर लगे सेंसर फुंक गए थे। इसकी वजह से ड्राइविंग टेस्ट नहीं हो सके थे। पांच दिनों में करीब 500 आवेदन लंबित हो गए थे। अब उपकरण ठीक कराकर टेस्ट शुरू कर दिए गए हैं। आरआई एमपी सिंह ने बताया कि उपकरण ठीक करा दिए गए हैं। जो आवेदन लंबित हो गए थे, उनके टेस्ट कराए जा रहे हैं।

50 लाख की रंगदारी मांगने वाला स्मैक तस्कर का दामाद गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **आरोपी मोहनपुर के प्रधान ने बिल्डर के निर्माण स्थल पर किया था हमला**

अमृत विचार : कैंट क्षेत्र में बिल्डर के निर्माण स्थल पर हमला कर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाले फतेहगंज पश्चिमी के स्मैक तस्कर उस्मान के दामाद गांव मोहनपुर के प्रधान जाकिर को कैंट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कैंट के चौधरी मोहल्ला के रहने वाले अंकित त्रिपाठी ने बताया कि मोहनपुर में आरटीओ ऑफिस के समीप उनकी जमीन है। वहां पर उन्होंने चौकीदार को रहने के लिए दो कमरे बना दिए हैं। चौकीदार परिवार समेत वहां रह रहे हैं। आरोप है कि जब भी वह इस जमीन पर निर्माण कार्य शुरू करते हैं तो ड्रग माफिया उस्मान का दामाद प्रधान जाकिर निवासी मोहनपुर दबंगों को ले जाकर हस्तक्षेप शुरू कर देता है।

जाकिर।

> आरोपी को घर से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। - **पंकज श्रीवास्तव**, सीओ प्रथम

अंकित का आरोप है कि आरोपी जाकिर ने 50 लाख रुपये रंगदारी मांगी थी। मजबूर होकर उसने 28 मार्च को दो लाख रुपये दिए और फिर आरोपी जाकिर ने धमकाते हुए 48 लाख रुपये की मांग की। सात जून को अंकित अपनी जमीन पर निर्माण कार्य करा रहे थे। उसी दौरान जाकिर भाई वाजिद, आसिफ समेत करीब 50 लोगों के साथ वहां आया। आरोपी हथियार और तलवारों से लैस थे। इस दौरान राजमिस्त्री और मजदूरों से मारपीट की गई। उन्हें धमकाया और निर्माण रुकवा दिया। रंगदारी मांगते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।

गैरहाजिर चल रहे पांच रोडवेज चालकों की संविदा समाप्त

बरेली, अमृत विचार: बरेली रीजन में लंबे समय से गैर हाजिर चल रहे पांच चालकों की संविदा समाप्त कर दी गई है। कई बार नोटिस देने के बाद भी चालक काम पर नहीं लौट रहे थे। एआरएम ने अंतिम नोटिस देकर कार्रवाई की।

बरेली और रुहेलखंड डिपो में चालक और परिचालकों की कमी है। इसके अलावा 50 से अधिक चालक और परिचालक गैरहाजिर चल रहे हैं। गैरहाजिर चालक लगातार नोटिस देने के बाद भी काम पर नहीं लौट रहे थे। अब बरेली डिपो के दो और रुहेलखंड डिपो के तीन चालकों की सेवा समाप्त कर दी गई है। एआरएम बरेली डिपो संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि लंबे समय से गैरहाजिर चल अन्य चालकों को भी नोटिस भेजे गए हैं।

सेटेलाइट चौराहे पर लगा जाम

रोडवेज बसों के बीच सड़क पर खड़े होने के कारण सेटेलाइट चौराहे पर भीषण जाम लगा। ● अमृत विचार

रमित शर्मा ने बरेली के तस्करों की तोड़ी थी कमर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **एडीजी पीसी मीणा को एडीजी सीएमडी पुलिस आवास निगम बनाया गया**

अमृत विचार : बरेली जोन एडीजी पीसी मीणा का तबादला कर प्रयागराज के कमिश्नर रमित शर्मा को एडीजी बनाया गया है। रमित शर्मा बरेली में आईजी रेंज रह चुके हैं। प्रयागराज में पिछले दो साल में उनके कार्यकाल में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई थी। बरेली पिछले काफी समय से विवादों में चल रहा था, जिसे देखते हुए शासन ने रमित शर्मा को जिम्मेदारी दी है।

बरेली जोन में पुलिस पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लग चुके हैं। बरेली में ही कुछ पुलिसकर्मियों को एंटी करप्शन ने रिश्वत लेते भी पकड़ा। भ्रष्टाचार में सिपाही, दरोगा, इंस्पेक्टर से लेकर सीओ तक शामिल हैं। इसको देखते हुए शासन ने तेज तर्रार आईपीएस रमित शर्मा को बरेली जोन की कमान दी है ताकि पुलिस की छवि को बेहतर बनाया जा सके और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। सूत्र बताते हैं कि लोकसभा चुनाव में भी बरेली जोन का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा।

इसकी वजह से भी एडीजी जोन बरेली पीसी मीणा को हटा कर उन्हें एडीजी सीएमडी पुलिस आवास निगम बनाया है। 1991 बैच के आईपीएस पीसी मीणा 28 दिसंबर 2022 को बरेली जोन के एडीजी बनाए गए थे। वह लगातार बरेली व मुरादाबाद मंडल के जिलों में सक्रिय रहे।

आईजी रहते समय कई अभियान भी चलाए थे

आईजी रेंज बरेली रहने के दौरान रमित शर्मा ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान छेड़ा था। बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत और बदायूं में तस्कर सलाखों के पीछे पहुंचे। एनडीपीएस के तहत तस्करों की संपत्ति जब्त हुई और ध्वस्तीकरण भी किया गया। नशामुक्ति के लिए जिंदगी को हां और नशे को न अभियान भी चलाया। उन्होंने शराब के अवैध धंधे में लिप्त अपराधियों के खिलाफ ऑपरेशन काला गुलाब चलाया और गो-तस्करों के खिलाफ भी कार्रवाई हुई। भ्रष्टाचार में लिप्त पुलिसकर्मियों पर भी सख्त कार्रवाई की गई।

ट्राली से टकराने के बाद पेड़ में घुसी निजी बस, 42 लोग घायल

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

अमृत विचार : बिथरी चैनपुर क्षेत्र में कमुआ मोड़ के पास शनिवार सुबह ड्राइवर को झपकी आने से निजी बस लकड़ियों से भरी ट्रैक्टर ट्राली में टकराने के बाद पेड़ से टकरा गई। हादसे में बस में सवार 42 यात्री घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है। बस शामली से लखीमपुर खीरी लौट रही थी।

लखीमपुर खीरी और पीलीभीत के लोग निजी बस से शामली में सत्संग सुनने गए थे। शनिवार सुबह पांच बजे बस बीसलपुर रोड स्थित कमुआ मोड़ के पास पहुंची कि तभी चालक को झपकी आ गई और बस लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराकर पेड़ में घुस गई। हादसे में 60 यात्रियों में से 42 यात्री घायल हो गए, जिनमें धनीराम और शिव शंकर की हालत गंभीर बताई जा रही है।

हादसे में यह लोग हुए घायल : हादसे में लखीमपुर निवासी मिनकु, राजनाथ, मिलाप, पूजा, विक्रम, जमुना प्रसाद, दिनेश, शंकर लाल, कांति, मुस्कान, धर्मराज, राम चंद्र, शकुंतला, राम बेटी, धनीराम, शिव शंकर, ठुभा, चमेली, मोहनलाल, रामधनी दास, राधा, जशोदा, चित्रा, अंशुल, संध्या, राम श्री, ओमप्रकाश, मंजू, जसवीर, निराशा देवी, पूजा देवी, वैधनाथ, अनारो देवी, रिंकी, वंदना, मिथुन सिंह, प्रवीन कुमार, आनंद, रेखा देवी, सुशीला और रुकसाद अली और पीलीभीत निवासी दुखी प्रसाद और शकुंतला देवी हैं।

कमुआ मोड़ के पास हादसे के बाद पेड़ से टकराई बस। ● अमृत विचार

● **शामली से सत्संग सुनकर लौटते समय सुबह पांच बजे हुआ हादसा**

> सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो लोगों की हालत गंभीर है। घायलों के परिजन सीयूजी नंबर 9454458072 पर संपर्क कर सकते हैं। - **नितिन कुमार**, सीओ हाईवे

जंक्शन पर पार्किंग के बहाने अवैध वसूली

बरेली, अमृत विचार : बरेली जंक्शन पर शनिवार को एक यात्री से पार्किंग के बहाने अवैध वसूली की गई। यात्री ने स्टेशन अधीक्षक और एक्स पर पोस्ट कर अधिकारियों से शिकायत की। इसके बाद यात्री के पैसे वापस कराए गए। इससे पहले भी यात्रियों से पार्किंग के बहाने अवैध वसूली के मामले सामने आ चुके हैं।

अंकित गोयल ने एक्स पर शिकायत करते हुए बताया कि स्टेशन पर कैब से कोई यात्री नो पार्किंग जोन में भी उतरता है तो वहां उससे 30 रुपये वसूल लिए जाते हैं। वह स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह से जाकर मिले तब जाकर पार्किंग संचालक ने पैसे वापस किए। उन्होंने काटी गई पार्किंग की पर्ची भी सोशल मीडिया पर शेयर की। इस मामले में स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि वाणिज्य निरीक्षक की ओर से मामले की जांच की जा रही है। यात्री के पैसे वापस करा दिए गए हैं।

पर्ची में तीस रुपये लिखकर दिया गया है, जबकि पार्किंग का शुल्क दूसरी तरफ प्रिंट हुआ है। जिसमें किसी भी मद में तीस रुपये का शुल्क नहीं। पार्किंग एरिया रेल प्रशासन की तरफ से निर्धारित किया गया है, लेकिन पार्किंग ठेकेदार के लोग स्टेशन पर आने जाने वाले हर वाहन से वसूली करते हैं।

कम आय होने पर चालकों को काम से रोका

बरेली, अमृत विचार : कम आय होने पर रोडवेज के चालकों को शनिवार को काम से रोक दिया गया। इसके बाद चालकों ने पुराना बस अड्डे पर हंगामा किया। वे बरेली डिपो के वर्कशॉप पर पहुंचे और इसको लेकर विरोध जताया। एआरएम संजीव श्रीवास्तव ने चालकों से कहा कि परिवहन निगम मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के आधार पर 60 प्रतिशत से कम लोड फैक्टर होने के कारण उन्हें काम से रोका गया है। उसके बाद सभी चालकों को लोड फैक्टर में सुधार करने के निर्देश देकर बस का संचालन करने की अनुमति दी गई। चालकों के हंगामे की वजह से बदायूं और दिल्ली रोड का संचालन दो घंटे तक प्रभावित रहा।

ग्राम प्रधान के प्रशासनिक अधिकार सीज

बरेली, अमृत विचार : कम ऊंचाई का मिट्टी भरान करके पूरे पैसे निकालने वाले गोपाडांडी के ग्राम प्रधान मोहम्मद आरिफ के प्रशासनिक अधिकार डीएम रविंद्र कुमार के निर्देश पर सीज कर दिए गए हैं। इस मामले में ग्राम पंचायत सचिव रोहिताश कश्यप को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। पूर्व ग्राम पंचायत सचिव अयोध्या प्रसाद भी जांच में दोषी पाए गए हैं।

आईराड एप में अब चार और बिंदुओं पर रिकॉर्ड होंगी सूचनाएं

अनुपम सिंह, बरेली

● **सड़क निर्माण एजेंसी, मोटर एक्सीडेंट ट्रिब्यूनल और बीमा को भी किया जाएगा शामिल**

अमृत विचार : इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस यानी आईराड एप का दायरा और बढ़ा दिया गया है। अब एप में चार और बिंदुओं पर सूचनाएं रिकॉर्ड करने के लिए स्टेक होल्डर (हित धारकों) को शामिल किया गया है।

केंद्र सरकार की ओर से 2021 में आईआईटी मद्रास की मदद से इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस मोबाइल एप लांच किया गया था। अब इसे इडार (ई-डिटेल एक्सीडेंट रिपोर्ट) में परिवर्तित करने की प्रक्रिया चल रही है। पहले इस एप में पुलिस, स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग और परिवहन विभाग को ही शामिल किया गया था। एप में इन विभागों के स्तर से सूचनाएं भरनी थी, लेकिन अब एप को अपडेट करते हुए चार और बिंदुओं को बढ़ाते हुए स्टेक होल्डरों को शामिल कर दिया है, जिसमें रोड ओनिंग एजेंसी (लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई), मैक्ट (मोटर एक्सीडेंट्स क्लेम ट्रिब्यूनल), लीगल सर्विस अथॉरिटी (कोर्ट से संबंधित मामले) और इंश्योरेंस (बीमा के मामलों) के बिंदु लिए गए हैं। जानकारों के अनुसार इस पर आईआईटी मद्रास की टीम काम कर रही है। आने वाले कुछ समय में इन बिंदुओं पर भी सूचनाएं एप पर अपलोड होने लगेंगी, इससे इनसे संबंधित मामलों को भी ऑनलाइन देखा जा सकेगा। एप में शामिल हुए स्टेक होल्डरों को पूरी तरह से अपडेट करने के बाद आईआईटी टीम जानकारी देगी।

ऑनलाइन होंगी और भी जानकारियां

सूचनाओं के विश्लेषण और एप को अपडेट रखने की जिम्मेदारी संभाल रहे प्रोजेक्ट मैनेजर हिमांशु शर्मा ने बताया कि आईराड एप में चार और स्टेक होल्डरों के शामिल होने से सड़क हादसों में शिकार लोगों के बारे में और ज्यादा जानकारियां ऑनलाइन हो सकेंगी। कोर्ट और बीमा से संबंधित जानकारियां भी एप पर अपलोड हो जाएंगी।

स्वास्थ्य विभाग व पीडब्ल्यूडी नहीं दिख रहे संजीदा

आईराड एप पर पुलिस और परिवहन विभाग तो सूचनाएं दर्ज कर रहे हैं लेकिन स्वास्थ्य विभाग और पीडब्ल्यूडी के स्तर से कोई सूचना एप पर नहीं दर्ज की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग को सड़क हादसों के बाद अस्पताल पहुंचने वाले लोगों के बारे में सूचनाएं और पीडब्ल्यूडी को घटनास्थल की जानकारी भरनी थी। हादसे वाले स्थल पर जिस तरह की जानकारी पुलिस भर रही है, उसी तरह से लोक निर्माण विभाग को भी मौके पर पहुंचकर जानकारी भरनी है कि हादसा सड़क की खराबी की वजह से हुआ है या नहीं। इसके लिए फोटो भी अपलोड करना है, लेकिन अभी ऐसा नहीं किया जा रहा है, जबकि दोनों विभागों के लोगों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। डिप्टी सीएमओ डॉ. पवन कपाही ने बताया कि एनआईसी के लोग प्रशिक्षण देने आए थे। सीएचसी, पीएचसी के एमओआईसी को बताया गया था। सूचनाएं क्यों नहीं भरी जा रहीं हैं, इसके बारे में पता करेंगे।

दुगनपुर ब्लॉक : तीसरे दिन 15 से ज्यादा ट्रेनें प्रभावित

राजधानी, वंदे भारत समेत कई ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं, गरीबरथ एक्सप्रेस कैंट के रास्ते चली, दो ट्रेनों का किया रिवर्सल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : मुरादाबाद-बरेली रेल खंड पर चल रहे नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से तीसरे दिन शनिवार को अप और डाउन लाइन की 15 से ज्यादा ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। दो ट्रेनों का जंक्शन पर रिवर्सल करना पड़ा। राजधानी, वंदेभारत समेत कई एक्सप्रेस घंटों की देरी से पहुंचीं। ट्रेनों के इंतजार में यात्री परेशान होते रहे। कुछ यात्रियों ने एक्स पर भी शिकायत की।

मुरादाबाद बरेली रेलखंड पर दुगनपुर स्टेशन यार्ड में नॉन इंटलॉकिंग कार्यों के चलते रेल प्रशासन ने सूचना दी थी कि 15211 जननायक एक्सप्रेस और 14603 जनसाधारण एक्सप्रेस 75-75 मिनट मार्ग में नियंत्रित कर चलाई जाएगी, लेकिन शनिवार को यह दोनों ट्रेनें रेल प्रशासन ने वाया चंदौसी-मुरादाबाद डायवर्ट कर दीं। दोनों ट्रेनें पहले बरेली जंक्शन आईं। यहां इनका रिवर्सल कराकर बरेली कैंट-चंदौसी-मुरादाबाद के रास्ते चलाया गया। वहीं 12204 गरीबरथ एक्सप्रेस कैंट के रास्ते चलाई गई। यह ट्रेन शनिवार को बरेली जंक्शन नहीं आई। इसकी जानकारी होने पर बहुत से यात्री ट्रेन पकड़ने कैंट स्टेशन पहुंचे। हालांकि, रेलवे की तरफ से पूर्व में ही ट्रेन के डायवर्ट होने की जानकारी दी गई थी।

ट्रेनों के इंतजार में जंक्शन पर बैठे यात्री।

ये ट्रेनें घंटों की देरी से आईं

20504 डिब्रुगढ़ राजधानी एक्सप्रेस 1 घंटा 38 मिनट, 12326 गुरमुखी एक्सप्रेस 1 घंटा 27 मिनट, 15128 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस 5 घंटा 30 मिनट, 22545 वंदे भारत एक्सप्रेस 4 घंटा 13 मिनट, 04311 हावड़ा देहरादून स्पेशल 8 घंटा 30 मिनट, 12327 उपासना एक्सप्रेस 1 घंटा 49 मिनट, 14649 सरयू यमुना एक्सप्रेस 1 घंटा 32 मिनट, 04722 बीकानेर समर स्पेशल 12 घंटा 28 मिनट, 12211 आनंद विहार गरीबरथ एक्सप्रेस 4 घंटा 43 मिनट, 04696 अयोध्या समर स्पेशल 3 घंटा 43 मिनट, 22546 वंदे भारत एक्सप्रेस चार घंटा, 15654 अमरनाथ एक्सप्रेस 6 घंटा 48 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पहुंची।

आज यह ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

15211 जननायक एक्सप्रेस 30 मिनट, 05531 आनंद विहार स्पेशल 60 मिनट, 04624 वाराणसी स्पेशल 120 मिनट, 12204 गरीबरथ एक्सप्रेस 75 मिनट और 20506 राजधानी एक्सप्रेस 75 मिनट देरी से चलाई जाएगी।

गरीबरथ एक्सप्रेस में पानी खत्म और एसी भी हुई खराब

बरेली, अमृत विचार : सहरसा गरीबरथ एक्सप्रेस में शनिवार को पानी खत्म हो गया। इसके अलावा एसी भी खराब हो गई। भीषण गर्मी में यात्री परेशान हो गए। यात्रियों की शिकायत पर बरेली जंक्शन पर ट्रेन में पानी भरा गया। इसके अलावा एसी में खराबी को भी सही किया गया। दीपक ने शिकायत की कि वह 12204 गरीबरथ एक्सप्रेस से अमृतसर से छपरा जा रहे हैं। ट्रेन के जीई-2 कोच में चार बर्थ हैं लेकिन पानी खत्म हो गया है और यात्री परेशान हो रहे हैं। ट्रेन का एसी भी ठीक से काम नहीं कर रहा है। मुरादाबाद रेल मंडल के अधिकारियों ने कैरिज एंड वैगन विभाग को पानी भरने के निर्देश दिए। ट्रेन के बरेली जंक्शन पर पानी भरा गया और ट्रेन में मौजूद ट्रेन एवं लाइटिंग स्टाफ ने एसी को ठीक किया।

अब जिले में भी खरीफ प्याज का उत्पादन होगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- तीन सौ हेक्टेयर का मिला लक्ष्य बढ़ते दामों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने उठाया कदम

अमृत विचार: जिले में अब खरीफ प्याज का भी उत्पादन किया जाएगा। प्याज के बढ़ते दामों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से शासन ने यह निर्णय लिया गया है। इसके प्रति किसानों को जागरूक करने के लिए जिला उद्यान अधिकारी को निर्देश जारी किए गए हैं। प्रदेश सरकार ने इसके लिए तीन सौ हेक्टेयर भूमि में उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है।

जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक ने बताया कि इस योजना के तहत 'पहले आओ, पहले पाओ' की नीति अपनाई गई है। इसके अंतर्गत पहले आवेदन करने वाले किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस पहल से किसानों को प्याज की खेती में नई संभावनाएं मिलेंगी और क्षेत्रीय कृषि में विविधता आएगी। उन्होंने बताया कि किसानों को इसके लिए आवश्यक प्रशिक्षण और संसाधन भी प्रदान किए जाएंगे ताकि वे उच्च गुणवत्ता वाले प्याज का उत्पादन कर सकें।

अब तक बरेली में करीब डेढ़ हजार से अधिक किसान रबी प्याज की खेती करते हैं। इसकी करीब 300 हेक्टेअर की खेती है, जिससे करीब 7500 टन उत्पादन होता है। इस बार रबी प्याज के उत्पादन के लिए विभाग की ओर से 30 हेक्टेयर का लक्ष्य दिया गया है।

तीन महीने में 525 सैंपल लेगा खाद्य सुरक्षा विभाग

बरेली, अमृत विचार : खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग को अब और भी अधिक तेजी और सख्ती से काम करने के निर्देश लखनऊ निदेशालय से जारी किए गए हैं। इसमें पहले तीन माह में विभाग को 525 सैंपल इकट्ठे करने होंगे। जिन प्रोडक्ट्स के सैंपल फेल होंगे, उनकी दोबारा सैंपलिंग की जाएगी। खाद्य सुरक्षा आयुक्त द्वितीय अपूर्व श्रीवास्तव ने बताया कि यह सर्वे इसलिए कराया जा रहा है ताकि खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच और तेज हो सके, साथ ही कोई भी खाद्य पदार्थ विक्रेता जांच से बच न सके।

बच्चा वार्ड में 18 बच्चे डायरिया से पीड़ित

बरेली, अमृत विचार : जिला अस्पताल के 26 बेड के बच्चा वार्ड में शनिवार को कुल 21 बच्चे भर्ती मिले। इनमें 18 बच्चे डायरिया व अन्य बुखार से ग्रसित थे। फिलहाल, एक सप्ताह में बच्चा वार्ड में डायरिया ग्रसित 40 से अधिक बच्चे स्वस्थ हुए हैं। अप्रैल और मई के अंत तक बच्चा वार्ड मरीजों से फुल चल रहा था। मरीजों की संख्या लगातार बढ़ने पर हार्ट वार्ड में 10 अतिरिक्त बेड बढ़ाए गए थे, जिनमें बच्चों को भर्ती किया गया था, लेकिन अब वार्ड खाली होने लगा है।

बीएसए ने दिए मैपिंग और रजिस्ट्रेशन के निर्देश

बरेली, अमृत विचार : आरटीई पोर्टल पर गैर सहायतित मान्यता प्राप्त स्कूलों की मैपिंग व रजिस्ट्रेशन को लेकर कवायद शुरू कर दी गई है। शनिवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से खंड शिक्षा अधिकारियों को पोर्टल पर मैप्ड, रजिस्टर्ड और योजनांतर्गत पढ़ रहे छात्रों का विवरण अपालेड करने के निर्देश दिए गए।

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
मालियों और ईसाइयों की पुलिया के बीच में, सिन्धू नगर, बरेली

डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
नवजात शिशु एवं सिरीयस बच्चों के विशेषज्ञ आधुनिक नर्सरी वेंटीलेटर सी. पैप

डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S, D.G.O D.M.A.S., F.M.AS Gynaecologist
IVF Specialist Fellowship in Laparoscopy
स्त्री रोग विशेषज्ञ

डॉ. अरशद
M.B.B.S., M.S., (Fmas)
Laparoscopic Surgeon

डॉ. दीपक कुमार
M.B.B.S., M.S., MCH
न्यूरोसर्जन
दिमाग व रीढ़ की हड्डी के सर्जन

डॉ. फहद बिन हामिद
D. Ortho, DNB (Ortho)
Trauma, Joint Replacement
Arthoscopy & Sports Injury Specialist

डॉ. शरद खंडेलवाल
MBBS MS (Gen.Surgery)
Mch. (Plastic Surgery)
Cosmetic Hair Transplant.
Microvascular Reconstructive Surgeon

डॉ. मो. जावेद
M.B.B.S., M.D., Physician
ब्लड प्रेशर शुगर एवं पेट रोग विशेषज्ञ

FACILITIES
•CATHLAB •ICU •CCU •ANGIOPLASTY •NICU •ECHO TMT •ANGIOGRAPHY •HDU •PACEMAKER •DIALYSIS •VENTILATOR

EMERGENCY 24 HOURS
Contact : 0581-2990926 0581-2990928

डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
गंगवार हॉस्पिटल
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493 9457096487
इमरजेंसी 24 घण्टे
प्रतिदिन ओपीडी
प्रातः 10 बजे से 02 बजे
सायं 8 बजे से 9 बजे तक
अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त
शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
OMPC सोसाइटी
चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
ऑवला IFFCO HOSPITAL
मंगलवार
समय 4.30 से 6.30 बजे तक

नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण

1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गढ्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्टलेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
    - 24 घंटे के अन्दर
    - 14 दिन के बाद भी
    - हथेली व तलुवे का भी पीला होना
पेट्रोल पंप के सामने बाइक सवार को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा

संवाददाता, आंवला

अमृत विचार : अचानक सामने आए एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में एक टूरिस्ट मिनी बस की ई-रिक्शा में भिड़ंत हो गई। जिससे ई- रिक्शा में सवार 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार सवारियां गम्भीर घायल हो गई। चालक के इमरजेंसी ब्रेक लगाने की वजह से पर बस में सवार दस से अधिक श्रद्धालु चोटिल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजकर, शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया ।

आंवला से रामनगर मार्ग पर पेट्रोल पंप के सामने टूरिस्ट मिनी बस ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी, जिसमें ई रिक्शा चालक और एक महिला की मौके पर मौत हो गई, चार लोग गंभीर घायल हो गए। हिमाचल से एक टूरिस्ट मिनी बस में श्रद्धालु शाहाबाद रामनगर होते हुए मनौना स्थित श्री खाटूश्यामजी के मंदिर में दर्शन करने आ रहे थे। शनिवार दोपहर आंवला रामनगर रोड के मनौना मढ़ी स्थित हमारा पेट्रोल पम्प के समीप बस की सामने से आ रहे एक ई रिक्शा से भिड़ंत हो गई। बस में सवार श्रद्धालुओं ने बताया कि बस के आगे अचानक एक बाइक सवार आ गया, चालक ने बाइक को बचाने का प्रयास किया इसी बीच अचानक ई रिक्शा आ गया और बस की ई रिक्शा से टक्कर हो गई। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। वहीं टक्कर से ई-रिक्शा चालक सिरौली के गांव रम्पुरा भोपतनगर निवासी रसीद बख्श उर्फ दिन्नी (40), खुर्शीद बेगम (40) पत्नी भूरे की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि रम्पुरा भोपतनगर निवासी अयान (20), शन्नो (50), सिरौली के गांव गनेशपुर निवासी निशा शर्मा (55) , आंवला के गांव मऊचंदपुर निवासी अफजाल (50) घायल हो गये। सूचना पर एसपी दक्षिणी मानुष पारीक, एसडीएम नहने राम, सीओ नीलेश मिश्र, इंस्पेक्टर आंवला वीरेश कुमार मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजकर मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका खुर्शीद बेगम ब्लॉक रामनगर में आशा के पद पर तैनात थी।

क्षतिग्रस्त ई-रिक्शा। ● अमृत विचार

बाइक सवार छात्रों को ट्रक ने रौंदा, एक की मौत

सेंथल, अमृत विचार : बाइक से घर लौट रहे दो छात्रों को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे एक छात्र की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। सेंथल के मोहल्ला फकीर हज्जाम निवासी नवेद (20) नीट की तैयारी कर रहा था। शनिवार शाम नवेद कस्बे के ही दोस्त अजमल के साथ बाइक से घर लौट रहा था। कटरा के पास द्वारिका चीनी मिल के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे नवेद गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने नवेद को मृत घोषित कर दिया। वहीं अजमल की हालत ठीक है। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। नवेद की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

सार-संक्षेप

हरुनगला के कई इलाकों में आज होगी कटौती

बरेली, अमृत विचार : हरुनलगा के सुपर सिटी फीडर पर काम की वजह से रविवार दोपहर 12 से शाम 4 बजे आंशिक रूप से आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता गौरव शुक्ला ने बताया कि फीडर पर रविवार को काम की वजह से बाईपास, सुरेश शर्मा नगर, ग्रीन पार्क, गोल्डन ग्रीन पार्क, गणेश पार्क, रामगंगानगर, महेंद्र नगर, दोहरा रोड, बीसलपुर रोड इत्यादि क्षेत्र की सप्लाई प्रभावित होगी।

झमाझम बारिश से दुकानों में घुसा पानी

बिशारतगंज, अमृत विचार : एक घंटे हुई झमाझम बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी, हालांकि जलभराव से लोगों को परेशानी भी हुई ।शनिवार दोपहर बिशारतगंज में हुई बारिश से दुकानों और घरों में पानी भर गया। बारिश रुकने के बाद शाम को उमस ने लोगों को परेशान किया। दोपहर में हवा के साथ हुई बारिश से रम्पुरा – अलीगंज मार्ग पर कई पेड़ गिर गए कुछ पेड़ झुक गए, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। नगर की मोती मस्जिद के सामने से वार्ड नंबर 3 में जाने वाले रास्ते पर पानी भर गया कई अन्य स्थानों पर भी बारिश का पानी दुकानों में घुस गया।

ग्रामीणों ने चकबंदी अधिकारियों की शिकायत की

भदपुरा, अमृत विचार : भदपुरा ब्लॉक के सीमावर्ती गांव बड़ेपुरा इलाका वहीरजागीर के ग्रामीणों ने एसडीएम नवाबगंज को पत्र लिखकर चकबंदी अधिकारियों की शिकायत की ।ग्रामीणों का आरोप है कि गांव बड़ेपुरा के पड़ोसी गांव पीलीभीत के गाजीपुर कुंडा गांव में खेतों की चकबंदी प्रक्रिया चल रही है। चकबंदी कर्ता और लेखपाल ने गाजीपुर कुंडा के लोगों से कमीशन लेकर गाजीपुर का रकवा बड़ेपुरा और अब्दला में बढ़ाकर नाप दिया है। ग्रामीणों ने कहा कि दोनों तरफ से तनाव की स्थिति बनी हुई है आगे कोई लड़ाई की स्थिति न हो इसलिए चकबंदी को सही से करने की मांग की है।

पानी निकासी के विवाद में वकील पर किया हमला

मीरगंज, अमृत विचार : पानी निकासी के विवाद में पड़ोसियों ने वकील पर हमला करके घायल कर दिया। मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव शीशमखेड़ा निवासी एडवोकेट सलामत खान ने बताया कि उनका पड़ोसी सगीर अहमद से पानी निकासी को लेकर विवाद चल रहा है। शनिवार दोपहर शादी समारोह में शामिल होने कार से जा रहे थे, तभी सगीर अहमद, असद, बबलू और अमीर बानो आदि ने उसकी कार को घेरकर ईंट पत्थर बरसाए, साथ ही उस पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। वह जान बचाकर भागे तो आरोपी उनके घर में घुस गए और तोड़फोड़ की। थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

अस्पताल संचालिका के खिलाफ दिया ज्ञापन

आंवला, अमृत विचार : भारतीय जनता मजदूर संघ जिलाध्यक्ष ने एक अस्पताल संचालिका पर धमकी देने का आरोप लगाकर एसडीएम आंवला नहने राम को ज्ञापन सौंपा है। संगठन जिलाध्यक्ष सय्यद अकबर अली के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया कि तीन दिन पूर्व नगर में फर्जी अस्पतालों के खिलाफ एक ज्ञापन सौंपा गया था। जिसमें एक सील अस्पताल संचालक की ओर से घर से ही कार्य करने की बात कही गई थी। आरोप है कि इस शिकायत से नाराज अस्पताल संचालिका ने उससे मिलने को कहा। इन्कार करने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। इस दौरान रामादीन सागर, मुनासिब अली, फरमान, रोहित खान, समीर, फिरोज खान, ताहिर, नुमान अली, दिनेश पाल सागर, हरपाल सिंह, विक्की, रियाज, मारूफ राजा, अनवर, आमिर आदि मौजूद रहे।

बारिश होने के बाद मिठाई बांटकर मनाई खुशी

सिरौली, अमृत विचार : भीषण गर्मी के बीच शनिवार को हुई बारिश के बाद लोगों ने भींगकर आनंद लिया। इस दौरान नगर पंचायत सिरौली के मोहल्ला कौआ टोला के लोगों ने मिठाई खिलाकर एक- दूसरे को बधाई दी। इस मौके पर परवेज खान, नासिर चाचा, दानिश पहलवान जुबेर शेख समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

बहेड़ी में जल्द खुलेगा धार्मिक पुस्तकालय

बहेड़ी, अमृत विचार : बहेड़ी वासियों के लिए गणेश गेट के निकट श्रीराम जानकी मंदिर में जल्द ही धार्मिक पुस्तकालय खुलने जा रहा है। एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय की पहल पर इस पुस्तकालय की शुरुआत जुलाई में मंदिर के स्थापना दिवस पर होगी। मेला श्रीराम लीला कमेटी के पदाधिकारी विवेक गर्ग ने बताया कि पुस्तकालय में सनातन धर्म की सभी प्रमुख पुस्तकों का संग्रह रहेगा। इनमें 18 पुराण, चारों वेद, उपनिषद, रामचरितमानस, आनंद रामायण, वाल्मीकि रामायण, आध्यात्मिक रामायण, चैतन्य महाप्रभु चरितावली, रावण संहिता, गर्ग संहिता, संत ज्ञानेश्वर, ब्रह्म सूत्र, संत तुकाराम तथा महाभारत के छहों खंड का संकलन रहेगा। श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में अध्यात्म की जिज्ञासा से आने वाले सनातन प्रेमियों के बैठने के लिए मैट बिछाई गई हैं और पुस्तकों को रखने के लिए लकड़ी के दर्जन भर स्टैंड रखे गए हैं ताकि धर्मप्रेमियों को कोई असुविधा न हो।

कूड़ा घर बनाने का ग्रामीणों ने किया विरोध

आंवला, अमृत विचार : आबादी में कूड़ाघर बनाने का विरोध कर महिलाएं जेसीबी के आगे खड़ी हो गईं। अधिकारियों के समझाने पर भी महिलाएं नहीं मानी। ग्रामीणों ने रास्ते से गुजर रहे कैबिनेट मंत्री को रोक लिया। कैबिनेट मंत्री ने कूड़ाघर के लिए दूसरी जगह चिन्हित करने के निर्देश दिए। ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद की ग्राम पंचायत बिलौरी में कूड़ा घर बनना प्रस्तावित है। ग्राम प्रधान महावीर सिंह ने ग्राम पंचायत के मजरा रामनगला में एक जगह चिन्हित कर दी। शनिवार को प्रधान, सचिव, लेखपाल पुलिस बल के साथ उक्त चिन्हित जगह पर पहुंचे और जेसीबी मंगाकर खुदाई करानी आरम्भ कर दी। कूड़ाघर बनने की सूचना पर महिलाएं और पुरुष पहुंच गए। वह लोग कूड़ाघर बनाने का विरोध करने लगे। महिलाएं जेसीबी के आगे खड़ी हो गईं और खुदाई नहीं करने दी। सूचना पर एसडीएम आंवला नहने राम पहुंचे उन्होंने ग्रामीणों को समझाकर शांत कराने का प्रयास किया। एसडीएम ने उस स्थान पर रखे बटिया हटाने के लिए दो दिन का समय देकर खुदाई रुकवा दी। धर्मवीर सिंह ने बताया कि आबादी में कूड़ाघर बनने से गंदगी और दुर्गंध रहेगी। कूड़ाघर आबादी से दूर बनना चाहिए।

ज्येष्ठ माह में भंडारों का दौर जारी

नवाबगंज, अमृत विचार : ज्येष्ठ माह में पुण्यलाभ कमाने के लिए नगर से लेकर गांव देहात तक जगह –जगह ठंडे शरबत और भंडारे आयोजित किए जा रहे हैं। शनिवार को कस्बे में कई स्थलों पर राहगीरों शरबत पिलाया गया, वहीं नगर के बालाजी मंदिर पर लालता प्रसाद इंटर कॉलेज में पूर्व पालिकाध्यक्ष रविन्द्र सिंह राठौर ने विशाल भंडारे का आयोजन किया तो ग्राम जयनगर में वीर गंगवार ने और ग्राम वकुचिया किशनपुर में ग्रामीणों की ओर से भंडारा कराया गया। इन भंडारों मे विधायक डॉ. एमपी आर्य, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. एके गंगवार व रवि गंगवार के साथ ही पालिकाध्यक्ष पति नीरेन्द्र सिह राठौर आदि के अलावा बड़ी संख्या में लोगो ने प्रसार ग्रहण किया ।वहीं हाफिजगंज में पंचायती मंदिर में समाज के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मुडिया भीकमपुर में भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें मुडिया भीकमपुर के साथ ही रसूला कमरूलनिशां, नौवानगला, औरंगाबाद के साथ ही अन्य गांवों के लोगों ने भंडारे का प्रसाद चखा।

नस्लदार गाय पालने पर अनुदान देगी सरकार

बरसेर, अमृत विचार : क्षेत्र पंचायत की बैठक में पशु धन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि किसान अच्छी नस्ल की साहीवाल गाय पालें जिसके लिए सरकार चालीस हजार का अनुदान देगी। शनिवार को रामनगर ब्लाक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित हुई जिसमें मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों को संबोधित करते हुए बताया कि सरकार पशु पालन के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है सभी को गाय पालन कर योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि साहीवाल गाय दुधारू गाय है इसके लिए सरकार प्रति गाय चालीस हजार रुपए अनुदान देगी। गिरी नस्ल पर भी अनुदान है। बीडीओ सुखपाल सिंह ने सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में दो करोड़ तेरह लाख 65 हजार के विकास कार्य के प्रस्ताव भी पास किए गए। इस दौरान प्रमुख विजेता देवी, मझगवां ब्लाक प्रमुख यशवंत सिंह, मित्र पाल सिंह, प्रधान राजवीर सिंह, छोटेलाल, पुष्पेन्द्र वर्मा, मुनीश कुमार एडवोकेट, सुंदरलाल, सीपी सिंह, वीरपाल सिंह, सचिव करन सिंह, आकाश सिंह, श्यामा चरन आदि मौजूद रहे।

भमोरा थाना में समाधान दिवस में पहुंचे आईजी

भमोरा, अमृत विचार : भमोरा थाने में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आईजी डॉ. राकेश सिंह ने पहुंचकर जानकारी ली। इसके साथ ही रजिस्टर्ड चेक किया तहसीलदार आशीष कुमार ने बताया कुल नौ शिकायतें आई थी जिनमें से छह राजस्व विभाग से, तीन पुलिस विभाग से संबंधित थीं। सभी को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए भेजा गया है। पांच शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25

KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE

Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma

Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122

Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

जर्जर खंभों को बदलने की अब आई याद

बरेली,अमृत विचार : आंधी और बारिश में तीन सौ से अधिक बिजली के पोल गिरने के बाद सभी जर्जर खंभों का सर्वे कराया जाएगा। जो खंभे जर्जर होंगे, उन्हें हटाया जाएगा ।जिले में कई जगह बिजली के खंभे जर्जर और गिरताऊ हालत में हैं। पिछले दिनों आंधी-पानी में तीन सौ से अधिक खंभे गिर गए थे। इसके अलावा कंडक्टर, इंसुलेटर क्षतिग्रस्त होने से करीब 35 लाख से अधिक का नुकसान हुआ था। इसके बाद अधिकारियों को जर्जर पोल बदलने की याद आई है। अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद वशिष्ठ ने सभी अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिए हैं कि सभी जगह पर लाइनों का सर्वे कराकर देखा जाए कि कहीं बिजली के जर्जर या गले खंभे हों तो उन्हें जल्द बदलकर नया लगा दिया जाए। उन्होंने कहा है कि अगर समय रहते हुए जर्जर पोल नहीं बदले गए तो आंधी पानी में बिजली का संकट गहरा सकता है।

किला क्षेत्र में 33 केवी लाइन में फाल्ट से छाया बिजली संकट

- बारिश में बढ़े लोकल फाल्ट, बंच केबल गिरने से बचा हादसा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : शहर में शनिवार को बारिश के बाद फाल्ट से कई इलाकों में बिजली गुल हो गई। किला क्षेत्र में शाम को 33 केवी की लाइन में फाल्ट होने से कई घंटे आपूर्ति बंद रही। वहीं सुभाषनगर और महानगर के साथ सिविल लाइंस इलाके में भी लोकल फाल्ट से परेशानी हुई।

बारिश में लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली लेकिन बिजली कटौती से परेशानी बढ़ गई। सुभाषनगर की तिलक कॉलोनी में 11 हजार की लाइन में डिस्क खराब होने से दो घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। वहीं सुभाषनगर क्षेत्र की ही बीडीए टू कॉलोनी में इंसुलेटर खराब होने से करीब डेढ़ घंटा तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। सिविल लाइंस क्षेत्र के बेसू वन फीडर में लोकल फाल्ट से स्टेशन रोड, केसर एन्क्लेव में बिजली कई आपूर्ति कई बार बाधित हुई। किला उपकेंद्र के कई फीडर पर लो वोल्टेज और फेस न आने की समस्या बनी रही। किला में बंच केबल टूटने से दो घंटे तक बिजली प्रभावित रही। हरुनगला उपकेंद्र के सुपर सिटी फीडर पर कई घंटे बिजली कटौती की गई। जगतपुर, शाहदाना और पुराना शहर के साथ सीबीगंज में भी ट्रिपिंग होने से लोग परेशान हुए।

आनंद विहार गरीबरथ एक्सप्रेस में बढ़ेंगी 664 सीट, मिलेगी राहत

- ट्रेन में लगाए जाएंगे 20 इकोनॉमी कोच, एलएचबी रैक के 22 कोच से चलेगी ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : गरीबरथ एक्सप्रेस में रेलवे इकोनॉमी कोच लगाएगा। इसकी वजह से ट्रेन में 664 बर्थ बढ़ जाएंगी। कोच में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे और स्मोक डिटेक्टर भी लगाए जाएंगे। ट्रेन को नए डिजाइन की एलएचबी रैक से चलाया जाएगा और कोच भी अधिक लगाए जाएंगे ताकि यात्रियों को कंफर्म सीट मिल सके।

पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 22541/22542 बनारस-आनंद विहार-बनारस गरीब रथ सुपरफास्ट एक्सप्रेस में वाराणसी से 7 जुलाई से और आनंद विहार से 8 जुलाई से एलएचबी रैक लगाई जाएगी। ट्रेन के अंदर तृतीय श्रेणी इकोनॉमी के 20 और जनरेटर और लगेज यान के दो कोच होंगे। ट्रेन को 22 कोच के साथ चलाया जाएगा। पहले ट्रेन में तृतीय श्रेणी के 12 कोच लगाए जा रहे थे। अब 20 कोच लगाए जाने से 664 अतिरिक्त बर्थ यात्रियों को मिल सकेंगी। ट्रेन को अब तक आईसीएफ कन्वेंशनल कोच की रैक से चलाया जा रहा था, जिसके प्रत्येक कोच में 78 बर्थ होती हैं, लेकिन अब एलएचबी इकोनॉमी कोच की रैक लगने से प्रत्येक कोच में 80 बर्थ मिलेंगी। यह कोच आरामदायक और सुरक्षित हैं। ट्रेन में दिव्यांगों के लिए अलग शौचालय की व्यवस्था होगी।

किशोरी को प्रेमजाल मे फंसाकर बनाई अश्लील वीडियो की वायरल

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक ने बताया कि उसके घर पर निर्माण कार्य करने के लिए हाफिजगंज के सेंथल का गल्लू अपने बेटे अमीन हसन उर्फ मीशम के साथ आया था। इसी दौरान उसने उसकी नाबालिक बेटी को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। आरोप है कि आडियो काल रिकार्डिंग को वायरल करने की धमकी देकर उसके कपड़े उतरवा लिए और उसका वीडियो वायरल करने की धमकी देकर नवाबगंज के एक कमरे पर बुला लिया और उसके साथ अश्लील हरकते की। जब उसकी बेटी ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट करने के साथ ही धर्म परिवर्तन कर उसके साथ शादी करने का दबाव बनाते हुए धमकी दी । पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने लव जिहाद की धाराओं के साथ ही गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर आरोपी को नवाबगंज मुख्य चौराहे पर अंडे की दुकान से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

सड़कों में गड्ढे बता रहे विकास की हकीकत

संवाददाता, कैंट

अमृत विचार : गांव बभिया में सड़कों में गड्ढे विकास के दावे की पोल खोलने के लिए काफी हैं। गांव में सफाई व्यवस्था दम तोड़ रही है। तमाम स्थानों पर नालियों का कोई अता पता नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि सालों से सड़कें और नालियां नहीं बनाई गई हैं। विभागीय अफसरों को भी इससे कोई सरोकार नहीं है।

ब्लाक क्यारा की ग्राम पंचायत बभिया में नालियां न बनने से गांव का पानी रास्तों पर भरा रहता है। इस वजह से संक्रामक रोग पनप रहे हैं। गांव में प्रकाश व्यवस्था का भी बुरा हाल है। स्ट्रीट लाइटें भी नहीं लगाई गई हैं। शाम ढलते ही रास्तों पर अंधेरा पसर जाता है। गांव की प्रधान बिटोली देवी हैं, लेकिन उनके पति धर्मपाल ही कामकाज देखते हैं। ग्रामीणों के अनुसार करीब 30 साल पहले गांव में खड़ंजे बिछाए गए थे। जिनमें अब गड्ढे हो गए हैं। इन पर चलना मुश्किल है। बिटोली देवी लगातार चार बार प्रधान रह चुकी हैं। गांव की आबादी करीब दो हजार है।

खुले में शौच जाने को मजबूर: स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांवों को ओडीएफ करने की मुहिम चलाई गई थी। इसके बाद भी इस गांव में तमाम घरों में शौचालय नहीं हैं।

टूटी हुई सड़क पर बहता पानी।

पूरा बजट अन्नपूर्णा राशन दुकान और पंचायत घर के निर्माण में लग गया। इसके बाद भी तमाम दुकानदारों की आठ से दस लाख रुपये की देनदारी बकाया है। सभी आरोप निराधार हैं। बजट आने पर गांव में और भी काम कराए जाएंगे।–**धर्मपाल**, प्रधान पति

प्रधान विकास कार्य नहीं करा रहे हैं। सिर्फ आश्वासन मिलता रहा है। अब अधिकारियों से शिकायत की जाएगी। **माया देवी**, ग्रामीण

नाली न होने से सड़कों पर जलभराव रहता है। इस वजह से गांव में मच्छरों का प्रकोप है। ग्राम प्रधान से कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।–**मनोहर लाल**, ग्रामीण

गांव में जलनिकासी का इंतजाम नहीं है। हल्की बारिश में जलभराव हो जाता है। विकास की बातें सिर्फ दावों तक सीमित हैं। जांच हो तो सच्चाई सामने आ जाएगी। –**कल्यान**, ग्रामीण

बभिया के विकास कार्यों की विभागीय जांच कराई जाएगी। जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।–**धर्मेंद्र कुमार**, जिला पंचायती राज अधिकारी

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25

Accreditations, Affiliations & Approvals

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

मेडिकल साइंसेज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा – डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा – डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053

पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)

E-mail : admission@biu.edu.in

एक नजर

पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

नवाबगंज, अमृत विचार : पुलिस ने शनिवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों पर लगे हूटर उतरवा कर चालान काटे। चौकी इंचार्ज विदेश शर्मा व मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में डग्गामार सवारी वाहनों के साथ ही बिना हेलमेट वाले दुपहिया वाहनों के भी चालान काटे गए।

सरकारी तालाब पर कब्जा करने वालों पर रिपोर्ट

बहेड़ी, अमृत विचार : शेरगढ़ रोड स्थित गांव इटौआ धुरा में सरकारी तालाब पर कब्जा कर मकान बनाने के मामले में लेखपाल की शिकायत पर पुलिस ने दस लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। हल्का लेखपाल विनोद गंगवार ने बताया कि गांव इटौआ धुरा में सरकारी तालाब पर गांव के ही रघुवीर, दुर्जन, ऐवरन, राकेश, चंद्रपाल, राम स्वरूप, दामोदर, वीरेंद्र, महेंद्र और ओमप्रकाश ने कब्जा कर मकान बना लिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की।

संपूर्ण समाधान दिवस में आईं 14 शिकायतें

मीरगंज, अमृत विचार : थाना दिवस पर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मानुष पारिक, सीओ डॉ. दीपशिखा अहिवरन, एसडीएम देश दीपक सिंह और प्रभारी निरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह ने जन शिकायतों को सुना। इस दौरान कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से मौके पर चार शिकायतों का संयुक्त राजस्व और पुलिस टीम भेज कर निस्तारण कराया गया ।इस दौरान समस्त कानूनगो लेखपाल, पुलिस प्रशासन आदि मौजूद रहे।

हादसे में युवक समेत दो महिलाएं घायल

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : सड़क हादसे में युवक समेत दो महिलाएं शनिवार सुबह गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा, साथ ही बाइक को थाने ले गई। शनिवार सुबह नोएडा से बाइक से बहन और मां को लेकर हरदोई अपने घर जा रहे बाइक सवार युवक को कोई वाहन टक्कर मारकर फरार हो गया। हादसे में शाहरुख ,जमीला ,रूबीना निवासी आधार थाना बघौली जनपद हरदोई घायल हो गए पुलिस ने तीनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

जमीन पर कब्जे की शिकायतें लेकर पहुंचे

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : समाधान दिवस में कुल छह शिकायतें आई, तहसीलदार विशाल शर्मा के निर्देश पर शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीमें बनाकर भेजी गई। शिकायत लेकर पहुंचे मनकरी निवासी महावीर सिंह ने बताया कि पैमाइश होने के बावजूद दबंगों ने उनकी जमीन से कब्जा नहीं छोड़ा, कुरतरा निवासी राघवेंद्र भारद्वाज ने भाईयों पर उनकी जमीन कब्जाने, कस्बा के छेदा लाल ने चकमार्ग पर दबंगों के कब्जा करने की शिकायत की।

पत्नी को मायके छोड़ने गया युवक लापता

क्योलड़िया, अमृत विचार : पत्नी को मायके छोड़ने गया युवक लापता हो गया, उसके परिजनों ने थाने में तहरीर देकर तलाश करने की मांग की। क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव भदपुरा के सर्वेश कुमार की शादी 9 साल पहले एटा की पूनम से हुआ था। शादी के बाद से पूनम का व्यवहार ससुराल वालों से अच्छा नहीं रहा, वह आए दिन लड़ाई -झगड़ा करती रहती थी घर से भाग जाना और आत्महत्या की ससुराल वालों को धमकी देती रहती थी। समझाने के बाद भी उसके व्यवहार में कोई बदलाव नहीं हुआ। 16 जून को सर्वेश कुमार उसे ससुराल छोड़ने गया था, तब से उसका कोई पता नहीं चला। परिजनों ने जब बहू पूनम से फोन पर बेटे के बारे में पूछा तो उसने गालियां दी। सर्वेश की मां माया देवी ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

पुलिस ने दो तस्कर पकड़े छह किलो अफीम बरामद

फरीदपुर, अमृत विचार : फरीदपुर पुलिस और एसटीएफ मेरठ ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए शनिवार को गौसगंज पुलिया से शांति कुमारी पत्नी चंदन सिंह निवासी ओखेनी तेली टोला हजारीबाग झारखंड को पकड़ा उसके पास से 5 किलो 41 ग्राम अफीम दो मोबाइल बरामद हुए। इसी क्रम में गौसगंज की पुलिया के पास से राहुल निवासी ग्राम अंजनी थाना सिरौली बरेली को पकड़ा उसके पास से एक किलो तीन ग्राम अफीम के साथ एक मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया।

घायल सांड़ का गोसेवकों ने कराया इलाज

भदपुरा, अमृत विचार : घायल सांड़ का गोसेवकों ने इलाज कराया तो उसे राहत मिली। गोसेवक आरबी यादव ने बताया कि मोहल्ला गुलशन नगर में एक सांड़ जख्मी पड़ा है , जिसकी सूचना उन्होंने पशु चिकित्सा केंद्र और गोरक्षक दीपक भारद्वाज को दी । उन्होंने मौके पर पहुंचकर सांड़ का इलाज किया ।

क्षेत्र पंचायत की बैठक में अधिकारी और महिला जनप्रतिनिधि के न आने पर सांसद ने उठाया सवाल

नवाबगंज बैठक में देरी से ब्लॉक प्रमुख के पहुंचने पर सदस्यों ने किया हंगामा, 2.5 करोड़ के प्रस्ताव हुए पास

संवाददाता, नवाबगंज

नवाबगंज ब्लॉक में आयोजित बैठक में सांसद छत्रपाल गंगवार का स्वागत करते विधायक।

अमृत विचार : नवाबगंज क्षेत्र पंचायत की बैठक में सांसद छत्रपाल गंगवार ने जिले के अधिकारियों के न पहुंचने पर निंदा प्रस्ताव की बात कही। चुनी गई महिला प्रतिनिधियों के न आने पर बैठक के कोरम पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया। ब्लॉक कर्मचारियों को सही से काम करने की हिदायत देने के साथ ही प्रधान और बीडीसी सदस्यों को भी जिम्मेदारी से जनता की सेवा करने की सलाह दी।

उन्होंने पीएम और सीएम आवास की जानकारी लेते हुए आवास आवंटन में अपात्रों को लाभ दिलाए जाने की जानकारी होने पर बीडीओ को जांच कराने के निर्देश दिए। विकास कार्यों में कमीशन के खेल को लेकर कहा कि प्रधान खुद पारदर्शिता रखें, जनता तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाएं, खुद सचिव के सचिव न बने, अपने अधिकारों को जाने। जब आप पारदर्शी होंगे तो आपसे कमीशन मांगने की हिम्मत नहीं करेगा। गांवों में बने सचिवालयों में ग्राम पंचायत की बैठक हो, रोजगार सेवक, बीसी सखी, सफाई कर्मी नियमित पहुंचकर अपनी उपस्थिति लगाए। एमएलसी महाराज सिंह ने ब्लॉक कर्मचारियों पर कमीशन लेने की शिकायत पर बीडीओ के पेच कसते हुए सही से काम करने की हिदायत दी तो विधायक डॉ. एमपी आर्य ने कर्मचारियों के समय से ब्लॉक न पहुंचने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए आकस्मिक निरीक्षण करने की चेतावनी देने के साथ ही जनता के काम न होने, कमीशन मांगने या किसी काम के लिए सुविधा शुल्क मांगने की शिकायत पर कार्रवाई लिए तैयार रहने की चेतावनी दी। डॉ. आर्य ने पंचायत सहायकों के काम न करने की शिकायत पर बीडीओ को काम न करने वाले पंचायत सहायकों की जांच कर कार्रवाई को कहा। बैठक शुरू होने पर ब्लॉक प्रमुख प्रज्ञा गंगवार के मौजूद न होने पर मौजूद कुछ सदस्यों ने हंगामा कर दिया और प्रमुख के आने पर ही बैठक होने की बात कही और प्रमुख के आने के बाद बैठक शुरू हुई। बैठक में 2.5 करोड़ के कार्य कराए जाने के प्रस्ताव पास हुए। बैठक के दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. एके गंगवार, ब्लॉक प्रमुख प्रज्ञा गंगवार ने विधायक डॉ. एमपी आर्य, एमएलसी महाराज सिंह, सांसद छत्रपाल गंगवार का बुके देने के साथ ही शाल ओढ़ाकर स्वागत किया तो ब्लॉक के अधिकारियों व मौजूद प्रधान व बीडीसी सदस्यों ने जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया।

भमोरा में दो करोड़ 75 लाख के प्रस्ताव पास

भमोरा, अमृत विचार : ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद की सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत सदस्य की बैठक में पहुंचे कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्र के विकास के लिए 2 .75 लाख के प्रस्ताव पास हुए। जिनमें मुख्य रूप से नाला- नाली सड़क खड़ंजा आदि कार्य कराए जाएंगे। कैबिनेट मंत्री ने कहा सरकार लगातार प्रदेश के विकास के लिए कार्य कर रही है सरकार का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति का विकास करना है, हर घर तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचनी चाहिए। विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने प्रत्येक नागरिक का विकास के साथ सुरक्षा देने की सरकार की प्राथमिकता की बात कही, वहीं एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने सरकार की उपलब्धियां गिनाई। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख आरती यादव, ब्लॉक प्रमुख पति वेद प्रकाश यादव, खंड विकास अधिकारी के साथ सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधान मौजूद रहे ब्लैक प्रमुख ने सभी का आभार व्यक्त किया।

शेरगढ़ में ढाई करोड़ से कराए जाएंगे विकास कार्य

शेरगढ़, अमृत विचार : क्षेत्र पंचायत बोर्ड (बीडीसी) की बैठक में सीसी, खड़ंजा,नाली निर्माण और मरम्मत कार्य समेत तकरीबन 2 करोड़ 65 लाख के प्रस्ताव सर्व सम्मति से पास किए गए। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों के न पहुंचने पर सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने नाराजगी जताई और अधिकारियों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास कराया। बैठक में सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार का लोगों ने स्वागत किया, सांसद ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं,कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है,कार्यकर्ताओं की अनदेखी किसी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में ब्लाक प्रमुख भूपेंद्र कुर्मी ने कहा कि ब्लॉक की सभी 89 ग्राम पंचायतों में क्षेत्र पंचायत में कार्य होंगे। बैठक में लोकसभा प्रभारी भूपेंद्र चौधरी, राजकुमार शर्मा,नन्हेलाल,चेयरमैन बुद्धसेन मौर्य,चेयरमैन शाही वीरपाल मौर्य, प्रमोद अग्रवाल, ओम प्रकाश चंद्रा समेत अन्य मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

किराना व्यापारी से लूट के मामले में पुलिस खाली हाथ

क्योलड़िया, अमृत विचार : किराना व्यापारी से चार बाइक सवार नकाबपोशों ने 24 दिन पहले तमंचे के बल पर नकदी, मोबाइल और बाइक लूटी थी। इस मामले में पुलिस अभी तक खाली हाथ है। व्यापारी शिवम उर्फ प्रियांशु को शनिवार को पुलिस ने थाना क्योलड़िया बुलाया और थाना प्रभारी निरीक्षक ने बयान दर्ज कर जानकारी ली ।वहीं इस मामले में पुलिस ने कई संदिग्धों से पूछताछ की, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली ।पीड़ित व्यापारी अधिकारियों के चक्कर काटते काटते परेशान है एसपी देहात मुकेश चंद्र मिश्रा ने क्योलड़िया पुलिस को 24 घंटे के अंदर खुलासा करने के निर्देश दिए थे, लेकिन अभी तक पुलिस खाली हाथ है।

डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए दिए टैबलेट

मीरगंज, अमृत विचार : अनुबिस आईटीआई मीरगंज में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कॉलेज प्रशासन ने छात्रों को मुफ्त टैबलेट वितरित किए। इस अवसर पर अनुबिस आईटीआई के सचिव सत्येंद्र सिंह ने कहा, "डिजिटल युग में शिक्षा को सुलभ और प्रभावी बनाने के लिए यह एक महत्वपूर्ण पहल है। टैबलेट के माध्यम से छात्र अब कहीं भी और कभी भी अपनी पढ़ाई जारी रख सकते हैं। यह कदम हमारी युवा पीढ़ी को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस अवसर पर कॉलेज के ट्रस्टी जितेंद्र सिंह , प्रधानाचार्य शरद सक्सेना समेत अन्य ने विचार रखें। शनिवार को 200 छात्रों को टैबलेट्स वितरित किए गए।

शीतल प्याऊ का हुआ समापन

फरीदपुर, अमृत विचार : असहायों और अति निर्धन ग्रुप की ओर से रेलवे फाटक पर संचालित प्याऊ का शनिवार को समापन हो गया। प्याऊ 10 मई से चल रहा था । प्याऊ सेवा के साथ ही शीतल शरबत भी लोगों को पिलाया गया। प्याऊ संचालन में डॉ .श्याम मोहन सक्सेना, गिरीश बाबू शर्मा, राजा सक्सेना, ओम वीर शर्मा, रवि पाठक, सचिन पाठक, राम जी वर्मा, नत्थू लाल शर्मा, हृदयेश तोमर, संजीव जायसवाल, विजय बहादुर गौड़, सुशील गुप्ता, अशोक यादव, राजेश कुमार शर्मा ने भी कई बार सहयोग किया। ग्रुप संरक्षक दीपक सक्सेना और कैलाश बिहारी, संचालक ज्ञानेश कुमार शर्मा ने कहा कि आम जनता की हितार्थ के लिए इस तरह के कार्यक्रम होते रहेंगे।

जीव को प्रभु की कथा ध्यानपूर्वक सुननी चाहिए



नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज के गांव मुड़िया भीकमपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास साध्वी राधिका ज्योति ने श्रद्धालुओं से कहा कि हम जितना प्रभु की ओर बढ़ते है प्रभु उससे अधिक तेजी से हमारी ओर बढ़ते हैं। प्रभु जीव के जन्म लेने के साथ ही उस पर अपनी कृपा बनाए रखते हैं पर जीव प्रभु को भूल जाता हैं। हम अपने अहंकार में ईश्वर के दिखाए मार्ग को भूल जाते हैं। इस दौरान कथा व्यास ने कंस वध की कथा का मार्मिक वर्णन किया।

दुष्कर्म पीड़िता ने मुख्यमंत्री और डीजीपी कार्यालय में लगाई न्याय की गुहार

- **सरकारी नौकरी का झांसा देकर आरोपी ने किया युवती का शोषण**

बिशारतगंज, अमृत विचार: यौन शोषण के मामले में बिशारतगंज पुलिस की लापरवाही से परेशान पीड़िता ने शनिवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री कार्यालय और डीजीपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।

उच्च अधिकारियों के आदेश के बाद बिशारतगंज पुलिस ने प्राथमिकी तो दर्ज कर ली, किंतु आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई। मई में एक युवती ने सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर कस्बे के एक युवक पर दुष्कर्म करने और 5 लाख के जेवर हड़पने का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप है कि पुलिस समझौता करने के लिए पीड़िता पर ही दबाव बनाने लगी तो उसने उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई। दबाव पड़ने पर 31 मई को बिशारतगंज पुलिस ने अभिषेक भारद्वाज पर युवती से दुष्कर्म करने और परिवार के अन्य 4 लोगों पर पीड़िता के घर में घुसकर मारपीट करने जेवर हड़पने की प्राथमिकी दर्ज की थी। आरोप है कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद आरोपियों ने पीड़िता की कुछ अश्लील तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की तो मामला एक बार फिर एसपी के पास पहुंचा, उनके आदेश पर 14 जून को बिशारतगंज पुलिस ने अभिषेक भारद्वाज और उसके परिवार के लोगों के विरुद्ध आईटी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया।

रिछा रेलवे फाटक पर बनेगा ओवरब्रिज

संवाददाता, बहेड़ी

बहेड़ी में आयोजित आभार सभा को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद।

- **बहेड़ी में आभार सभा में बोले मंत्री जितिन प्रसाद**

अमृत विचार : केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने बहेड़ी में आयोजित आभार सम्मेलन में जनता को धन्यवाद देते हुए कहा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से क्षेत्र की जर्जर सड़कों के चौड़ीकरण और केसर मिल को जाने वाले रेलवे फाटक और रिछा रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाया जाएगा।

लोकसभा चुनाव में जीत के बाद पहली बार बहेड़ी पहुंचे जितिन प्रसाद और छत्रपाल गंगवार का लोगों ने जोरदार स्वागत किया गया। सिख संगत की ओर से केंद्रीय मंत्री और सांसद गंगवार को सरोपा भेंटकर चांदी का मुकुट पहनाया गया। बरेली सांसद छत्रपाल गंगवार ने प्रशासन से चेतावनी के लहजे में कहा कि पार्टी के हर छोटे बड़े कार्यकर्ताओं का सम्मान और उनकी बात सुननी होगी। इस अवसर पर चौ. आराम सिंह, समाजसेवी अतुल गर्ग, राकेश मिश्रा, अमरिंदर सिंह, पालिका अध्यक्ष पति अजय जायसवाल, मोहन सिंह, सम्राट सिंह, रोशन लाल गेरा, जितेन्द्र सक्सेना, सुनील रस्तोगी समेत अन्य मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद पीलीभीत की सभी विधानसभाओं में विजयी रहे पर बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र में वे करीब 2234 मतों से अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से पिछड़ गए। कार्यकर्ताओं के आभार सम्मेलन में शनिवार को उन्होंने इस हार को भी जीत करार देते हुए कहा कि जिस कर्मठता के साथ कार्यकर्ताओं ने यह चुनाव लड़ाया, यह मामूली हार किसी जीत से कम नहीं है।

शादी का झांसा देकर बनाए शारीरिक संबंध

मीरगंज, अमृत विचार : एक युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए, जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी मुकर गया ।इसके बाद पीड़िता ने एसएसपी को तहरीर दी, जिसके बाद मीरगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। पीड़िता ने बताया कि उसके गांव का ही एक युवक ने उसे प्रेम जाल में फंसाकर उसे शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। जब उसने शादी करने के लिए जोर दिया तो वह बोला उसके बड़े भाई शादी नही हुई है, यदि हम शादी कर लेंगे तो उसकी शादी में अड़चन आएगी। इसके बाद वह लगातार उससे संबंध बनाता रहा । 29 मई को आरोपी ने उसके पास फोन किया और कहा मेरे घर वाले बाहर गए हैं तुम आओ जब वह आरोपी फैज के घर गई वहां भी उसने उसका शोषण किया। प्रभारी निरीक्षक थाना शाही अमित कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी फैज, नाजिल खान, फिरोज खान, चांदनी, रूबी और कल्लो के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

युवती का अश्लील वीडियो बनाकर रिश्ता तुड़वाया

संवाददाता, फरीदपुर

अमृत विचार : प्यार का नाटक कर युवती का शारीरिक शोषण कर अश्लील वीडियो और फोटो लेने के बाद उसका रिश्ता तुड़वा दिया। पीड़िता ने घर में घुसकर मारपीट करने और पांच लाख रुपये न देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया। युवती ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कराई।

पीड़िता ने बताया कि मोहल्ला कस्साबान निवासी राशिद खान ने उसे प्रेम जाल में फंसाकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा और वीडियो फोटो भी बनाता रहा। आरोपी लगातार उसका शोषण करता रहा हैं, परेशान होकर उसने आत्महत्या करने की कोशिश की, लेकिन उसकी मां ने उसे बचा लिया। इसके बाद उसने बेटी का रिश्ता तय कर दिया, लेकिन आरोपी ने वहां पहुंचकर वीडियो फोटो दिखाकर उसका रिश्ता तुड़वा दिया, जिसका सदमा उसकी मां बर्दाश्त नहीं कर सकी और उनकी तबीयत खराब हो गई।

किशोरी का नाम दीवार पर लिखकर किया बदनाम

फरीदपुर, अमृत विचार : रंजिशन किशोरी और उसके परिवार को बदनाम करने के लिए दीवार पर उसके नाम के साथ अश्लील बातें किसी ने लिख दिया। किशोरी की मां ने डायल 112 पर सूचना देने के साथ ही एक नामजद तहरीर दी, पुलिस जांच में जुटी हुई है। महिला का आरोप है कि उसका परिवार के ही लोगों से झगड़ा हो गया था, जिस पर उसने कोतवाली फरीदपुर में तहरीर दी थी। पुलिस ने उसे तीन दिन थाने के चक्कर लगवाए और कोई कार्रवाई नहीं की। तीसरे दिन महिला ने जब थाने में हंगामा किया तो पुलिस उस पर समझौते का दबाव बनाने लगी। जब वह समझौते के लिए तैयार हो गई शुक्रवार रात में किसी ने उसकी नाबालिग बेटी का उसके रिश्ते के मामा से नाम जोड़कर दीवार पर अश्लील बातें जगह-जगह लिख दी। जिससे उसके परिवार की बदनामी हुई। पुलिस ने बेटी का नाम दीवार से मिटवाकर महिला को फिर शांत कर दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की।

मौसेरी बहन को भगा ले गया युवक, रिपोर्ट

नवाबगंज, अमृत विचार : एक माह पूर्व एक किशोरी को उसका खलेरा भाई (मौसी का बेटा) अपने मां -बाप और भाई की मदद से भगा ले गया। किशोरी की मां की शिकायत पर पुलिस ने चारों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। किशोरी की महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 14 मई की रात में उसकी नाबालिग बेटी को थाना शेरगढ़ के कबरा किशनपुर की उसकी बहन खुर्शीद बेगम, बहनोई वाहिद मियां, बहनोई के पुत्र अमन और नाजिम फुसला कर ले गए। वह अपने साथ घर में रखे एक लाख की नकदी व हजारों के जेवरात भी ले गई है। किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

तीन घरों से नकदी समेत जेवर समेट ले गए चोर

गुलड़िया, अमृत विचार : सिरौली थाना क्षेत्र के गांव गुलरिया उपराला में शुक्रवार रात चोरों ने तीन घरों से नकदी समेत लाखों का जेवर और कीमती सामान समेट ले गए । पीड़ित नन्हेलाल ने बताया कि परिवार के लोग बाहर सो रहे थे, इस बीच चोरों ने घर में घुस कर 22000 नकदी, 1 किलो 300 ग्राम चांदी के जेवर 8 ग्राम सोने के जेवर चुरा ले गए ।इसके साथ ही मेरे भाई छविराम के घर से भी 3 लाख नकदी, ढाई किलो चांदी के जेवर और ढाई तोला सोने के जेवर चुरा ले गए। चोरों ने पड़ोसी सेवाराम के घर से भी 12000 हजार नकद और जेवर चुरा ले गए। चोरी की जानकारी होने पर सुबह खेतों की तरफ देखा तो दोनों संदूक खेतों में मिले और सामान भी बिखरा पड़ा था। पीड़ितों ने थाने पहुंचकर चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी ।ग्रामीणों ने बताया कि यहां लगातार चोरी की वारदातें हो रहीं है, लेकिन पुलिस अभी तक किसी को पकड़ नहीं सकी।

कार्यालय आदर्श नगर पंचायत पकड़िया नौगवां पीलीभीत

पत्र सं. मेमो/न.पं.पक.नौ.पी./2024-25 दिनांक: 22.06.2024

प्रेस विज्ञप्ति सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार के पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना दिनांक 12.08.2021 के अनुसार 30 सितम्बर 2021 से 75 माइक्रोन व 31 दिसम्बर 2022 से 120 माइक्रोन मोटाई के कैरी बैग, प्लास्टिक पैकिंग और वस्तुये, सिंगल यूज प्लास्टिक थर्माकोल सामग्री 100 माइक्रोन से कम के प्लास्टिक बैनर आदि प्रतिबंधित किये जाते है यदि कोई भी नगर पंचायत पकड़िया नौगवां पीलीभीत की सीमान्तर्गत इनका प्रयोग करता पाया जाता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार जुर्माने की कार्यवाही होगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत पकड़िया नौगावां
पीलीभीत।

कार्यालय नगर पालिका परिषद आंवला (बरेली)

पत्रांक:-4782/पालिका/ SBM-24/2024-24 दिनांक 22.06.2024

सार्वजनिक सूचना
(ODF++) घोषित किये जाने हेतु

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद आंवला जिला बरेली द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर के समस्त वार्डो को खुले में शौच मुक्त (ODF) किया जा चुका है तथा नगर में सम्मानित नागरिकों के बहुमूल्य प्रयासों से नगर पालिका परिषद आंवला जिला बरेली (ODF++) से सम्बन्धित समस्त मानकों को पूर्ण कर चुकी है। अत: नगर क्षेत्र को ODF++ घोषित किया जाना है। यदि किसी व्यक्ति/सामाजिक संस्थान को आपत्ति/सुझाव है, तो वह इस विज्ञप्ति के जारी होने के 15 दिवस के अन्दर कार्यालय नगर पालिका परिषद आंवला जिला बरेली में किसी भी कार्य दिवस में लिखित रूप से आपत्ति/सुझाव दे सकता है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
आंवला (बरेली)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
आंवला (बरेली)

कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर जिला-पीलीभीत

पत्रांक: 719/न.पा.परि./2023-24 दिनांक: 22.06.2024

बल्क वेस्ट जनरेटर के लिए सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद बीसलपुर जनपद-पीलीभीत में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत ठोस कचरा अधिनियम-2016 के अनुसार प्रतिदिन 100 किलोग्राम या इससे अधिक कचरा उत्पन्न करने वालों को स्वयं अपने स्तर पर ठोस गीला कचरा अलग-अलग करना तथा उसका निस्तारण करना अनिवार्य है। नियमों का पालन नहीं करने पर सम्बन्धित के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बीसलपुर
जनपद-पीलीभीत

किसानों ने एसडीएम को सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन

नवाबगंज, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन हरपाल गुट की मासिक पंचायत हरद्वारी लाल की अध्यक्षता में तहसील परिसर में हुई। पंचायत के बाद पांच सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी मल्लिका नैन को सौंपा। दिए गए ज्ञापन में सड़कों का निर्माण मानक के अनुरूप नहीं होने, छुट्टा पशुओं की व्यवस्था सही नहीं हो पाने, गन्ने का भुगतान न होने, हर घर जल योजना की टंकी के सही रूप से न चलने की बात कही। इस दौरान महेन्द्र पाल गंगवार, राजकुमार दिवाकर, चन्द्रपाल, अनिल कुमार, होरी लाल, बाबूराम, ओमप्रकाश, भगवान दास, छेदालाल समेत अन्य रहे।

वार्ड पांच में उपचुनाव कराने की मांग

भदपुरा, अमृत विचार : जिला पंचायत नवाबगंज के वार्ड 5 के सदस्य खतीब अहमद का निधन हो जाने के कारण ये वार्ड चार माह से रिक्त चल रहा है । आजाद समाज पार्टी के पूर्व जिला प्रभारी सैयद आजम अली ने जिलाधिकारी से मांग की है।

संचारी अभियान में सभी विभाग का सहयोग अपेक्षित

मीरगंज, अमृत विचार : मीरगंज एसडीएम देश दीपक सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान की तहसील स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक हुई । बैठक में डॉ. प्रशांत रंजन जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान की गतिविधियों के बारे में बताया।

किसान ने उखड़वा डाली पक्की नाली

नवाबगंज, अमृत विचार : प्रधान की ओर से गांव के पानी के निकास के लिए लाखों की लागत से बनवाई गई नाली किसान ने उखड़वा डाली। प्रधान ने इसकी शिकायत एसडीएम से की है। ग्राम पंचायत टाडा इनायतुल्ला के मजरा मुसापुर का पानी कुछ किसानों के खेतों में होकर तालाब में जाता है। इस नाली को प्रधान नेत्रपाल ने पक्का करा दिया। आरोप है कि एक किसान इस नाली को जेसीबी से उखड़वा डाला।

एडीजी से शिकायत के बाद रंगदारी की रिपोर्ट

शीशगढ़, अमृत विचार : शीशगढ़ थाना क्षेत्र के गांव कल्याणपुर निवासी युवक ने गांव के ही तीन लोगों पर एडीजी के निर्देश पर धमकी देने और रंगदारी मांगने की रिपोर्ट दर्ज कराई।

पीड़ित ने बताया कि वह 14 जून को काम से लौट रहा था, रास्ते में तीन लोगों ने उसे रोककर बीस हजार की रंगदारी मांगी ।मना करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी, और उस पर हमलावर हो गया। हालांकि उसने भागकर जान बचाई। उसने शीशगढ़ पुलिस से शिकायत की, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई।

इसके बाद एडीजी से शिकायत की तब जाकर पुलिस ने गांव कल्यानपुर निवासी वसीम और उसके तीन साथियों पर रिपोर्ट दर्ज कर, कार्रवाई कर रही है।

खनन में शामिल ट्रैक्टर ट्रॉली की सीज

भमोरा, अमृत विचार : तहसीलदार आशीष कुमार आंवला से भमोरा समाधान दिवस में आ रहे थे की कुड्ढा गांव पर मिट्टी भरी ट्रैक्टर ट्रॉली जा रही थी, रोकने पर चालक खनन संबंधी कोई परमिशन के दस्तावेज नहीं दिखा पाया। जिसके बाद उन्होंने ट्रैक्टर ट्रॉली को सीज कर दिया।

योग दिवस पर योगाभ्यास कराया



फरीदपुर, अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग प्रशिक्षक अनिरुद्ध शर्मा ने फरीदपुर ब्लॉक में बीडीओ के सहयोग से योगाभ्यास करवाया। इस दौरान राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय टिसुआ और राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय फतेहगंज पूर्वी के कर्मचारी मौजूद रहे। योग प्रशिक्षक सत्येन्द्र यादव, सरस्वती देवी व निधि कटियार ने भी योगाभ्यास कराया। 104 लोगों ने योगाभ्यास किया ।इसके साथ ही राजकीय हाईस्कूल इनायतपुर में प्रधानाचार्या कुसुमलता की अध्यक्षता में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय में शिक्षिकाओं ने बच्चों को विभिन्न प्रकार के योगाभ्यास कराए। कार्यक्रम के पश्चात प्रधानाचार्या कुसुमलता ने सभी छात्र-छात्राओं को फल वितरित किए। इस दौरान विद्यालय की शिक्षिका गीता, सीमा, राशि, रुबी आदि का विशेष सहयोग रहा।

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र 01, जेआरसी बरेली
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्त निकाय)
Ph.No.: 0581-2429349, E-mail: principalkvjrc@gmail.com, https://jrcbareilly.kvs.ac.in

साक्षात्कार (Walk in Interview)

शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए अंशकालिक एवं अनुबंधित शिक्षकों के पदों हेतु साक्षात्कार निम्न विवरण के अनुसार आयोजित किया जायेगा I इच्छुक अभ्यर्थी विद्यालय वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं I साक्षात्कार के दिन अभ्यर्थी पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र तथा समस्त प्रमाणों-पत्रों की छायाप्रति, मूल प्रमाण-पत्र के साथ दी गयी तिथियों एवं समय के अनुसार विद्यालय में उपस्थित हों I

ये पद पूर्णत: अंशकालिक संविदा पद हैं तथा भविष्य में कभी भी नियमित नहीं किए जायेंगे I

- साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु कोई भी यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।
- विद्यालय में साक्षात्कार के दिन उपस्थिति समय 08:00बजे पूर्वाह्न है तथा पंजीकरण 10:00बजे पूर्वाह्न तक ही किया जाएगा I

अभ्यर्थी सम्बन्धित पद हेतु अनिवार्य एवं वांछनीय योग्यताओं, मानदेय एवं अन्य शर्तों से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए विद्यालय की वेबसाइट (https://jrcbareilly.kvs.ac.in) का अवलोकन करें I

क्र०सं०	पदनाम	साक्षात्कार की तिथि	साक्षात्कार का स्थल
01	पीजीटी (समाज-शास्त्र) टीजीटी (हिंदी)	26.06.2024	पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र 01, जेआरसी बरेली, IBGH AREA, नजदीक-जाट रिकॉर्ड ऑफिस

पीएम श्री के०वि०क्र०1 जेआरसी बरेली

योग आत्मबोध का दर्शन

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

मन महत्वपूर्ण है। यजुर्वेद के शिव संकल्प सूत्रों में मन को शिवत्व से भरने की स्तुति है। इसमें 6 मंत्र हैं। कहते हैं, "हमारा मन नदी पर्वत आकाश तक जाता है। हम उसे वापिस बुलाते हैं।" सभी 6 मंत्रों के अंत में 'तन्मे मन : शिव संकल्पम अस्तु' जुड़ा हुआ है। चित्तवृत्तियों की समाप्ति से एकाग्रता आती है।

योग आश्चर्यजनक है। इसके परिणाम गणित के सूत्रों जैसे सत्य सिद्ध हैं। यह भारत का प्राचीन विज्ञान है। षड्दर्शन में योग भी है। इसकी स्वीकृति अंतर्राष्ट्रीय है। दो दिन पहले 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस था। योग दिवस में लाखों लोगों ने हिस्सा लिया है। भारत के सभी क्षेत्रों राज्यों में योग दिवस के आयोजन हुए हैं। अस्तित्व महाऊर्जा से भरा पूरा है। योग अस्तित्व से शक्ति अर्जित करने का विज्ञान है। इसका उल्लेख ऋग्वेद में है। उपनिषदों में है। गीता में विस्तृत हैं। बुद्ध पंथ में तमाम यौगिक क्रियाओं का उल्लेख है। मार्शल ने हड़प्पा सभ्यता पर 'मोहनजोदड़ो एंड दि इंडस सिविलाइजेशन' पुस्तक लिखी थी। इस ग्रंथ में शिव को आर्य देवताओं से भिन्न देवता बताया है। इस किताब में योग के बारे में लिखा है, "शैव मत के समान योग का उद्भव भी आर्यों से पहले की आबादी में हुआ था। काव्यों के युग के पहले उसकी कोई महत्वपूर्ण भूमिका आर्यों के धर्म में नहीं थी।" मार्शल का विवेचन सही नहीं है। वे सिंधु सभ्यता को वैदिक सभ्यता से प्राचीन मानते थे। उनकी मानें तो योग सिंधु सभ्यता के समय विकसित हुआ। वैदिक पूर्वजों ने इसे बहुत बाद में जाना। यह तथ्य संगत नहीं है। वैदिक पूर्वज ऋग्वेद के रचनाकाल से ही योग से परिचित थे।

मनुष्य चित्त चंचल है। चंचलता दुख, सुख, विषाद व अवसाद लाती है। योग चित्त चंचलता की समाप्ति का विज्ञान है। योग के द्वारा बुद्धि का जागरण वैदिक काल में भी था। यह जागरण सामान्य नहीं है। ऋग्वेद (5.44.14) में कहते हैं, "जो जागे हुए हैं। ऋचाएं उनकी कामना करती हैं।" मन की चंचलता मनुष्य का स्वभाव है। स्थिरप्रज्ञता योग की उपलब्धि है। ऋग्वेद में इन्द्र से कहते हैं, "आपका मन हमारी ओर हो। (8.45.6) वैदिक देव इन्द्र योग के विज्ञ थे। इन्द्र की प्रशंसा में कहते हैं, "आपने जन्म लेते ही अपना मन स्थिर किया।" सृजन का आनंद भी योग से मिलता है। ऋग्वेद (9.68.5) में कहते हैं, "आनंद प्रशिक्षित मन से आता है। मार्शल की आधी बात ठीक है कि हड़प्पावासी योग से परिचित थे।" मार्शल की यह बात गलत है कि ऋग्वैदिककाल में योग साधना नहीं थी। मार्शल की यह बात भी गलत थी कि आर्य जन योग से अपरिचित थे। ऋग्वेद में हिरण्यगर्भ का उल्लेख है। वे योग के प्रथम प्रवक्ता माने जाते हैं। योग को व्यवस्थित रूप में विज्ञान बनाने का काम ईसा की दूसरी सदी पूर्व पतंजलि ने किया था। उन्होंने ही 'योगसूत्र' नामक महान ग्रंथ लिखा है।

भारतीय दर्शन में दुख का मूल कारण अविद्या है। पतंजलि ने चित्तवृत्तियों को सुख दुख का कारण माना है। सिग्मंड फ्रायड प्रसिद्ध मनसविद् थे। उन्होंने मन का विश्लेषण किया है। उन्होंने तीन तरह के मन बताए हैं। पहला क्षिप्त मन। दूसरा विक्षिप्त मन और तीसरा मूढ़ मन। लेकिन पतंजलि ने मूढ़, क्षिप्त, विक्षिप्त, एकाग्र और निरुद्ध सहित चित्त की पांच अवस्थाएं बताईं। इन चित्त वृत्तियों की समाप्ति को योग का लक्ष्य बताया-योगश्च चित्त वृत्ति निरोधः (योगसूत्र 2) बताया। मनुष्य का चित्त द्रव्य या पदार्थ नहीं है। पदार्थ होता तो विज्ञान की पकड़ में आता। चित्त मनुष्य शरीर का अति सूक्ष्मतम अदृश्य भाग है। मन और शरीर मिले हुए हैं। मन खराब हो तो शरीर कष्ट पाता है। शरीर में चोट हो तो मन दुखी होता है। अपमान का अनुभव मन पर होता है। ताप शरीर पर होता है। एकाग्र मन आनंद का स्रोत है।

मन महत्वपूर्ण है। यजुर्वेद के शिव संकल्प सूत्रों में मन को शिवत्व से भरने की स्तुति है। इसमें 6 मंत्र हैं। कहते हैं, "हमारा मन नदी पर्वत आकाश तक जाता है। हम उसे वापिस बुलाते हैं।" सभी 6 मंत्रों के अंत में 'तन्मे मनः शिव संकल्पम अस्तु' जुड़ा हुआ है। चित्तवृत्तियों की समाप्ति से एकाग्रता आती है। एकाग्रता की प्राप्ति योगाभ्यास से होती है। मन के साथ शरीर भी स्वयं में स्थिर होता है। स्वयं में स्थिर होना स्वस्थ होना है। पतंजलि के सूत्र संक्षिप्त हैं। कहीं कहीं एक ही शब्द का वाक्य है। वे आसन, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से आत्मबोध कराते हैं। आसन और प्राणायाम सरल शब्द हैं। ध्यान और समाधि कठिन है। ध्यान एकाग्रता है। पतंजलि के अनुसार ध्यान का केन्द्र केवल उपकरण है। उपकरण कार्यसिद्धि में सहायक हैं। योगसूत्र में प्रीतिकर विषय पर ध्यान के विकल्प हैं। योगसूत्र (समाधिपाद 39) में कहते हैं, "यथाभिमत्ध्याना द्वा-जिसकी जैसी इच्छा हो उस केन्द्र पर ध्यान करे। फिर कहते हैं अथवा ईश्वर पर प्राण-ध्यान लगाएं-ईश्वर प्रणिधाना द्वा (वही 23) पतंजलि के सूत्रों में ईश्वर पर ध्यान एक विकल्प है। पतंजलि का ईश्वर सामान्य ईश्वर नहीं है। वे ईश्वर की परिभाषा भी बताते हैं, "क्लेश, कर्म, कर्मफल और वासना से असम्बद्ध चेतना विशेष ईश्वर है (वही 24)। आगे कहते हैं, "समय के पार होने के कारण वह गुरुओं का गुरु है।" योग सिद्धि में समय नहीं होता। समय शून्यता के बोध में दुख या सुख नहीं होता। इस परिभाषा के अनुसार कोई भी योग के माध्यम से ईश्वर जैसा हो सकता है।

योग आनंद का सागर है। योग सिद्ध स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। उसके चित्त से सृजन फूटते हैं। योग सिद्धि के लगातार अभ्यास जरूरी है। उपलब्धि प्राप्ति के प्रति अनासक्ति से योग के लाभ मिलते हैं। पतंजलि ने स्वयं कहा है कि "जिनके प्रयास मृदु या मध्यम होते हैं। उन्हें योग के लाभ उसी मात्रा व समय में मिलते हैं। जिनके प्रयास तीव्र होते हैं उन्हें योग का फल तत्काल मिलता है।" पतंजलि ने योग सिद्ध बुद्धि के लिए ऋतम्भरा शब्द का प्रयोग किया है-ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा। ऋतं शब्द पहली बार ऋग्वेद में आया है। इसका अर्थ अस्तित्व का संविधान है। ऋतम्भरा साधारण बुद्धि नहीं है। एक बुद्धि मनुष्य की होती है। एक बुद्धि समूचे ब्रह्माण्ड की होती है। ऋतम्भरा पूरे ब्रह्माण्ड की बुद्धि है। फिर समाधि की चर्चा है। और अंततः कैवल्य की। योग दर्शन सत्य के द्वार खोलता है। योग से तमाम बीमारियों के उपचार भी होते हैं। लेकिन ऐसे उपचार योग के प्राथमिक चरण में ही पूरे हो जाते हैं। असली बात है कैवल्य या निर्बीज समाधि। तब योगी संसार में रहते, चलते, उठते, बैठते सभी अवस्थाओं में निस्पृह और निष्काम रहता है। योग विज्ञान भारतीय दर्शन का प्रतिष्ठित अंग है।

भारतीय राष्ट्र जीवन में योग यत्र तत्र सर्वत्र है। बिना प्रयास किसी का मिलना जुड़ना संयोग है। अलग हो जाना वियोग है। सहायक बना लेने का ज्ञान उपयोग हैं। आरोपित करना अभियोग है। वस्तुओं का उत्पादन करना उद्योग है। शक्ति का गलत प्रयोग दुरूपयोग है। शक्ति का प्रतिस्पर्धी प्रयोग प्रतियोग है। प्रतियोगिता शब्द इसी से बना है। ज्ञान को साधना का उपकरण बनाना ज्ञान योग है। भक्ति मार्ग भक्ति योग है। कर्म प्रधानता कर्म योग है। संसार को माया और ब्रह्म को वास्तविक जानना सन्यास योग है। ज्योतिष में गृह स्थितियों की अनुकूलता संयोग है। गणित में अंकों का जोड़ भी योग है। योग जोड़ने का विज्ञान है। आत्मबोध का दर्शन है। यह अंधविश्वास नहीं है।

विज्ञान और दार्शनिक पक्ष


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

दारा शिकोह ने शाहजहां के दरबारी संस्कृत कवि पंडितराज जगन्नाथ के मार्गदर्शन में और बनारस के कई अन्य पंडितों की सहायता से 50 उपनिषदों का फारसी में 'सिर्र-ए-अकबर' (सबसे बड़ा रहस्य) के नाम से स्वयं अनुवाद किया था।

एक फ्रांसीसी विद्वान एक्वेटिक डु पेरां द्वारा फारसी से लैटिन में किए गए इसके अनुवाद से यूरोप उपनिषदों के ज्ञान से परिचित हुआ और शापेनहावर जैसे जर्मन दार्शनिक इस ज्ञान की अप्रतिम सूक्ष्मता और निरपेक्ष सत्य के प्रति इसके उत्कट आग्रह से प्रभावित हुए। संस्कृत से सीधे यूरोपीय भाषाओं में अनुवाद बहुत बाद में हुआ।

आर्थर शापेनहावर ने अपनी विश्व प्रसिद्ध पुस्तक 'द वर्ल्ड एज विल एंड रेप्रज़ेंटेशन' (जर्मन से अंग्रेजी में अनूदित नाम) में स्वीकार किया है कि भारत के ऋषियों ने शायद सत्य को पहचान लिया था। दारा शिकोह की दुर्लभ फारसी पुस्तक सिर्र-ए-अकबर इलाहाबाद विवि के इतिहास विभाग के प्रोफेसर ताराचंद (1888-1973) द्वारा अंग्रेजी में लिखित 49 पृष्ठों की भूमिका के साथ प्रकाशित हुई थी जिसे प्रोफेसर ताराचंद ने अपनी ईरान यात्रा के दौरान ईरान के तत्कालीन शाह-मोहम्मद रजा शाह पहलवी को भेंट किया था।

शापेनहावर के माध्यम से ही भौतिकी में नोबल पुरस्कार से सम्मानित आइरिश ऑस्ट्रियाई भौतिकशास्त्री एरविन श्रोडिन्गर (अर्विन श्रोडिन्गर, 1887-1961) उपनिषदों और भारतीय वेदांत दर्शन से परिचित हुए थे।

अद्वैत वेदांत के अनुसार परम या विश्व चेतना ही सृष्टि का आदि कारण है और कार्य कारण संबंध से समस्त सृष्टि में व्याप्त है। नानारूप वस्तुजगत उसी विश्व चेतना का अध्यास है। वही विश्व चेतना हर मनुष्य की चेतना में प्रतिबिंबित है। अर्विन श्रोडिन्गर क्वांटम भौतिकी के पाश्चात्य वैज्ञानिकों के उस समूह का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसने क्वांटम भौतिकी की बोधगम्यता के लिए मानव चेतना की समांतर वास्तविकता को अकाट्य पाया और भारतीय उपनिषदों के ज्ञान का उल्लेख करते हुए उसमें निहित चेतना और पदार्थ के अद्वैत के प्रति आदर व्यक्त किया।

श्रोन्दिगर ने 1922 में लिखे अपने एक शोधपत्र में वर्णक्रमीय रेखाओं के संदर्भ में सापेक्षी डॉप्लर प्रभाव (जब इलेक्ट्रॉन-तरंग का निरीक्षक उसके स्रोत की ओर बढ़ता है तो उसी के सापेक्ष तरंग की आवृत्ति भी बढ़ती जाती है) पर एक समीकरण विकसित किया। अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'जीवन क्या है?' में श्रोन्दिगर ने आनुवंशिकी और जैवीय परिघटना को भौतिकशास्त्र की दृष्टि से परखा और विज्ञान के दार्शनिक पक्ष पर विचार करते हुए, पौर्वात्य दार्शनिक एवं नैतिक अवधारणाओं को स्वीकार्य पाया।

श्रोडिन्गर ने मस्तिष्क और पदार्थ विषय पर दिए गए अपने एक व्याख्यान में कहा, "स्थान और समय के आरपार फैला संसार हमारी ही अनुकृति है (यथा पिंडे तथा ब्रह्माण्डे?) यदि संसार वस्तुतः हमारे निरीक्षण कर्म पर आधारित है तो अरबों संसार होने चाहिए हम सब का एक-एक संसार, लेकिन ऐसा कैसे हुआ कि हमारा और आपका संसार वही है, एक ही है, वह क्या है जो इन सभी संसारों को एक-दूसरे के समतुल्य बनाता है?" इसी के साथ श्रोडिन्गर ने औपनिषद महावाक्य 'तत्वमसि' के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। श्रोडिन्गर का निष्कर्ष था-"चेतना की व्याख्या भौतिक शब्दावली में नहीं हो सकती, क्योंकि चेतना निरपेक्ष रूप से मूलभूत सत्ता है। किसी भी इतर संदर्भ से इसकी व्याख्या नहीं हो सकती।"

पता नहीं, भारत को विश्वगुरु सिद्ध करने को बेताब हमारे वर्तमान पुरोधाओं को आर्थर शापेनहावर के माध्यम से अर्विन श्रोडिन्गर को प्राप्त उपनिषद ज्ञान और क्वांटम भौतिकी की अद्यतन खोजों में उसकी प्रासंगिकता का कुछ इल्म है या नहीं!

नालंदा विश्वविद्यालय के पुनरुत्थान के मायने

प्रो. महेश चंद गुप्ता
दिल्ली

दुनिया के पहले आवासीय विश्वविद्यालय के रूप में नालंदा विश्वविद्यालय का वैभव ही ऐसा था जिसने चीन, कोरिया, जापान, तिब्बत, मंगोलिया, श्रीलंका और दक्षिण पूर्व एशिया सहित दुनियाभर के विद्वानों को आकर्षित किया। नालंदा में चिकित्सा, आयुर्वेद, बौद्ध धर्म, गणित, व्याकरण, खगोल विज्ञान और भारतीय दर्शन जैसे विषय पढ़ाए जाते थे। भारतीय गणित के प्रणेता और शून्य के आविष्कारक आर्यभट्ट छठी शताब्दी ईसवी के दौरान नालंदा के प्रतिष्ठित शिक्षकों में से एक रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया है। इसी के साथ सदियों के बाद नालंदा विश्वविद्यालय पूरे विश्व में ज्ञान के प्रसार के लिए उठ खड़ा हुआ है। 455 एकड़ में 1749 करोड़ की लागत से बना नालंदा का नया परिसर केवल कंकरीट की एक इमारत भर नहीं है, बल्कि इस इमारत के निर्माण से हमारे देश का गौरवशाली इतिहास पुनर्जीवित हुआ है। यह भारत को विश्व गुरु बनाने के लक्ष्य की ओर बढ़ा एक महत्वपूर्ण कदम है जिसके जरिए समूची दुनिया में ज्ञान की अलख जगाने के साथ-साथ एक नया इतिहास रचा जाना तय हो गया है।

सदियों पहले समूचे विश्व के लिए ज्ञान का सागर बने जिस नालंदा को आक्रांताओं ने जलाकर खाक और तहस-नहस कर दिया था, उसका पुनरुत्थान एक बहुत बड़ा और युगांतकारी कदम है। नालंदा में प्राचीन विश्वविद्यालय के खंडहरों के पास नई इमारत की तामीर हमें गौरवान्वित कर रही है। वैसे तो इमारतें रोज बनती हैं, मगर नालंदा में यह नव निर्माण अनूठा है, देश के लिए गर्व का विषय है। नालंदा में मोदी ने कहा भी है कि ''मैं नालंदा को भारत की विकास यात्रा के लिए एक शुभ संकेत के रूप में देखता हूं। नालंदा केवल नाम नहीं है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, नालंदा मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा है उद्घोष इस सत्य का कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं, लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। नालंदा के ध्वंस ने भारत को अंधकार से भर दिया था। अब इसकी पुनर्स्थापना भारत के स्वर्णिम युग की शुरुआत करने जा रही है।'' नालंदा में लगाई गई आग किसी इमारत, पुस्तकालय को नष्ट करने का नहीं, बल्कि भारत के गौरव को आहत करने का प्रयास था, क्योंकि प्राचीन मगध साम्राज्य (आधुनिक बिहार) में 5 वीं शताब्दी ई. में स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय का नाम समूची दुनिया में था। इसमें दुनिया भर के दस हजार विद्यार्थी पढ़ते थे।

दुनिया के पहले आवासीय विश्वविद्यालय के रूप में नालंदा विश्वविद्यालय का वैभव ही ऐसा था जिसने चीन, कोरिया, जापान, तिब्बत, मंगोलिया, श्रीलंका और दक्षिण पूर्व एशिया सहित दुनियाभर के विद्वानों को आकर्षित किया। नालंदा में चिकित्सा, आयुर्वेद, बौद्ध धर्म, गणित, व्याकरण, खगोल विज्ञान और भारतीय दर्शन जैसे विषय पढ़ाए जाते थे। भारतीय गणित के प्रणेता और शून्य के आविष्कारक आर्यभट्ट छठी शताब्दी ईसवी के दौरान नालंदा के प्रतिष्ठित शिक्षकों में से एक रहे। इतिहासकारों के अनुसार सदियों पहले नालंदा में दाखिला आसान नहीं था। यहां प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को कठिन साक्षात्कार प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था। यह सब इतना वैभवशाली था, जो आसुरी शक्तियों और विनाशकारी सोच वालों से देखा नहीं जा रहा था। आसुरी शक्तियों ने समय-समय पर हमारे वैभव को मिटा कर हमें निराश, हताश और आहत करने के लिए प्रयास किए। अतीत में समय चक्र कुछ ऐसे चला जिससे आसुरी शक्तियां हावी हो गईं। विदेशी आक्रांताओं की वजह से एक लंबे कालखंड तक देश में प्रतिकूल हालात बने रहे। आक्रांताओं ने हमारे नालंदा जैसे विशाल भवन नष्ट कर दिए।

हमारे अस्तित्व के खात्मे की कोशिशें की गईं, मगर वह ज्ञान को भला किस प्रकार मिटा पाते। उस ज्ञान को कैसे मिटाते, जो हमारे सहज स्वभाव में है। वक्ती तौर पर भवनों को ढहा देने वाले आक्रांता खुश होकर चले गए, लेकिन जिस प्रकार काले बादलों का अंधेरा छंटने पर सूर्य की सप्त रश्मियां वातावरण को फिर से जगमग कर देती हैं, उसी प्रकार राष्ट्रीय महत्व के संस्थान और उत्कृष्टता के रूप में नामित नालंदा विश्वविद्यालय से पुनः शिक्षा का उजियारा फूटना शुरू हो गया है। मैं चार दशक से ज्यादा समय दिल्ली यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर रहा हूं। एक शिक्षक के रूप में लंबे अनुभव की बदौलत मेरी यह मान्यता है कि शिक्षा और विकास एक-दूसरे के पूरक हैं। शिक्षा की सीढ़ी पर चढ़कर ही विकास की प्रत्येक मंजिल पर पहुंचा जा सकता है।

यदि हम आजादी के सौ साल पूरे होने के अवसर पर वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित देश के रूप में देखना चाहते हैं तो यह शिक्षा की बदौलत ही संभव है, लेकिन यह इतना सरल और सहज नहीं है। इसके लिए देश के विश्वविद्यालयों के लिए जमकर काम करना होगा। सरकारी विश्वविद्यालयों को ऊर्जावान बनाना होगा। सभी राज्यों को अपने-अपने विश्वविद्यालयों का ढांचा मजबूत करने के लिए होड़ लगानी पड़ेगी। अभी देश में प्राथमिक शिक्षा से लेकर स्नातकोत्तर तक शिक्षा और सरकारी विश्वविद्यालयों की जो हालत है, वह बेहद चिंताजनक हैं। आजादी के बाद सत्तर सालों में शिक्षा को नजरअंदाज ही किया गया है। बजट में शिक्षा के लिए पर्याप्त प्रावधान नहीं किए गए। इसी कारण हमारे सरकारी विश्वविद्यालय और अन्य उच्चतर संस्थान पिछड़ गए। हमारे देश में निजी विश्वविद्यालय निरंतर विस्तार कर रहे हैं, पैसा कमा रहे हैं, लेकिन इसके विपरीत यूजीसी की फंडिंग वाले विश्वविद्यालय पिछड़ रहे हैं।

हमारे ज्यादातर विश्वविद्यालयों का बुनियादी ढांचा मजबूत नहीं है। उनमें विश्व स्तरीय स्मार्ट क्लास रूम का अभाव है। अच्छे ऑडिटोरियम, लाइब्रेरी, एकेडमिक ब्लॉक्स और बेहतरीन लैब की कमी खलती है, जो भारत प्राचीन काल में समूचे विश्व में शिक्षा का प्रमुख केन्द्र था, जिस भारत में उच्च शिक्षा के दुनिया के पहले विश्वविद्यालयों में शामिल सर्वाधिक महत्वपूर्ण और विख्यात नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना हुई, उस भारत में विश्वविद्यालयों की मौजूदा स्थिति विचारणीय है। इस वजह से देश में उच्च शिक्षा गुणवत्ता के लिहाज से पिछड़ रही है। धनवान लोगों के बच्चे तो उच्च शिक्षा के लिए विदेश चले जाते हैं और वहीं करियर बनाकर बस भी जाते हैं। आम लोगों के बच्चे निजी विश्वविद्यालयों में शोषण झेल रहे हैं। यूजीसी फंडिंग वाले विश्वविद्यालयों की स्थिति सुधारी जाए तो हालात बदले जा सकते हैं। ऐसा तभी संभव है, जब हम हमारे विश्वविद्यालयों को विश्व रैंकिंग में लाएंगे। उन्हें बड़ा ब्रांड बनाने की दिशा में काम करेंगे।

जनता को भी मिले बैंकों के लाभ का फायदा

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

विगत कुछ वर्षों से सार्वजनिक बैंको ने काफी अच्छा लाभ कमाया है। वर्ष 2023-2024 के लाभ की बात की जाए तो सभी 12 राष्ट्रीकृत बैंकों ने 141203 करोड़ का शुद्ध मुनाफा कमाया है, जबकि विगत 2022-2023 में यह लाभ 104649 करोड़ था। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि सरकार क्यों इनमें से कुछ बैंकों को निजी क्षेत्र में देने की सोच रही है? 1969 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण की शुरुआत हुई थी, लेकिन विगत वर्षों में कुछ बैंको के विलय हो जाने से मात्र 12 ही राष्ट्रीयकृत बैंक बचे हैं, जिन्हें आज भी नवरत्न कहना असंगत न होगा।

सरकार को अपनी सोच बदलकर न केवल इनका वर्तमान स्वरूप बनाए रखने की जरूरत है, बल्कि वर्तमान निजी बैंकों को भी राष्ट्रीयकृत घोषित करने की जरूरत है। आखिर जनता की जमा राशियों को सुरक्षित हाथों में रखने की भी जरूरत है।

सरकार को चाहिए कि वो इस बात को समझे कि जनता की निधि जनता के हितों और सामाजिक लाभ के लिए ही हो, न कि प्राइवेट लूट के लिए, आने वाले बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस पर यह मांग बैंक कर्मचारियों की ओर से उठने जा भी रही है। जब सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों ने आशा से अधिक लाभ कमा कर दिया है तो जनता पर लगाए गए अधिभारों जैसे एसएमएस चार्जेज, एटीएम से नकद निकासी चार्जेज, पासबुक, चेकबुक चार्जेज, नकदी जमा चार्जेज, को समाप्त करने, जमाराशियों पर ब्याज दरें बढ़ाने और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में ब्याज कम कर जनता को राहत दिए जाने का समय आ गया है। क्या हमारी यह सरकार इस पर विचार करेगी?

सनातन सहिष्णुता

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

ओटीटी नेटफ्लिक्स पर आई महाराज फिल्म देखी। एक सत्य ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बावजूद यह प्रभावित नहीं करती। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जितनी स्वतंत्रता फिल्मकार हिन्दू धर्म की विकृतियों को उघाड़ने में लेते हैं, दूसरे धर्मों की नुक्ताचीनी में उनकी घिग्घी क्यों बंधी रहती है?

क्या यह हिन्दू धर्म की सनातन सहिष्णुता का नाजायज फायदा उठाना नहीं है? इस लिहाज से महाराज ओटीटी फिल्म को यदि वल्लभाचार्य संप्रदाय के अनुयायियों द्वारा अदालत में दी गई चुनौती कि उनकी भावनाओं को फिल्म द्वारा आहत किया गया है, उचित है अथवा अनुचित अदालत को फैसला करना है। महाराज से जुड़े अदालती मामले की विस्तृत जानकारी गूगल पर उपलब्ध है।

फिल्म 1862 की एक सच्ची घटना से संबंधित है जिसमें एक वैष्णवपंथी दुराचारी मठाधीश हवेली में चरणसेवा के नाम पर नारियों का दैहिक मानसिक शोषण करता रहता है और धर्म तथा परंपरा के नाम उसको उचित ठहराता है। नायक जब धर्म के नाम पर दुराचार का विरोध करता है और अपने पक्ष में जन जागरण करता है तो महाराज द्वारा अदालत में उसके विरुद्ध मानहानि का मुकदमा दायर किया जाता है। अंग्रेजी कोर्ट का फैसला महाराज के विरुद्ध आता है। फिल्म में महाराज के अभिनय के अलावा सभी दूसरे पात्र बहुत फीके हैं। संवाद प्रभावशाली हैं, पर उनकी अदायगी बेदम है। न भी देखेंगे तो चलेगा।

इसके साथ ही अन्नू कपूर की "हम दो हमारे बारह" भी अदालती प्रक्रिया से गुजरकर तनिक कतर ब्योत के साथ रिलीज हो गई है जिस पर मुस्लिम समुदाय का एक बड़ा वर्ग आहत है। फिल्म अभी मैंने देखी नहीं इसलिए उस पर टिप्पणी करना मुनासिब नहीं है।

उत्तराखंड में हादसों की सड़कें

दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

देवभूमि में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंता का सबब हैं। सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए सबसे पहले सभी सड़कों की हालातों को ठीक किया जाए। जिम्मेदार विभागों और अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए तथा लापरवाही पर सख्त सजा का प्रावधान हो। रात में वाहन चलाने पर तत्काल रोक लगा दी जानी चाहिए। हर सड़क पर परिवहन विभाग के अधिकारियों के नाम और उनके फोन नंबर के डिस्प्ले होने चाहिए। हर माह सड़कों की मॉनिटरिंग हो तथा सड़क गड्ढा मुक्त हो।

पिछले कुछ महीनों से पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में सड़क दुर्घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं और खूनी सड़कें लगातार लोगों की जिंदगियां ले रही हैं। गत 15 जून को रुद्रप्रयाग जिले में बदरीनाथ हाईवे पर दिल्ली से आए एक टेंपो ट्रैवलर के अलकनंदा नदी में गिर जाने से पंद्रह लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना का कारण टेंपो ट्रैवलर के ड्राइवर को नींद आना बताया जा रहा है। झपकी आने के कारण ड्राइवर स्टेरिंग से नियंत्रण खो बैठा और टेंपो ट्रैवलर सीधे नदी में जा गिरा। लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं सड़क सुरक्षा पर कई प्रश्नचिन्ह खड़े कर रही है।

इस दुर्घटना के कुछ दिन बाद पौड़ी गढ़वाल जनपद में भी दो सड़क दुर्घटनाएं हुईं। खिरसू के पास एक स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वही सतपुली में एक टाटा सुमो के खाई में गिरने से 10 लोग बुरी तरह घायल हो गए। इसके अतिरिक्त आए दिन पहाड़ में सड़क दुर्घटनाएं देखने को मिल रही हैं।

इस समय उत्तराखंड में पर्यटन सीजन चल रहा है। सड़कों पर गाड़ियों की भरमार है। पर्यटन स्थलों और चार धामों जाती सड़कों पर लंबा जाम लग रहा है। ज्यादातर सड़क हादसे चालकों की लापरवाही से होते हैं। मैदानी सड़कों पर चलने वाले ड्राइवरों को पहाड़ की घुमावदार सड़कों पर वाहन चलाने का अनुभव नहीं होता। उन्हें सड़कों की स्थिति का पता नहीं होता कि कहां सड़कें संकरी हैं, कहां घुमावदार मोड़ है और कहां सीधी चढ़ाई या तीव्र ढलान। जरा सी लापरवाही हुई नहीं कि वाहन दुर्घटना का सबक बन जाता है।

नशे में गाड़ी चलाना भी सड़क दुर्घटना का एक प्रमुख कारण है। रात के समय अधिकांश ड्राइवर नशे में गाड़ी चलाते हुए पकड़े गए हैं। नशा और ऊपर से तेज गाड़ी चलाने के कारण भी दुर्घटनाएं होती हैं। पहले पहाड़ में रात के समय गाड़ी चलाना मना था, लेकिन अब नियमों में थोड़ी डील मिलने से ड्राइवर रात को भी धड़ल्ले से गाड़ी चला रहे हैं। नतीजन कई बार चालकों को झपकी आने से भी दुर्घटनाएं हो जाती हैं। रुद्रप्रयाग जनपद में हुई घटना के बाद प्रशासन ने रुद्रप्रयाग जिले में रात में वाहन चलाने पर रोक लगा दी है।

दूसरे कारणों में सड़कों की स्थिति और बनावट है। पहाड़ी इलाकों में खासकर संपर्क मार्गों की स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं हैं। लगातार होते भूस्खलनों के कारण भी सड़कों की स्थिति खराब है। कई जगहों पर सड़कें बहुत संकरी और टूटी हैं तो कहीं सड़कों में गड्ढे हैं। कहीं सड़क किनारे सुरक्षा के लिए लगाए गए पैराफिट ही नहीं हैं। इसके अतिरिक्त कई सड़कों में वर्षों से डामरीकरण नहीं हुआ है। दुर्घटना के लिए चाहे वाहन चालक की लापरवाही हो या सड़क की बदतर स्थिति, दोनों ही सूरत में जिम्मेदारी सरकारी विभागों की ही होती है, क्योंकि सड़क बनाना, वाहन की फिटनेस, सड़क नियमों का पालन कराना, वाहन चालकों को लाइसेंस देना, इन सब में सरकारी विभागों की ही भागीदारी और जिम्मेदारी है।

देवभूमि में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंता का सबब हैं। सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए सबसे पहले सभी सड़कों को ठीक किया जाए। जिम्मेदार विभागों और अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए तथा लापरवाही पर सख्त सजा का प्रावधान हो। रात में वाहन चलाने पर तत्काल रोक लगा दी जानी चाहिए। हर सड़क पर परिवहन विभाग के अधिकारियों के नाम और उनके फोन नंबर के डिस्प्ले होने चाहिए। हर माह सड़कों की मॉनिटरिंग हो तथा सड़क गड्ढा मुक्त हो। वाहन चालकों को जागरूक और प्रशिक्षित किए जाने की भी आवश्यकता है।

परीक्षा में धांधली रोकने को कड़ाई जरूरी


सलिल पांडेय
मिर्जापुर

ऐसे में उन अभ्यर्थियों की हालत बड़ी खराब हो जाती हैं जिनके माता-पिता किसी प्रकार जमीन-जायदाद बेचकर या गिरवीं रखकर अपने बच्चों की कोचिंग फीस आदि की व्यवस्था करते हैं।

केंद्र तथा राज्य सरकारों की प्रतियोगी परीक्षाओं के लीक होने से चतुर्दिक अफरातफरी की स्थिति हो जाती है। इस वक्त तो केंद्र की नीट एवं यूजीसी नेट का मामला सामने है, लेकिन इसके पहले यूपी में कई प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हुए तथा पैसे के बल पर बेचे गए। इसका जबर्दस्त विरोध भी हुआ। हिंसक झड़पें हुईं। इसके अलावा विपरीत आर्थिक परिस्थितियों में अनेक अभ्यर्थियों ने आत्महत्याएं भी कर ली। यह अत्यंत दुर्भाग्यजनक है। उन अभ्यर्थियों की हालत बड़ी खराब हो जाती हैं जिनके माता-पिता किसी प्रकार जमीन जायदाद बेचकर या गिरवीं रखकर अपने बच्चों की कोचिंग फीस आदि की व्यवस्था करते हैं। जिन अभिभावकों के पास पर्याप्त धन है तो उनके ऊपर इस तरह का आर्थिक बोझ भले न पड़ता हो, लेकिन बच्चों पर विपरीत मानसिक दवाब पड़ता है। इसी में पैसे से सब कुछ हासिल करने वाले बच्चे और उनके अभिभावक लाखों रुपए तक खर्च कर एडवांस में पेपर प्राप्त कर लेते हैं। उनकी सेहत पर लीक से कोई असर नहीं पड़ता। अभी लोकसभा चुनाव के पूर्व यूपी में पुलिस परीक्षा का पेपर भी लीक हुआ। लीक पेपरों की प्रारंभिक जांच में इस तरह की बातें सामने आ रही हैं कि लीक करने वाले सामान्य स्तर के नहीं होते। मध्य प्रदेश के व्यापम मामले की याद ताजा होती रहती है।

पेपर सुचारु और पवित्र हो, इस दायित्व में फिलहाल सरकारी मशीनरी फेल दिखती है। स्मरणीय है कि लोकसभा तथा विधानसभा चुनावों में भी बड़ी अव्यवस्था होती थी, लेकिन जब से अर्धसैनिक बलों की देखरेख में चुनाव की जिम्मेदारी आई तब से चुनावों में हिंसा, मारकाट एवं हानि बहुत कम हुई है। ऐसी स्थिति में यदि सरकारी तंत्र परीक्षा संपन्न कराने में असफल हो रहा है तो हर तरह की प्रतियोगी परीक्षा में भी अर्धसैनिक बलों का इस्तेमाल किया जाए। पेपर बनाने, परीक्षा कराने से लेकर रिजल्ट आउट होने तक सारा इंतजाम अर्धसैनिक बलों की निगरानी में किया जाए। केवल कुछ सख्त कानून से काम नहीं चलेगा, इसके लिए कड़ाई बरतने की भी जरूरत है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर जिला-पीलीभीत

पत्रांक: 720/न.पा.परि./2023-24 दिनांक: 22.06.2024

प्रेस विज्ञप्ति अधिसूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार के पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना दिनांक 12.08.2021 के अनुसार 30 सितम्बर 2021 से 75 माइक्रोन व 31 दिसम्बर 2022 से 120 माइक्रोन मोटाई के कैरी बैग, प्लास्टिक पैकिंग और वस्तुएं सिंगल यूज प्लास्टिक थर्माकोल सामग्री, 100 माईक्रोन से कम के प्लास्टिक बैनर आदि प्रतिबंधित किये जाते है यदि कोई भी नगर पालिका बीसलपुर जनपद-पीलीभीत की सीमान्तर्गत इनका प्रयोग करता पाया जाता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार जुर्माने की कार्यवाही होगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बीसलपुर
जनपद-पीलीभीत

कार्यालय नगर पंचायत जहानाबाद (पीलीभीत)

पत्रांक: मैमो/न.पं.ज./2024-25 दिनांक: 22.06.2024

बल्क वेस्ट जनरेटर के लिए आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत जहानाबाद जनपद पीलीभीत में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत ठोस कचरा अधिनियम- 2016 के अनुसार प्रतिदिन 100 किलोग्राम या इससे अधिक कचरा उत्पन्न करने वालों को स्वयं अपने स्तर पर ठोस और गीला कचरा अलग-अलग करना तथा उसका निस्तारण करना अनिवार्य है। नियमों का पालन नहीं करने पर सम्बन्धित के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत जहानाबाद
पीलीभीत

कार्यालय ग्राम पंचायत भगवंतापुर विकास खण्ड पूरनपुर, पीलीभीत

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भगवंतापुर वि.ख. पूरनपुर पीलीभीत की वित्तीय वर्ष 2024-25 की स्वीकृत कार्य योजना के अनुसार ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाले पन्द्रहवाँ वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग, आर.जी.एस.ए. आई.सी.डी., स्वच्छ भारत मिशन/मनरेगा योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, मरम्मत, इण्टरलॉकिंग कार्य नव निर्माण,/मरम्मत, नाली निर्माण नवनिर्माण/मरम्मत खडन्जा नव निर्माण/मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धन कार्य मिट्टी, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट क्रय, हैण्ड पम्प रिबोर एवं मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेन्टिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल एवं पंचायत घर बाउण्ड्री नवनिर्माण/मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, आंगनबाड़ी कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग,पानी की टंकी निर्माण, खाद के गड्ढे का निर्माण एवं अन्य कराये जाने वाले कार्य उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेण्ट, मौरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इण्टरलॉकिंग हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी, प्रचार-प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनिटाइजर, फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली, ई-रिक्शा क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.वी.आई किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय भगवंतापुर पर दिनांक 23.06.2024 से दिनांक 26.06.2024 तक सायं 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर जमा कर सकते हैं। उक्त निविदायें 27.06.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। नियम व शर्तो हेतु कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय पर सम्पर्क कर सकते हैं। निविदायें निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

सतीश गिरी-ग्राम प्रधान ओम प्रकाश-सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत सेल्हा विकास खण्ड पूरनपुर, पीलीभीत

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सेल्हा वि.ख. पूरनपुर पीलीभीत की वित्तीय वर्ष 2024-25 की स्वीकृत कार्य योजना के अनुसार ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाले पन्द्रहवाँ वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग, आर.जी.एस.ए. आई.सी.डी., स्वच्छ भारत मिशन/मनरेगा योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, मरम्मत, इण्टरलॉकिंग कार्य नव निर्माण,/मरम्मत, नाली निर्माण नवनिर्माण/मरम्मत खडन्जा नव निर्माण/मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धन कार्य मिट्टी, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट क्रय, हैण्ड पम्प रिबोर एवं मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेन्टिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल एवं पंचायत घर बाउण्ड्री नवनिर्माण/मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, आंगनबाड़ी कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग,पानी की टंकी निर्माण, खाद के गड्ढे का निर्माण एवं अन्य कराये जाने वाले कार्य उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेण्ट, मौरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इण्टरलॉकिंग हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी, प्रचार-प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनिटाइजर, फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली, ई-रिक्शा क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.वी.आई किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय सेल्हा पर दिनांक 23.06.2024 से दिनांक 26.06.2024 तक सायं 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर जमा कर सकते हैं। उक्त निविदायें 27.06.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। नियम व शर्तो हेतु कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय पर सम्पर्क कर सकते हैं। निविदायें निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

विधु वैरागी-ग्राम प्रधान नागेन्द्र-सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत पता वोझी विकास खण्ड पूरनपुर, पीलीभीत

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पता वोझी वि.ख. पूरनपुर पीलीभीत की वित्तीय वर्ष 2024-25 की स्वीकृत कार्य योजना के अनुसार ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाले पन्द्रहवाँ वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग, आर.जी.एस.ए. आई.सी.डी., स्वच्छ भारत मिशन/मनरेगा योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, मरम्मत, इण्टरलॉकिंग कार्य नव निर्माण,/मरम्मत, नाली निर्माण नवनिर्माण/मरम्मत खडन्जा नव निर्माण/मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धन कार्य मिट्टी, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट क्रय, हैण्ड पम्प रिबोर एवं मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेन्टिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल एवं पंचायत घर बाउण्ड्री नवनिर्माण/मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, आंगनबाड़ी कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग,पानी की टंकी निर्माण, खाद के गड्ढे का निर्माण एवं अन्य कराये जाने वाले कार्य उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेण्ट, मौरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इण्टरलॉकिंग हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी, प्रचार-प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनिटाइजर, फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली, ई-रिक्शा क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.वी.आई किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पता वोझी पर दिनांक 23.06.2024 से दिनांक 26.06.2024 तक सायं 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर जमा कर सकते हैं। उक्त निविदायें 27.06.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। नियम व शर्तो हेतु कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय पर सम्पर्क कर सकते हैं। निविदायें निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

टीकाराम-ग्राम प्रधान ओम प्रकाश-सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत किशनपुर हरीपुर विकास खण्ड पूरनपुर, पीलीभीत

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत किशनपुर हरीपुर वि.ख. पूरनपुर पीलीभीत की वित्तीय वर्ष 2024-25 की स्वीकृत कार्य योजना के अनुसार ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाले पन्द्रहवाँ वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग, आर.जी.एस.ए. आई.सी.डी., स्वच्छ भारत मिशन/मनरेगा योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, मरम्मत, इण्टरलॉकिंग कार्य नव निर्माण,/मरम्मत, नाली निर्माण नवनिर्माण/मरम्मत खडन्जा नव निर्माण/मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धन कार्य मिट्टी, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट क्रय, हैण्ड पम्प रिबोर एवं मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेन्टिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल एवं पंचायत घर बाउण्ड्री नवनिर्माण/मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, आंगनबाड़ी कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग,पानी की टंकी निर्माण, खाद के गड्ढे का निर्माण एवं अन्य कराये जाने वाले कार्य उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेण्ट, मौरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इण्टरलॉकिंग हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी, प्रचार-प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनिटाइजर, फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली, ई-रिक्शा क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.वी.आई किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय किशनपुर हरीपुर पर दिनांक 23.06.2024 से दिनांक 26.06.2024 तक सायं 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर जमा कर सकते हैं। उक्त निविदायें 27.06.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। नियम व शर्तो हेतु कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय पर सम्पर्क कर सकते हैं। निविदायें निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

ऊषा देवी-ग्राम प्रधान अतुल गंगवार-सचिव

गोकशी का आरोपी मुठभेड़ में घायल : रामपुर, अमृत विचार : मामले में फरार चल रहे गो तस्कर को मिलक पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मौके से बाइक, तमंचा और कारतूस मिले हैं ।शुक्रवार की रात मिलक पुलिस ग्राम तिराह पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बिना नंबर की बाइक पर दो युवक आते दिखाई दिए। वह पुलिस टीम पर फायर करते हुए बाइक मोड़कर भागने की कोशिश करने लगे।

कार्यालय ग्राम पंचायत पुरैना ता. महाराजपुर विकास खण्ड पूरनपुर, पीलीभीत

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पुरैना ता. महाराजपुर वि.ख. पूरनपुर पीलीभीत की वित्तीय वर्ष 2024-25 की स्वीकृत कार्य योजना के अनुसार ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाले पन्द्रहवाँ वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग, आर.जी.एस.ए. आई.सी.डी., स्वच्छ भारत मिशन/मनरेगा योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, मरम्मत, इण्टरलॉकिंग कार्य नव निर्माण,/मरम्मत, नाली निर्माण नवनिर्माण/मरम्मत खडन्जा नव निर्माण/मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धन कार्य मिट्टी, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट क्रय, हैण्ड पम्प रिबोर एवं मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेन्टिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल एवं पंचायत घर बाउण्ड्री नवनिर्माण/मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, आंगनबाड़ी कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग,पानी की टंकी निर्माण, खाद के गड्ढे का निर्माण एवं अन्य कराये जाने वाले कार्य उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेण्ट, मौरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इण्टरलॉकिंग हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी, प्रचार-प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनिटाइजर, फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली, ई-रिक्शा क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.वी.आई किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पुरैना ता. महाराजपुर पर दिनांक 23.06.2024 से दिनांक 26.06.2024 तक सायं 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर जमा कर सकते हैं। उक्त निविदायें 27.06.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। नियम व शर्तो हेतु कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय पर सम्पर्क कर सकते हैं। निविदायें निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

राम प्रसाद राय-ग्राम प्रधान नागेन्द्र-सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत बहादुरपुर बुजुर्ग विकास खण्ड पूरनपुर, पीलीभीत

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बहादुरपुर बुजुर्ग वि.ख. पूरनपुर पीलीभीत की वित्तीय वर्ष 2024-25 की स्वीकृत कार्य योजना के अनुसार ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाले पन्द्रहवाँ वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग, आर.जी.एस.ए. आई.सी.डी., स्वच्छ भारत मिशन/मनरेगा योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, मरम्मत, इण्टरलॉकिंग कार्य नव निर्माण,/मरम्मत, नाली निर्माण नवनिर्माण/मरम्मत खडन्जा नव निर्माण/मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धन कार्य मिट्टी, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट क्रय, हैण्ड पम्प रिबोर एवं मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेन्टिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल एवं पंचायत घर बाउण्ड्री नवनिर्माण/मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, आंगनबाड़ी कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग,पानी की टंकी निर्माण, खाद के गड्ढे का निर्माण एवं अन्य कराये जाने वाले कार्य उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेण्ट, मौरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इण्टरलॉकिंग हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी, प्रचार-प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनिटाइजर, फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली, ई-रिक्शा क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.वी.आई किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय बहादुरपुर बुजुर्ग पर दिनांक 23.06.2024 से दिनांक 26.06.2024 तक सायं 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर जमा कर सकते हैं। उक्त निविदायें 27.06.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। नियम व शर्तो हेतु कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय पर सम्पर्क कर सकते हैं। निविदायें निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

श्री पाल-ग्राम प्रधान राहुल पुष्कर-सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत बंजरिया विकास खण्ड पूरनपुर, पीलीभीत

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बंजरिया वि.ख. पूरनपुर पीलीभीत की वित्तीय वर्ष 2024-25 की स्वीकृत कार्य योजना के अनुसार ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाले पन्द्रहवाँ वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग, आर.जी.एस.ए. आई.सी.डी., स्वच्छ भारत मिशन/मनरेगा योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, मरम्मत, इण्टरलॉकिंग कार्य नव निर्माण,/मरम्मत, नाली निर्माण नवनिर्माण/मरम्मत खडन्जा नव निर्माण/मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धन कार्य मिट्टी, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट क्रय, हैण्ड पम्प रिबोर एवं मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेन्टिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल एवं पंचायत घर बाउण्ड्री नवनिर्माण/मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, आंगनबाड़ी कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग,पानी की टंकी निर्माण, खाद के गड्ढे का निर्माण एवं अन्य कराये जाने वाले कार्य उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेण्ट, मौरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इण्टरलॉकिंग हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी, प्रचार-प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनिटाइजर, फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली, ई-रिक्शा क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.वी.आई किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय बंजरिया पर दिनांक 23.06.2024 से दिनांक 26.06.2024 तक सायं 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर जमा कर सकते हैं। उक्त निविदायें 27.06.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। नियम व शर्तो हेतु कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय पर सम्पर्क कर सकते हैं। निविदायें निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

गुरदेव सिंह-ग्राम प्रधान अतुल गंगवार-सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत शेरपुर कलाँ विकास खण्ड पूरनपुर, पीलीभीत

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शेरपुर कलाँ वि.ख. पूरनपुर पीलीभीत की वित्तीय वर्ष 2024-25 की स्वीकृत कार्य योजना के अनुसार ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाले पन्द्रहवाँ वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग, आर.जी.एस.ए. आई.सी.डी., स्वच्छ भारत मिशन/मनरेगा योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, मरम्मत, इण्टरलॉकिंग कार्य नव निर्माण,/मरम्मत, नाली निर्माण नवनिर्माण/मरम्मत खडन्जा नव निर्माण/मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धन कार्य मिट्टी, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट क्रय, हैण्ड पम्प रिबोर एवं मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेन्टिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल एवं पंचायत घर बाउण्ड्री नवनिर्माण/मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, आंगनबाड़ी कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग,पानी की टंकी निर्माण, खाद के गड्ढे का निर्माण एवं अन्य कराये जाने वाले कार्य उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेण्ट, मौरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इण्टरलॉकिंग हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी, प्रचार-प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनिटाइजर, फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली, ई-रिक्शा क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.वी.आई किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय शेरपुर कलाँ पर दिनांक 23.06.2024 से दिनांक 26.06.2024 तक सायं 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर जमा कर सकते हैं। उक्त निविदायें 27.06.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। नियम व शर्तो हेतु कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय पर सम्पर्क कर सकते हैं। निविदायें निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

कार्यवाहक-ग्राम प्रधान सुरेश वर्मा-सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत नवदिया दुर्जनपुर विकास खण्ड पूरनपुर, पीलीभीत

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नवदिया दुर्जनपुर वि.ख. पूरनपुर पीलीभीत की वित्तीय वर्ष 2024-25 की स्वीकृत कार्य योजना के अनुसार ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाले पन्द्रहवाँ वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग, आर.जी.एस.ए. आई.सी.डी., स्वच्छ भारत मिशन/मनरेगा योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, मरम्मत, इण्टरलॉकिंग कार्य नव निर्माण,/मरम्मत, नाली निर्माण नवनिर्माण/मरम्मत खडन्जा नव निर्माण/मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धन कार्य मिट्टी, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट क्रय, हैण्ड पम्प रिबोर एवं मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेन्टिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल एवं पंचायत घर बाउण्ड्री नवनिर्माण/मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, आंगनबाड़ी कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग,पानी की टंकी निर्माण, खाद के गड्ढे का निर्माण एवं अन्य कराये जाने वाले कार्य उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेण्ट, मौरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इण्टरलॉकिंग हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी, प्रचार-प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनिटाइजर, फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली, ई-रिक्शा क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.वी.आई किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय नवदिया दुर्जनपुर पर दिनांक 23.06.2024 से दिनांक 26.06.2024 तक सायं 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर जमा कर सकते हैं। उक्त निविदायें 27.06.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। नियम व शर्तो हेतु कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय पर सम्पर्क कर सकते हैं। निविदायें निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

नंदलाल-ग्राम प्रधान राहुल पुष्कर-सचिव

भर्ती के नाम पर 14 लाख ठगे

मुरादाबाद, अमृत विचार : सेना में भर्ती कराने के नाम दो लोगों से ठगी हो गई। आरोपियों ने आठ साल में 14 लाख से अधिक रुपये ठग लिए। पीड़ितों ने रुपये वापस मांगे तो आरोपी टालमटोल करने लगे और पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।

डीआईजी के आदेश पर सिविल लाइंस पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कांठ के गांव सिरसा निवासी करन सिंह ने तहरीर में बताया है कि उनके बेटे राहुल कुमार, रोहित कुमार और उनके साले का बेटा डिलारी थाना क्षेत्र के गांव ईकयाम निवासी अंकुल कुमार सेना में भर्ती की तैयारी करने के लिए हर रोज सोनकपुर स्टेडियम आते थे। जहां पर तीनों की मुलाकात विक्रान्त, प्रणदीप कुमार गिल और अमित उर्फ पिक्की से हुई। इन्होंने ही ठगी की।

प्रेमी के साथ फरार युवती की कराई शादी

बिलासपुर, अमृत विचार : प्रेम-प्रसंग के चलते घर से फरार हुई युवती को बरामद कर क्षेत्रवासियों ने दोनों की रजामंदी से शदी करा दी।

नगर के एक मोहल्ले में रहने वाली युवती का पड़ोसी युवक से काफी समय से प्रेम-प्रसंग चला आ रहा था। प्रेम परवान चढ़ा तो दोनों का मिलना जुलना शुरू हो गया। इसी बीच उनके प्रेम-प्रसंग की भनक परिजनों को लग गई। उन्होंने दोनों पर पाबंदी लगा दी। इस पर प्रेमी युगल रात के अंधेरे में चुपके से घर से फरार हो गया। सुबह जब युवती घर में दिखाई नहीं दी तो परिजन कोतवाली पहुंच गए। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज करा दी। इसके बाद पुलिस ने प्रेमी युगल को पकड़ कर परिजनों को सौंप दिया। मगर प्रेमी युगल परिजनों के साथ न जाने की जिद पर अड़ गया।

कोतवाली में घंटों चले हंगामे और पंचायत के बाद पुलिस ने मोहल्ले के कुछ गणमान्य नागरिकों से बातचीत की। गणमान्य नागरिकों ने प्रेमी युगल और उनके परिजनों से वार्ता कर दोनों का विवाह करा दिया। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि दोनों बालिग थे। इसलिए उन्होंने अपनी मर्जी से शादी कर ली।

शादी करने जा रहा दूल्हा पहली पत्नी की शिकायत पर गिरफ्तार

संभल/सिरसी। दूसरी शादी करने जा रहे दूल्हे को पहली दुल्हन की शिकायत पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कानूनी कार्रवाई कर दूल्हे का शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया। युवक की पहली शादी दस माह पहले गांव की युवती के साथ हुई थी। थाना क्षेत्र के गांव फुलसिंघा निवासी जमशेद की सितंबर माह में शादी गांव की युवती के साथ हुई थी। शादी के थोड़े दिन बाद ही जमशेद का अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद रहने लगा। इसी विवाद के चलते जमशेद ने एक अप्रैल को अपनी पत्नी को तीन तलाक दे दिया। जिसके बाद महिला अपने पिता के घर जाकर रहने लगी और जमशेद के खिलाफ तीन तलाक का वाद दायर कर दिया। इस बीच जमशेद शनिवार को दूसरी शादी करने के लिए बरात लेकर हयातनगर थाना क्षेत्र के एक गांव जाने की तैयारी कर रहा था। जमशेद दूल्हा बनकर जाने को तैयार था तभी उसकी पहली पत्नी अपने परिजनों के साथ पहुंच गई। विरोध किया तो जमशेद गाली गलौज करते हुए मारपीट करने पर उतारू हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जमशेद को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि जमशेद का शांतिभंग की धारा में चालान किया गया है।

विदा होने से दस दिन पहले दुल्हन पहुंच गई प्रेमी के घर

संभल। सदर कोतवाली क्षेत्र में ससुराल जाने के दस दिन पहले ही युवती प्रेमी के साथ फरार हो गई। परिजन युवती की तलाश कर रहे थे कि प्रेमी युगल कोतवाली पहुंच गए। साथ जाने से मना किया तो परिजनों ने युवती से नाता तोड़ लिया। जिसके बाद युवती प्रेमी के साथ उसके घर चली गई। नखासा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के अपनी चचेरी बहन के घर सदर कोतवाली निवासी के यहां आने-जाने के दौरान पड़ोसी युवती के साथ प्रेम प्रसंग हो गया। चार माह पहले युवती की शादी परिजनों ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम में चंदौसी निवासी युवक के साथ करा दी। लेकिन परिजनों ने युवती को दूल्हे के साथ विदा नहीं किया। तभी से युवती मायके में रह रही है। अब दस दिन बाद चंदौसी निवासी पति मायके से विदा कर युवती को अपने साथ लेकर जाने वाला था। इससे पहले ही शुक्रवार को युवती अपने प्रेमी के साथ घर से फरार हो गई। शनिवार की दोपहर बाद युवती युवक के साथ चौधरी सराय पुलिस चौकी पहुंच गई। सूचना मिलने पर युवती के परिजन भी पुलिस चौकी आ गए, लेकिन युवती ने परिजनों के साथ जाने से मना कर दिया। जिसके बाद परिजन युवती से संबंध खत्म करने की बात कहते हुए घर चले गए।

कालाबाजारी के लिए जा रहा राशन पुलिस ने पकड़ा

कुंदरकी। ब्लॉक के थाना मैनाठेर क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर पस्तौर में राशन डीलर का भाई सरकारी राशन को कालाबाजारी के लिए ले जा रहा था। जिसको सूचना पर पुलिस ने पकड़ लिया और थाने ले आई। इसकी सूचना पूर्ति विभाग को भी दी गई। कुंदरकी ब्लॉक के गांव हुसैनपुर पस्तौर में राशन डीलर राजवीर सिंह का भाई विनोद शनिवार सुबह सरकारी राशन की दुकान से चावल वाहन में भरकर कहीं ले जा रहा था। जिसकी गांव के ही कुछ लोगों के सूचना मैनाठेर पुलिस को देकर बताया कि गांव का सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान का राशन कालाबाजारी के लिए भेजा जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने रास्ते में घेराबंदी कर सरकारी चावल से भरी पिकअप को पकड़ लिया। बताया गया है कि गाड़ी में राशन डीलर का भाई विनोद मौजूद था। जिसे पुलिस पकड़कर थाने ले आई। वहीं, सूचना पर बिलारी तहसील की पूर्ति निरीक्षक शिखा पांडे भी टीम के साथ थाने पहुंची और जानकारी की। पूर्ति निरीक्षक को वाहन में 21 कट्टे चावल के मिले। वहीं, थाना दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने भी अधिकारियों से जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए। पूर्ति निरीक्षक शिखा पांडे ने बताया कि वाहन से बरामद चावल के सैंपल ले लिए गए हैं। सैंपल की रिपोर्ट आने पर राशन डीलर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

घर में घुसकर मारपीट में आठ के खिलाफ रिपोर्ट : भोट, अमृत विचार : मामूली विवाद के बाद एक पक्ष ने घर में घुसकर दूसरे पक्ष के युवक को मारपीट कर घायल दिया। घायल के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली

निरस्तीकरण सूचना

पत्रांकः- 1332/है0व0ख0/ई- निविदा/ दिनांकः- 18/06/2024 इस कार्यालय के पत्रांकः-1272/है0व0ख0/दिनांक 07.06. 2024 द्वारा जो अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 01/अधि0अभि0/2024-25 विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी, अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।

UP - 216389 दिनांक 21.06.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड,बरेली

पत्रांक: 213/ल0सिं0/रेन0वाटर हार्वेस्टिंग/निविदा/ 2024-25 दिनांक 15.06.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-05/2024-25

महामहिम राज्यपाल महोदय,उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता,लघु सिंचाई खण्ड बरेली द्वारा जनपद बदांयू में मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत शासकीय एवं अर्द्वशासकीय भवनों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना हेतु निम्न कार्यो की सिंचाई विभाग में पंजीकृत ठेकेदार एवं लघु सिंचाई विभाग में सम्बन्धित कार्य का एक वित्तीय वर्ष का कार्य करने का अनुभव रखने वाले ठेकेदार/फर्मो से मैन्यूअल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदायें कार्य स्थल के अनुमोदन एवं बजट की प्रत्याशा में आंमत्रित की जाती है। निविदादाताओं का ड्रिलिंग एजेन्सी के रूप में उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल विभाग के पोर्टल पर जनपद बदांयू में पंजीकरण अथवा जनपद बदांयू में ऐसी पंजीकृत फर्मो से प्रस्तावित कार्य में ड्रिलिंग कार्य कराये जाने हेतु सहमति पत्र का शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरण

क0 सं0	कार्य का नाम	कार्य की लागत	धरोहर धनराशि रूपये में	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 एवं स्टेश्नरी सहित	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	ग्राम सुजानपुर विकास खण्ड बिसौली के उच्च प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	213864.00	21390.00	75+14+500=589.00	एक माह
2.	ग्राम भानपुर विकास खण्ड बिसौली के उच्च प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	217201.00	21725.00	75+14+500=589.00	एक माह
3	ग्राम धर्मपुर (संबिलियन) विकास खण्ड बिसौली के उच्च प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	266341.00	26640.00	75+14+500=589.00	एक माह
4.	ग्राम तारापुर विकास खण्ड बिसौली के उच्च प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	208924.00	20895.00	75+14+500=589.00	एक माह
5.	ग्राम चनी विकास खण्ड बिसौली के उच्च प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	145708.00	14575.00	75+14+500=589.00	एक माह
6.	ग्राम दजरामपुर विकास खण्ड इस्लामनगर के प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	217201.00	21725.00	75+14+500=589.00	एक माह
7.	ग्राम बझांगी (संबिलियन) उच्च विकास खण्ड इस्लामनगर के प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	266341.00	26635.00	75+14+500=589.00	एक माह
8.	ग्राम खौसारा विकास खण्ड अम्बियापुर के प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	213864.00	21390.00	75+14+500=589.00	एक माह
9.	ग्राम गढी विकास खण्ड अम्बियापुर के प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	201421.00	20145.00	75+14+500=589.00	एक माह
10.	ग्राम सहावरशाह विकास खण्ड आसफपुर के पंचायत भवन में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	162216.00	16225.00	75+14+500=589.00	एक माह
11.	ग्राम सिरसावा विकास खण्ड आसफपुर के पंचायत भवन में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	162216.00	16225.00	75+14+500=589.00	एक माह
12.	ग्राम आनन्दीपुर(संबिलियन) विकास खण्ड सहसवान के प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	233289.00	23330.00	75+14+500=589.00	एक माह
13.	ग्राम होतीपुर विकास खण्ड सहसवान के प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	213620.00	21365.00	75+14+500=589.00	एक माह
14.	ग्राम रतनपुर विकास खण्ड बिसौली के उच्च प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	213864.00	21390.00	75+14+500=589.00	एक माह
15	ग्राम स्वरूपपुर विकास खण्ड बिसौली के उच्च विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	213864.00	21390.00	75+14+500=589.00	एक माह
16	ग्राम रायपुर खुर्द विकास खण्ड बिसौली के उच्च प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	204376.00	20440.00	75+14+500=589.00	एक माह
17.	ग्राम सिद्वपुर कैथेली(संबिलियन) विकास खण्ड बिसौली के उच्च प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	264191.00	24425.00	75+14+500=589.00	एक माह
18.	ग्राम छिबऊकला विकास खण्ड बिसौली के उच्च प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	205122.00	20515.00	75+14+500=589.00	एक माह
19	ग्राम छिबऊकला विकास खण्ड बिसौली के प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	198760.00	19880.00	75+14+500=589.00	एक माह
20.	ग्राम रायपुर खुर्द विकास खण्ड बिसौली के प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	164744.00	16475.00	75+14+500=589.00	एक माह
21.	ग्राम गदरौली(संबिलयिन) विकास खण्ड बिसौली के उच्च प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	266341.00	26635.00	75+14+500=589.00	एक माह
22.	ग्राम सुराही विकास खण्ड ईस्लामनगर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	204376.00	20440.00	75+14+500=589.00	एक माह
23.	ग्राम किसेराइअव्दुल्लानगर विकास खण्ड ईस्लामनगर के प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	204376.00	20440.00	75+14+500=589.00	एक माह
24.	ग्राम अगरास विकास खण्ड ईस्लामनगर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	204376.00	20440.00	75+14+500=589.00	एक माह
25.	ग्राम विक्रमपुर चरसौरा विकास खण्ड ईस्लामनगर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	201421.00	20145.00	75+14+500=589.00	एक माह
26.	ग्राम ओईया विकास खण्ड ईस्लामनगर के प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	266341.00	26635.00	75+14+500=589.00	एक माह
27.	ग्राम वनवहेटा विकास खण्ड अम्बियापुर के प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	204376.00	20440.00	75+14+500=589.00	एक माह
28.	ग्राम हरगनपुर (संविलियन) विकास खण्ड अम्बियापुर के प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	266341.00	26635.00	75+14+500=589.00	एक माह
29.	ग्राम रोहान विकास खण्ड अम्बियापुर के प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	204376.00	20440.00	75+14+500=589.00	एक माह
30	ग्राम सुन्दरनगर विकास खण्ड अम्बियापुर के प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	208924.00	20895.00	75+14+500=589.00	एक माह
31.	ग्राम टेहरा (संविलियन) विकास खण्ड सहसवान के प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	213620.00	20365.00	75+14+500=589.00	एक माह
32.	ग्राम मुडसान विकास खण्ड सहसवान के प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	200455.00	20050.00	75+14+500=589.00	एक माह
33.	ग्राम समसपुर बल्लु विकास खण्ड सहसवान के प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	200455.00	20050.00	75+14+500=589.00	एक माह
34.	ग्राम सिरकी दम्मु विकास खण्ड सहसवान के प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	200455.00	20050.00	75+14+500=589.00	एक माह
35.	ग्राम शेखपुर सैदपुर विकास खण्ड सहसवान के प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	200455.00	20050.00	75+14+500=589.00	एक माह
36.	ग्राम मुडसान विकास खण्ड सहसवान के पंचायत भवन में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	162216.00	16225.00	75+14+500=589.00	एक माह
37.	ग्राम भूडखितौरा विकास खण्ड सहसवान के प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	200455.00	20050.00	75+14+500=589.00	एक माह
38.	ग्राम दौलतपुर विकास खण्ड सहसवान के प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	200455.00	20050.00	75+14+500=589.00	एक माह
39.	ग्राम दवतौरी विकास खण्ड आसफपुर के पंचायत भवन में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना।	162216.00	16225.00	75+14+500=589.00	एक माह

निविदा हेतु आवेदन पत्र नकद रू0 589.00 का शुल्क देकर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से दिनांक 26.06.2024 से दिनांक 08.07.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे सायं 05:00 तक प्राप्त किये जा सकते है। समस्त निविदा प्रपत्र दिनांक 09.07.2024 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 3:30 तक मुहरबन्द लिफाफे में लिफाफे पर कार्य का कमांक एवं कार्य का नाम एवं निविदा संख्या सुस्पष्ट अंकित होनी चाहिए अधोहस्ताक्षरी कार्यालय एवं अधीक्षण अभियन्ता,लघु सिंचाई वृत्त,बरेली कार्यालय में डाले जायेगें। डाली गयी समस्त निविदायें कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,लघु सिंचाई वृत्त,बी0डी0 कॉम्पलेक्स तृतीय तल प्रियदर्शनी नगर बरेली में अधीक्षण अभियन्ता महोदय, की अध्यक्षता में गठित समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं/अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष दिनांक 10.07.2024 को प्रातः 11:00 बजे खोली जायेगी, तकनीकी बिड में पात्र निविदादाताओं की ही वित्तीय फाईनेन्शियल बिड खोली जायेगी। उक्त तिथि में अवकाश घोषित होने पर कार्यवाही अगले कार्यदिवस में तत्समय की जायेगी। निविदा सम्बन्धी जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

UP - 216354 दिनांक 21.06.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
लघु सिंचाई खण्ड बरेली।

बच्चों को जहर खिलाने के बाद मां ने भी खाया, तीनों की मौत

भाई से विवाद के बाद दादा के घर में रह रही थी महिला

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

- पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जाएगी

अमृत विचार : घरेलू कलह से ऊबकर महिला ने अपने दो बच्चों को जहरीला पदार्थ खिलाने के बाद खुद भी खा लिया। इसमें महिला और बड़े बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, छोटे बच्चे की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, रास्ते में उसकी भी मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के ग्राम बंडवा निवासी राजकुमारी (50) पत्नी रामकुमार ने बताया कि उसकी पुत्री 26 वर्षीय मोहिनी ने 10 वर्ष पूर्व ग्राम कछुवा राठ निवासी हेमंत से प्रेम विवाह किया था। पिछले दो वर्षों से दोनों अलग रह रहे थे। मोहिनी अपने दो बच्चों गौतम और हर्ष के साथ नोएडा में रहकर मजदूरी कर अपना जीवन चला रही थी। पिछले हफ्ते ही नोएडा से वह अपने ग्राम बंडवा आई थी। घर आने के बाद मोहिनी के भाई गोलू से विवाद हुआ तो उसने घर से निकल जाने की बात कह दी थी। इसके बाद मोहिनी अपने दादा धन्नु के घर में रह रही थी। शनिवार को वह दोपहर अपने दोनों बच्चों को लेकर नोएडा जाने की बात कहकर घर से मुस्करा आ गई। दिन में तीन बजे नोएडा में मोहिनी के पास रहने वाली उसकी सहेली दीपा का फोन आया कि मोहिनी ने उसे फोन किया है कि मैंने दोनों बच्चों सहित जहर की गोली खा ली है और मरने जा रही हूं। मां को सूचना कर दो। इसके बाद वह तुरंत ही मुस्करा आई और घटनास्थल पर पहुंची तो देखा कि बेटी मोहिनी और 5 वर्षीय नाती गौतम की मौत हो चुकी थी। जबकि 3 वर्षीय नाती हर्ष गंभीर हालत में था। उसे सीएचसी ले जाया गया वहां पर इमरजेंसी ड्यूटी में तैनात डॉ. शिवजी गुप्ता ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में छोटे बच्चे हर्ष की भी मौत हो गई। गोलू ने बताया कि मोहिनी उसकी बात नहीं मानती थी। थाना प्रभारी शशि पांडे ने बताया कि इस मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

आंधी से बाइक पर गिरा खंभा महिला की मौत

बदायूं, अमृत विचार : बेटे के साथ बाइक पर बैठकर बाजार जा रही महिला के ऊपर आंधी के दौरान बिजली का खंभा गिर गया। खंभे से दबकर महिला की मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और शव अपने साथ गांव ले गए। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव नूरपुर निवासी खुशीना (40) पत्नी जहांगीर शनिवार दोपहर अपने बेटे यासीन के साथ खरीदारी करने के लिए बाइक पर बैठकर बाजार जा रही थीं। बाइक पर उनके साथ गांव निवासी बालक फैजान भी बैठा था। वह कस्बा कादरचौक के पास पहुंचे। इसी दौरान तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई गई। पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गए। इसी दौरान बिजली का एक खंभा उनकी बाइक पर गिर गया।

शाहबाद में डीजे पर डांस कर रहे कलाकार की हार्ट अटैक से मौत

संवाददाता, शाहबाद

- शादी समारोह में डीजे पर डांस कर रहा था सौरभ
- अचानक तबीयत खराब होने पर जमीन पर गिर गया था युवक

अमृत विचार : डीजे पर डांस करते समय कलाकार को हार्ट अटैक आ गया। हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया।

मोहल्ला पुराना गंज निवासी सौरभ रुहेला (38) झांकी ग्रुप चलाता था। शुक्रवार की रात शाहबाद के मोहल्ला हकीमान में वह शादी समारोह में गया था। इसमें सौरभ का डीजे पर डांस का शो भी था। सौरभ के पड़ोसी अंकुश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में उसने करीब तीन घंटे डांस किया। इस दौरान अचानक उसके सीने में तेज दर्द हुआ और वह वहीं लेट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहले तो लोग कुछ नहीं समझ पाए बाद में तबियत बिगड़ने पर उसे सीएचसी ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने हार्ट अटैक का लक्षण बताते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सौरभ रुहेला के साथी उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने सौरभ को मृत घोषित कर दिया। सौरभ की मौत से परिजनों का बुरा हाल है। परिजन उसकी मौत से बेहाल हैं।

सार-संक्षेप

गोकशी का आरोपी मुठभेड़ में घायल

रामपुर, अमृत विचार : मामले में फरार चल रहे गो तस्कर को मिलक पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मौके से बाइक, तमंचा और कारतूस मिले हैं। शुक्रवार की रात मिलक पुलिस ग्राम तिराह पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बिना नंबर की बाइक पर दो युवक आते दिखाई दिए। वह पुलिस टीम पर फायर करते हुए बाइक मोड़कर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने अपने आप को बचाते हुए उन पर फायरिंग कर दी। टांग में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश टांडा के हुरमतनगर निवासी बब्बू घायल हो गया। जबकि उसका साथी रिजवान निवासी रेवड़ी खुर्द थाना मिलक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल गो तस्कर को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। मौके से 315 बोर का तमंचा, दो जिन्दा व एक खोखा कारतूस, बाइक और गोकशी करने के उपकरण बरामद हुए।

चिड़ियाघर से नहीं होगी पीटीआर के बाघ की घर वापसी

पीलीभीत, अमृत विचार : लखनऊ चिड़ियाघर में कैद पीटीआर के बाघ की अब घर वापसी नहीं हो सकेगी। आईवीआरआई के विशेषज्ञ की जांच में बाघ अनफिट पाया गया। बाघ के अगले पैर में सूजन भी है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व की महोफ रेंज में करीब दो माह पूर्व एक बाघ के लंगड़ाकर चलने की जानकारी मिली थी। 21 अप्रैल को बाघ कलीनगर क्षेत्र में महोफ रेंज से सटे गांव मल्लपुर में बाघ को रेस्क्यू कर किया गया। अगले दिन ही इलाज के लिए लखनऊ चिड़ियाघर भेज दिया गया था। वन अफसर जख्मी बाघ की हालत में तेजी से सुधार को देख उसके पुन: पीटीआर में वापसी की संभावना जता रहे थे। इधर कुछ दिन पूर्व भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान (आईवीआरआई) बरेली के सेंटर फॉर वाइल्ड लाइफ के प्रिंसिपल साइंटिस्ट/इंचार्ज डॉ. एएम पावड़े ने लखनऊ चिड़ियाघर पहुंचकर पीटीआर के बाघ का परीक्षण किया गया। परीक्षण के बाद उन्होंने रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंप दी। वन अफसरों के मुताबिक परीक्षण में बाघ वाइल्ड लाइफ में रहने के योग्य नहीं पाया गया। बाघ के अगले पैर में सूजन भी पाई गई। ऐसे में अब बाघ की पीटीआर में वापसी नहीं हो सकेगी।

बेटे से छीना मोबाइल लेने गए पिता को मौत के घाट उतारा

पूरनपुर, अमृत विचार : बेटे के हाथ से मोबाइल छीनकर भागे आरोपी का पीछा करने गए पिता पर आरोपी ने हमला कर दिया गया। धारदार हथियार से वार किए जिसमें पिता की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव बुधेली के सर्वेश (32) पुत्र हीरालाल शुक्रवार की शाम बड़े बेटे शोभित के साथ बैठे थे। गांव का सोनू शोभित के हाथ से मोबाइल छीनकर भाग गया। उसके पीछे सर्वेश दौड़ पड़ा। सोनू अपने घर के बाहर रुका और सर्वेश पर धारदार हथियार से वार कर दिए और मरणासन्न अवस्था में छोड़कर भाग गया। परिवार वाले उसे पूरनपुर सीएचसी ले गए। सिर में अधिक चोट होने पर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। रास्ते में सर्वेश की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार सुबह पुलिस ने पड़ोस के गांव नवदिया से आरोपी सोनू को हिरासत में ले लिया। मृतक सर्वेश के पिता हीरालाल की ओर से सोनू समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

ढाबे से निकले युवक की डीसीएम की टक्कर से मौत

कुंवरगांव, अमृत विचार : कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव खासपुर गौटिया निवासी मनोज कुमार पुत्र भैरों सिंह, सत्यभान पुत्र हुकुम सिंह और राकेश पुत्र हरलाल शुक्रवार शाम घर पर बिना बताए खाना खाने के लिए शहर में नवादा चौराहा स्थित एक ढाबे पर आए थे। जहां तीनों दोस्तों ने खाना खाया। इसी दौरान उन्होंने एक रात ठहर जाएं घर में तेरे लेकिन...गाने पर रील बनाई। खाना खाने के बाद तीनों बाइक से वापस घर जा रहे थे। रात लगभग साढ़े 10 बजे सिविल लाइन क्षेत्र में जय हिंद ढाबा के पास डीसीएम ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक डीसीएम लेकर भाग गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों युवकों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने मनोज कुमार को मृत घोषित कर दिया। राकेश को बदायूं और सत्यभान को बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। बेटे की मौत पर उसकी मां कलावती बेसुध हैं। परिजन ने अज्ञात डीसीएम चालक के खिलाफ तहरीर दी है। सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। डीसीएम की तलाश की जा रही है।

बच्ची बेचने के आरोप में झोलाछाप का क्लीनिक सील

शाहजहांपुर/ जलालाबाद, अमृत विचार : नवजात बच्ची बेचने के आरोप में महिला झोलाछाप का क्लीनिक शनिवार को सील कर दिया गया। झोलाछाप पर पिता को बहला फुसलाकर बच्चा बेचने का आरोप लगा था। इस पर सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने कार्रवाई के निर्देश दिए थे। अल्हागंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला को प्रसव पीड़ा होने पर बुधवार दोपहर उसका पति जलालाबाद ले गया था। आर्थिक स्थिति ठीक न होने के चलते पति ने सराय साधौ मोड़ के पास अवैध रूप से क्लीनिक चलाने वाली बंगाली महिला झोलाछाप के यहां उसे भर्ती करा दिया। शाम को महिला ने बच्ची को जन्म दिया। अस्पताल से छुट्टी करने से पहले दंपती को सात हजार रुपये का बिल दिया गया। आर्थिक हालात ठीक न होने के कारण बिल भुगतान करने से असमर्थता जताते हुए कहा कि वह किसी जरूरतमंद को बेटी दे देंगे। वही व्यक्ति बिल चुकता कर दे। वहीं, पास में ही पान की दुकान चलाने वाले के यहां काम करने वाले एक व्यक्ति के कोई संतान नहीं थी। अवैध क्लीनिक चलाने वाली महिला ने उससे बात की। बातचीत तय होने पर उसे बच्ची दे दी। उसने बिल भी चुका दिया।

कुत्तों ने पांच वर्षीय बच्ची को नोचकर मार डाला

संवाददाता, किरतपुर (बिजनौर)

- घर के बाहर खेल रही थीं तीन बच्चियां, दो मामूली घायल

अमृत विचार : मोहल्ला इस्लामनगर में घर के बाहर खेल रहीं दो बहनों समेत तीन बच्चियों पर खूंखार कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। कुत्ते एक बच्ची को खींचकर आम के बाग में ले गए। वहां नोचकर उसे मार डाला। दो बच्चियां घायल हुई हैं।

नगर में छितावर रोड स्थित इस्लाम नगर में फहीम का परिवार रहता है। शनिवार सुबह आठ बजे उनकी दोनों बेटियां रुकय्या (5), आसिफा (7) और पड़ोसी की बेटी जवेरिया (5) सड़क पर खेल रही थीं। तभी कुत्तों ने बच्चियों पर हमला कर दिया। रुकय्या को खींचकर बाग में ले गए। वहां उसे नोचकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बाग की रखवाली कर रहे लोगों ने कुत्तों को भगाया और बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। बच्ची के परिजन भी अस्पताल पहुंचे। डॉ. प्रमोद कुमार ने बच्ची को प्राथमिक उपचार देकर बिजनौर के लिए रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में मौत हो गई।

हज के बाद 287 हाजियों को लेकर लखनऊ पहुंची पहली उड़ान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ईद-उल-अजहा (बकरीद) के दिन हज सम्पन्न होने के बाद हाजियों की वापसी का सिलसिला शनिवार को शुरू हो गया। 287 हाजियों को लेकर पहली उड़ान जब लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंची तो राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष मोहसिन रजा हाजियों के स्वागत के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद थे। उन्होंने सभी हाजियों को फूल देकर उनका स्वागत किया।

उत्तर प्रदेश से इस साल 18,010 लोग हज करने गए थे। लखनऊ से जेद्दा की पहली उड़ान 9 मई को रवाना हुई थी। जिस क्रम से हज यात्रियों की रवानगी हुई थी उसी क्रम से हाजियों की वापसी भी होगी। सऊदी अरब से रोजाना हाजियों को लेकर उड़ान लखनऊ पहुंचेगी। आखिरी उड़ान 9 जुलाई को आएगी।

शनिवार को लखनऊ पहुंचे हज यात्री। ● अमृत विचार

चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाहर हाजियों के रिश्तेदार और दोस्त मौजूद थे। हवाई अड्डे से बाहर आकर अपनों को तलाशते हाजियों के चेहरे अपने रिश्तेदारों को सामने पाकर खिल उठे। एक हाजी ने बताया कि बहुत शिद्दत की गर्मी थी। बहुत मुश्किल दिन थे। कई बार लगता था कि इस गर्मी से निबट पाना आसान नहीं, जान निकल जाएगी लेकिन साथ खैरियत अपने देश वापसी हो गई है। अच्छी बात यह कि हमारा हज पूरा हुआ। हमने अपने मुल्क की तरक्की की दुआ मांगी। एक हाजी ने कहा कि इतनी गर्मी में बुजुर्ग की बात छोड़िये जवान को झेलना मुश्किल था। उन्होंने कहा कि वहां जाकर यह अहसास हुआ कि किसी भी बुजुर्ग को हज पर अकेले नहीं जाना चाहिए। बहुत मुश्किल सफ़र है। इतनी गर्मी में रहकर हज पूरा कर लेना किसी चमत्कार से कम नहीं है। तमाम बुजुर्ग रास्ता भटक गए। कुछ लोगों की गर्मी से मौत हो गई। बहरहाल अंत भला तो सब भला। हम तो वापस आ गए।

दामाद के भाई को फंसाने के लिए पिता ने रची अपहरण की कहानी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- छात्रा को अगवा कर लखीमपुर में कार से फेंकने का मामला निकला फर्जी, दोस्त सहित गिरफ्तार

अमृत विचार : जेएनएम छात्रा को पीलीभीत से अगवा कर लखीमपुर खीरी में कार से फेंकने की घटना फर्जी निकली। दरअसल, छात्रा के पिता ने अपने दोस्त की मदद से बड़े दामाद के छोटे भाई को फंसाने के लिए पूरा ड्रामा किया था। छात्रा के पिता समेत दो लोगों की गिरफ्तारी की गिरफ्तारी के बाद शनिवार को एसपी अविनाश पांडेय ने घटना का खुलासा कर दिया।

सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने 14 जून को सेहरामऊ उत्तरी थाने में बेटी के लापता होने की तहरीर दी थी। जिसमें बताया था कि 12 जून की शाम को उसकी पुत्री पैतृक गांव जाने के लिए निकली थी और लापता हो गई है। बेटी जेएनएम द्वितीय वर्ष की छात्रा है। 19 जून को लापता छात्रा बदहवास हालत में लखीमपुर खीरी में सीतापुर फोरलेन पर चिमनी गांव के पास मिली थी। आरोप था कि उसे कुछ कार सवार फेंक कर चले गए। छात्रा को पीलीभीत मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया था। परिवार ने सामूहिक दुष्कर्म की आशंका भी जताई थी लेकिन मेडिकल परीक्षण में कुछ नहीं आया। एसपी अविनाश पांडेय ने तीन टीमें गठित की और सुरागरसी कराई। कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिसके बाद साक्ष्य जुटते गए और घटना फर्जी निकली। छात्रा का अपहरण हुआ ही नहीं था। उसे परिवार वाले सुनियोजित साजिश के तहत हाईवे पर उतारकर आ गए थे। बहनोई के भाई को फंसाने के लिए छात्रा भी नाटक करती चली गई। शनिवार को एसपी ने घटना का खुलासा किया। छात्रा के पिता और उसके दोस्त सीतापुर जनपद के थाना हरगांव क्षेत्र के ग्राम भदेवा के रहने वाले डॉ.रामचंद्र पुत्र खूबचंद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार 15 जून की शाम 7.20 बजे पिता लापता छात्रा को बाइक से अपनी ससुराल मैलानी क्षेत्र में ले गया था। 16 जून को छात्रा को पिता ने अपने पुराने मित्र सीतापुर के गांव भदेवा के डॉ.रामचंद्र के घर छोड़ दिया था। डॉक्टर दोस्त ने भी इस साजिश में खुलकर मदद की। 18 जून की रात को पिता वापस सीतापुर पहुंचा। 19 जून की सुबह चार बजे पिता, डॉक्टर दोस्त और एक अन्य युवक छात्रा के साथ कार में रवाना हुए। कार डॉक्टर दोस्त की थी। फिर उसे चिमनी गांव के पास हाईवे पर छोड़ दिया। पुलिस ने उस व्यक्ति से भी संपर्क कर जानकारी जिसने पुलिस को कॉल की थी। उसने बताया था कि पहले छात्रा सही हालत में उसे हाथ देकर रुकने का इशारा कर रही थी। जब कुछ देर बाद मॉर्निंग वॉक करके आए तो बदहवास दिखी। इस पर भी शक गहराया।

रेंट एग्रीमेंट के स्टाम्प शुल्क में लाई जाय कमी-योगी

लखनऊ, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रेंट एग्रीमेंट के स्टाम्प शुल्क में कमी लाई जाय। आवासीय, अनावासीय व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के लिए रेंट एग्रीमेंट का सरलीकरण किया जाय। मुख्यमंत्री शनिवार को सरकारी आवास पर स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ईज ऑफ लिविंग, बेहतर रिकॉर्ड और डाटा मैनेजमेंट के लिए स्टाम्प और रजिस्ट्रेशन की ऑनलाइन व्यवस्था आज की आवश्यकता है।

उत्तराखंड

युवक का अंगूठा काटा, कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

हल्द्वानी, अमृत विचार : मारपीट के मामले में काठगोदाम पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। पीड़ित ने न्यायालय में शिकायत दी, जिसके बाद मुकदमा दर्ज हुआ। काठगोदाम की साहिमा सिद्दीकी के बेटे आसिफ से बीती 15 मई को काठगोदाम चुंगी के करीब एक दर्जनसे अधिक लड़कों ने बुरी तरह पीटा था। उस पर धारदार हथियार से हमला किया, जिससे दाहिने हाथ का अंगूठा भी कट गया। घटना की लिखित शिकायत साहिमा ने की, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। न्यायालय के आदेश पर काठगोदाम पुलिस ने 20 जून को आरोपी राहुल, राहुल उर्फ बिलोट और दीपक समेत 10-12 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

पत्नी की गला रेतकर हत्या, गिरफ्तार

संवाददाता, किच्छा

- शक के चलते पत्नी को उतारा मौत के घाट, चार दिनों से बहन के घर रह रहे थे दोनों पति-पत्नी

अमृत विचार : अवैध संबंध के शक के चलते पति ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी। आरोपी पति चार दिनों से अपनी बहन के यहां पत्नी के साथ रह रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार आजादनगर, वार्ड नंबर 2, किच्छा निवासी अशोक कुमार का विवाह महतोष मोड़, थाना गदरपुर निवासी पूनम के साथ करीब 8 वर्ष पहले हुआ था। अशोक अपनी पत्नी पर किसी गैर व्यक्ति के साथ प्रेम प्रसंग को लेकर शक करता था। इसके चलते दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। लगातार क्लेश के चलते पूनम करीब एक माह पहले के चलते मायके चली गई थी। पत्नी के मायके जाने के बाद अशोक उसे वापस लाने को रिश्तेदारों से संपर्क कर रहा था। इस पर अशोक की बहन धनवती व बहनोई तेजपाल अशोक व पूनम के बीच सुलह कराने के मकसद से दोनों को चार दिनों पहले हल्द्वानी मार्ग स्थित मंड फॉर्म, किच्छा स्थित अपने घर ले आए। तब से अशोक व उसकी पत्नी पूनम वहीं रह रहे थे। घटनाक्रम के मुताबिक शनिवार की सुबह धनवती और तेजपाल काम पर चले गए। इसी बीच अशोक का पत्नी पूनम में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि गुस्से में अशोक ने पूनम (30) की हसिये से गला रेत कर हत्या कर दी।

मृतका पूनम एवं हत्यारोपी पति अशोक।

काम से लौटने पर धनवती और तेजपाल को घटना की जानकारी हुई तो उनके होश उड़ गए। घर के आंगन में लहूलुहान अवस्था में पूनम का शव पड़ा हुआ था। कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। उधर, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। अशोक व पूनम के आठ वर्ष की पुत्री व ढाई वर्षीय पुत्र है। मां की मौत व पिता के जेल जाने के बाद दोनों बेसहारा हो गए हैं।

गौशाला में आग से 7 मवेशियों की मौत

काशीपुर, अमृत विचार : काशीपुर के कुंडेश्वरी क्षेत्र स्थित ग्राम शिवलालपुर डल्लू में एक गौशाला में अचानक आग लग गई। देखते ही आग ने विकराल रूप ले लिया। गौशाला में बंधे सात मवेशी व एक बाइक आग में जल गए। सूचना पर पहुंची अग्निशमन की टीम ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। वहीं अग्निशमन विभाग ने अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। शनिवार को ग्राम शिवलालपुर डल्लू स्थित एक गौशाला में आग लगने से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। अग्निशमन के काशीपुर प्रभारी गोविंद राम ने बताया कि दो घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

प्रसव के बाद रक्तस्राव से महिला की मौत

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: मुरादाबाद रोड स्थित एक हॉस्पिटल में प्रसव के बाद महिला की हालत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया। लेकिन हायर सेंटर पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। मृतका के परिजन उसका शव वापस हॉस्पिटल ले आए। उन्होंने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा काटा। मौके पर पहुंची पुलिस ने गुस्साए लोगों को समझाकर शांत किया। शव पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

मंडी चौकी क्षेत्र स्थित एक हॉस्पिटल में ग्राम कुंडेश्वरा, टांडा, रामपुर निवासी राजवीर सिंह ने अपनी 27 वर्षीया पत्नी अंशु रानी को प्रसव पीड़ा होने पर 20 जून को मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। शुक्रवार को दोपहर दो बजे उसने आपरेशन से एक बेटे को जन्म दिया। डिलीवरी के बाद अंशु को रक्तस्राव होने लगा। रक्तस्राव से महिला की हालत बिगड़ने लगी तो अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे आनन-फानन में मुरादाबाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहां एक निजी अस्पताल पहुंचने से पहले ही महिला ने दम तोड़ दिया। महिला की मौत से लोगों का आक्रोश भड़क उठा। शव को लेकर परिजन वापस काशीपुर स्थित संबंधित निजी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने डॉक्टरों पर इलाज में कोताही बरतने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। सूचना पर मंडी चौकी प्रभारी मनोहर चंद्र पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने भड़के लोगों को समझाकर मामला शांत कराया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मंडी चौकी प्रभारी मनोहर जोशी ने बताया कि मामले में अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

नर्स व आशा कार्यकर्ता पर लापरवाही का आरोप

बाजपुर। सरकारी अस्पताल में तैनात एक नर्स व एक आशा कार्यकर्ता की लापरवाही की वजह से गर्भवती ने अस्पताल की मेज पर शिशु को जन्म दे दिया। आरोप है कि स्वस्थ होने के बावजूद कुछ पैसों के लालच में आकर नवजात शिशु को बिना पूछे ही प्राइवेट हास्पिटल में ले जाकर जीवन रक्षक मशीन में रखवा दिया जिसमें शिशु के पिता को बेवजह 13 हजार रुपये का खर्च वहन करना पड़ा है। पीड़ित ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मामले की लिखित शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

मुख्यमंत्री की कैबिनेट बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर लगी मुहर

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद पहली बार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें उत्तराखंड एकीकृत महानगर परिवहन प्राधिकरण विधेयक-2024 समेत 12 महत्वपूर्ण प्रस्ताव चर्चा के बाद स्वीकृत किए गए।

लगभग तीन माह बाद मुख्यमंत्री धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में कैबिनेट बैठक हुई। इसमें वित्त, शिक्षा, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन, कृषि एवं कृषक कल्याण, शहरी विकास, राजस्व, महिला सशक्तिकरण समेत कई विभागों के प्रस्तावों पर मुहर लगी। बैठक में 12 प्रस्ताव आए जिन पर मंथन हुआ। कैबिनेट ने सबसे महत्वपूर्ण उत्तराखंड एकीकृत महानगर परिवहन प्राधिकरण विधेयक-2024 को मंजूरी दी। इसके तहत उत्तराखंड के सभी शहरी क्षेत्रों में परिवहन व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। प्रस्तावों में महासू देवता मंदिर के मास्टर प्लान को मंजूरी। प्रभावितों के लिए विस्थापन की नीति लाई गई है। जिनके पास जमीन है, उन्हें मकान बनाने को 10 लाख मिलेंगे आदि शामिल हैं।

शिक्षक की मौत मामले में दो माह बाद रिपोर्ट दर्ज

हल्द्वानीः चुनाव ड्यूटी में लगे अथिति शिक्षक की मौत हो गई थी। इस मामले में दो माह बाद रिपोर्ट दर्ज की गई है। जोशी कालोनी चोरपानी रामनगर निवासी अरुण उप्रेती (42 वर्ष) अतिथि शिक्षक थे। अरुण की लोकसभा चुनाव में सीसीटीवी वेब कास्टिंग में ड्यूटी लगी थी। पुलिस को दी तहरीर में कहा गया कि लोकसभा चुनाव ड्यूटी के बाद 20 अप्रैल को वह रामनगर से सीसीटीवी कैमरा एमबीपीजी हल्द्वानी स्थित केंद्र में जमा करने जा रहे थे। स्कूटी सवार अरुण को लामाचौड़ पैट्रोल पंप के पास एक टेंपो ने टक्कर मार दी। निजी अस्पताल में उनकी मौत हो गई।

बाथरूम में करंट आने से युवक झुलसा

संवाददाता, गदरपुर

- करंट इतना तेज था कि युवक के कपड़ों तक में आग लग गई

अमृत विचार: 33 केवीए विद्युत लाइन से घर में करंट आने से युवक बुरी तरह झुलस गया। इससे भड़के वार्ड वासियों ने घर के ऊपर से गुजर रही 33 केवीए की लाइन को हटाने के लिए विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया।

सिनेमा रोड वार्ड नंबर 3 निवासी मेवाराम के घर के ऊपर से 33 हजार केवीए की लाइन निकल रही है। शनिवार को मेवाराम का पुत्र विशेष प्रातः 9 बजे नहाने के लिए बाथरूम में गया। बाथरूम में उसे तगड़ा करंट लग गया और उसके कपड़ों में आग लग गई। चीख पुकार सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह आग पर काबू पाया। विशेष की गंभीर हालत को देखते हुए परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से चिकित्सकों ने उसे रुद्रपुर के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे रुद्रपुर के निजी अस्पताल में ले गए वहां से उसे दिल्ली के लिए रेफर कर दिया गया। विशेष के भाई वेद राम ने थाने में विद्युत विभाग के खिलाफ तहरीर देकर कहा कि उसके घर के ऊपर से 33 केवीए की लाइन गुजर रही है। लाइन से उसके घर में करंट आ गया जिससे विशेष बुरी तरह झुलस गया। उधर देर शाम दर्जनों वार्ड वासियों ने विद्युत लाइन हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। वार्ड वासियों का कहना था कि कई बार विद्युत विभाग को लाइन हटाने के लिए कहा गया है। लेकिन विद्युत विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी वजह से युवक जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है। वार्ड वासी राजेंद्र सिंह का कहना था कि अगर विद्युत विभाग द्वारा घरों के ऊपर से जा रही विद्युत लाइन को नहीं हटाया गया तो विद्युत विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

बनभूलपुरा से छात्राओं के गायब होने का मामला आयोग पहुंचा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा से लापता छात्राओं का मामला महिला आयोग तक पहुंच गया है। मामले का संज्ञान लेते हुए शनिवार को आयोग की अध्यक्ष ने एसएसपी से बात कर अपडेट दिया। एसएसपी ने छात्राओं की जल्द सकुशल बरामदगी का भरोसा दिया है।

गुरुवार को 9वीं और 11वीं कक्षा की दो छात्राएं लापता हो गईं। इस पर अगले दिन बनभूलपुरा थाने में जमकर हंगामा हुआ था। सामाजिक संगठनों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी भी की। परिजनों का आरोप था कि मोहल्ले के ही रहने वाले एक 16 वर्षीय किशोर ने दोनों उत्तर प्रदेश ले गया। शुक्रवार को जब मामले ने तूल पकड़ा तो परिजन और सामाजिक संगठनों ने बनभूलपुरा थाने के बाहर जमकर हंगामा व नारेबाजी की।महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा से फोन पर बातचीत की। साथ ही कार्रवाई की प्रगति रिपोर्ट पूछी। एसएसपी ने जल्द छात्राओं के सकुशल बरामद करने और मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

मेरठ में सारस की संख्या में वृद्धि गणना का कार्य पूरा

मेरठ, एजेंसी : मेरठ में 20 जून से चल रही सारस गणना शुक्रवार को पूरी हो गई और उनकी संख्या में वृद्धि पायी गयी है। प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) राजेश कुमार ने बताया कि ग्रीष्मकालीन सारस गणना में मेरठ जनपद में 51 सारस देखे गये, जिनमें 47 व्यस्क एवं चार बच्चे हैं। उनके मुताबिक इससे पूर्व 2022 ग्रीष्मकालीन सारस गणना में इस जनपद में 47 सारस नजर आये थे एवं 2023 में 45 सारस देखे गये थे। कुमार ने बताया कि पिछले सालों एवं इस साल में सारस मुख्य रूप से मालीपुर, भीकुण्ड (सराय खादर) द्रौपदी घाट, गणेशपुर चेतावाला मार्ग, सिकन्दरपुर वन ब्लाक में नजर आये। डीएफओ के अनुसार एक जुलाई 2014 को सारस को राज्य पक्षी घोषित किया गया था। सारस क्रेन प्रजाति ऐतिहासिक रूप से भारत के उत्तरी और उत्तर-पश्चिमी तराई क्षेत्रों में गंगा नदी के मैदानों में पाई जाती है। भारत में सारस क्रेन को पवित्र पक्षी माना जाता है एवं लोग इसे कभी नुकसान नहीं पहुंचाते हैं।

बिजली व्यवस्था की गुणवत्ता दुरुस्त करें: योगी

अधिकारियों से कहा-बिजली बिल के नाम पर न परेशान किया जाय उपभोक्ताओं को

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में बिजली व्यवस्था की गुणवत्ता दुरुस्त की जाय। बिजली बिल के नाम पर उपभोक्ताओं को कतई परेशान न किया जाय। हर हाल में उपभोक्ताओं को समय पर सही बिजली बिल मुहैया कराया जाय। मुख्यमंत्री शनिवार को सरकारी आवास पर ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

उन्होंने विभाग की ओर से प्रस्तुत किये गये प्रस्तुतीकरण का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने अपने पहले पांच साल बुनियादी सुविधाओं को विकसित करने में लगाया है, अब हमें अपना पूरा जोर गुणवत्ता पर देना होगा। बिजली का बिल समय से जमा कराने के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने का कार्य करना अत्यंत जरूरी है। जिस प्रकार लोग मोबाइल का बिल नियत समय पर जमा करते हैं, उसी प्रकार बिजली का बिल भी तय समय पर जमा कराने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जाय। इसके लिए विभाग एक सुदृढ़ व्यवस्था तैयार करे। सही बिल के लिए मीटर रीडर को जवाबदेह बनाना बहुत जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने पर जोर देते हुए कहा कि जनता को इसके लिए तैयार किया जाय। स्मार्ट मीटर आज की आवश्यकता है। उपभोक्ताओं को एकमुश्त समाधान योजना के बारे में जागरूक किया जाय।

सरकारी आवास पर ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री व अन्य।

अफसरों ने मुख्यमंत्री को गिनाई उपलब्धियां : मुख्यमंत्री के साथ बैठक में ऊर्जा विभाग के अधिकारियों ने उपलब्धियां गिनाईं। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में बिजली आपूर्ति के घंटों में बढ़ोतरी हुई है। भीषण गर्मी के बावजूद केवल स्थानीय खराबी को छोड़ दें तो बीते 15 मार्च से 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। प्रदेश में कहीं भी बिजली की कमी नहीं हुई है। अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में 3.45 करोड़ बिजली कनेक्शन हैं, वहीं दो साल में 30 लाख कनेक्शन बढ़े हैं। 2024 में अब तक 70 हजार करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है। बिल जमा करने में कंज्यूमर टर्नअप शहरी इलाकों में करीब 92 प्रतिशत व ग्रामीण इलाकों में 51 प्रतिशत है। बिजली बिल का 40 प्रतिशत हिस्सा ऑनलाइन, 32 प्रतिशत काउंटर से व 30 प्रतिशत विभिन्न ई-वॉलेट के माध्यम से प्राप्त हो रहा है।

शटडाउन की जानकारी देने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि रखरखाव कार्य के कारण अगर बिजली आपूर्ति बंद 'शटडाउन' की जाती है तो कब और कितनी देर तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी, इसकी पूर्व सूचना उपभोक्ताओं को देना जरूरी है। इसके लिए सोशल मीडिया का ज्यादा से ज्यादा उपयोग किया जाय।

धौंस जमा उगाही कर रहा था फर्जी दरोगा, गिरफ्तार

रुदौली, अयोध्या, अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने शनिवार को एक फर्जी उपनिरीक्षक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस की वर्दी आईडी कार्ड, नेम प्लेट और पी कैप आदि बरामद किया है। धोखाधड़ी और कूटरचना की धारा में नामजद रिपोर्ट दर्ज करवा आरोपी का चालान किया है। क्षेत्राधिकारी आशीष निगम ने शनिवार को बताया कि कई दिनों से शिकायत मिल रही थी कि एक उपनिरीक्षक की ओर से पीड़ितों को धमका कर वसूली की जा रही है। जिसके चलते चौकी प्रभारी किला उपनिरीक्षक मुनिमन रंजन दुबे को जांच के लिए कहा गया था। जाँच में शिकायत सही पाई गई और फर्जी दरोगा इसी कोतवाली के मोहल्ला मखदूमजादा निवासी नदीम की पहचान की गई। उन्होंने बताया कि कोतवाली पुलिस ने शानिवार को रसूलाबाद के निकट से नदीम को बावर्दी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से उपनिरीक्षक की वर्दी, चार स्टार, लाल जूता, परिचय पत्र, नेम प्लेट, लाल रंग की बेल्ट और पी कैप बरामद की है।

सार-संक्षेप

पटककर पांच वर्षीया बच्ची की ले ली जान

नवाबगंज (गोंडा), अमृत विचार : करीब पांच वर्षीया बच्ची की लाश शनिवार की सुबह कटरा रेलवे स्टेशन के समीप पाई गई। आसपास लगे पेड़ों की जड़ों पर खून के धब्बे मिले जिससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि उक्त बालिका की पेड़ों की जड़ों पर पटक कर हत्या की गई है। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस व रेलवे पुलिस जांच में जुटी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के कटरा रेलवे स्टेशन के बगल में स्थित बाग में शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों ने एक पांच साल बच्ची की लाश देखी। कुछ स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्रवार की शाम को एक अज्ञात साधु वेश धारी युवक लड़की को लेकर आया था। लोगों के पूछने पर उसने बताया कि यह उसकी लड़की है। इसकी मां किसी के साथ भाग गई है। इसलिए हम इसको साथ लिए हुए हैं। लड़की ने भी उस युवक को अपना पापा बताया था। सुबह उसी लड़की की लाश मिलने पर साधु वेश धारी युवक पर हत्या की आशंका जताई जा रही है।

राजूदास ने योगी को बताए अयोध्या में हार के कारण

अयोध्या, अमृत विचार : जिलाधिकारी नितीश कुमार और हनुमानगढ़ी के पुजारी राजू दास के बीच गुरुवार की रात दो मंत्रियों के सामने हुई तीखी बहस का मामला मुख्यमंत्री के दरबार तक पहुंच गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शनिवार को लखनऊ में मुलाकात कर लौटे पुजारी राजू दास ने बताया कि उन्होंने करीब एक घंटे तक मुख्यमंत्री से वार्ता कर अपनी बात रखी। इस दौरान अयोध्या में भाजपा के हार के कारणों को भी उनके सामने रखा। योगी आदित्यनाथ ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और गुनहगारों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। राजूदास ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि अयोध्या में जगह-जगह तोड़फोड़ हुई। डंडा मारकर काम कराया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं की एक भी बात नहीं सुनी गई। माना कि अफसरों को अधिकार था, लेकिन इस तरह की कार्रवाई सही नहीं थी। यही कारण रहा लोग इस बार घरों से वोट डालने के लिए नहीं निकले।

राममंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधाएं बढ़ाने की तैयारी

अयोध्या, अमृत विचार : राममंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में 23 और 24 जून को चल रहे निर्माण कार्य की समीक्षा होगी। उसके पूर्व शनिवार को मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र, प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, सीडीओ ऋषिराज, एलएंडटी और अन्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ राम मंदिर और परिसर का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था व श्रद्धालुओं की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। प्रशासनिक भवन में लगभग एक घंटे से अधिक समय तक मंदिर परिसर की सुरक्षा और निर्माण कार्य को लेकर मंथन किया गया। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र शनिवार को अयोध्या पहुंचे थे। यहां सबसे पहले हनुमानगढ़ी पर दर्शन पूजन किया। इसके बाद अधिकारियों के साथ श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार, बिड़ला धर्मशाला के सामने यात्री सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया।

सुभासपा की सभी पुरानी कार्यकारिणियां भंग

लखनऊ, अमृत विचार : राज्य सरकार में मंत्री व सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने पार्टी के अंदर सभी ईकाईयां भंग कर दी है। उन्होंने प्रांतीय पदाधिकारी, मण्डल, जिला, विधानसभा और ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी को भंग करते हुए कहा कि उप्र. विधानसभा चुनाव 2027 के लिए नए संगठन का गठन किया जाएगा। लोकसभा चुनाव में पार्टी को करारी हार का सामना करने के बाद शनिवार को ओम प्रकाश राजभर ने पार्टी की सभी कार्यकारिणी भंग कर दी है। उन्होंने कहा कि अब नई ऊर्जा के साथ नए संगठन का गठन किया जाएगा।

मसलक के अंदर मसलक, क्या करेगा मुशावरत

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

अमृत विचार : आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मशावरत के 60 साल बाद एक बार फिर से सक्रिय होने की खबर अमृत विचार ने शनिवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इसे लेकर आल इंडिया सुन्नी उलमा काउंसिल ने मुशावरत की कवायद पर कई सवाल खड़े किए हैं। काउंसिल के महामंत्री हाजी मोहम्मद सलीस ने बयान जारी किया है कि वर्तमान में मुसलमानों का न तो कोई रहनुमा है और न ही कोई सियासी कायद (जनप्रतिनिधि)। मुसलमानों का एक भी संगठन ऐसा नहीं है जो उनकी आवाज उठा सके। इसकी वजह यह है कि मुसलमानों में मसलक के अंदर मसलक बने हुए हैं, हर मसलक के कई-कई शहरकाजी हैं।

आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मशावरत को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की तर्ज पर मजबूत बनाकर सक्रिय करने के संबंध में आल इंडिया सुन्नी उलमा काउंसिल के महामंत्री का कहना है कि मुसलमान मसलक में बंटे हुए हैं। शिया, सुन्नी, देवबंदी, अहले हदीस समेत कई फिरकों में मुसलमान बंटा है। पहले मुशावरत को इन सभी को एकजुट करने का काम करना होगा। मुस्लिम संगठनों से मुशावरत के लोग पहले संपर्क स्थापित करें। उन्हें हर मीटिंग में आने की दावत दें। सभी मसलक के लोगों को एक करें फिर मुसलमानों के बीच जाएं। मुशावरत को अपना संगठन राज्य, जिला और वार्ड स्तर पर मजबूत करना होगा। यूं ही संगठन बनाने से कुछ नहीं होने वाला है, क्योंकि संगठन तो रोज बनते हैं लेकिन मुसलमानों के दुख-दर्द में कोई मदद नहीं करता।

पर्सनल लॉ बोर्ड अध्यक्ष मौलाना रहमानी भी हैं सदस्य

आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मशावरत के प्रमुख जिम्मेदार मोहम्मद सुलेमान का कहना है कि आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के मौजूदा अध्यक्ष मौलाना सैफ उल्लाह रहमानी भी मुशावरत के सदस्य हैं। उनके अलावा कमाल फारुकी एवं सैयद कासिम रसूल इलियास (आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के कार्यकारिणी सदस्य) भी मुशावरत के सदस्य हैं। सुलेमान के मुताबकि सभी मुस्लिम संगठनों से संपर्क किया गया है, मुशावरत में देश भर के मुस्लिम बुद्धिजीवियों को लेने का काम शुरू किया गया है। कमाल फारुकी, मंजूर अहमद (आईपीएस), हाफिज आरए चौधरी, अहमद रशीद शेरवानी, अताउर्रहमान कासिमी, मुजतबा फारुक (औरंगाबाद), बशीर अहमद खान (नई दिल्ली), सैयद तहसीन अहमद (नई दिल्ली), अब्दुल अजीज (कोलकाता), उजमा नाहिद (मुंबई) के अलावा अनवारुल इस्लाम प्रमुख रूप से शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया देश के लगभग सभी मुस्लिम संगठनों से संपर्क साधा गया है, जो शेष रह गए हैं, उनसे भी संपर्क किया जा रहा है, सभी के सहयोग से मुशावरत को मजबूत किया जाएगा।

पेड़ से टकराने पर मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत

सुलतानपुर, एजेंसी: सुलतानपुर के जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में पहाड़पुर गांव के पास में एक महिला को बचाने के चक्कर में मोटरसाइकिल सवार दो युवक सड़क किनारे पेड़ से जा टकराए, जिससे उनकी मौत हो गयी। पुलिस के मुताबिक बहरी गांव के अमित निषाद (23) एवं कृष्णा (21) शुक्रवार को अपनी बुआ के घर होलेपुर गांव गए थे और जब दोनों घर वापस लौट रहे थे तब बिरसिंहपुर-हालापुर मार्ग पर पहाड़पुर गांव के पास उनकी मोटरसाइकिल के सामने अचानक एक महिला आ गई। पुलिस के अनुसार उस महिला को बचाने के चक्कर में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। बिरसिंहपुर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों युवक को जिला अस्पताल अंबेडकरनगर ले जाने की सलाह दी जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी।

कैदी की मौत पर बवाल को लेकर 45 नामजद, 50 अज्ञात पर रिपोर्ट

फिरोजाबाद, एजेंसी

- फिरोजाबाद जेल में बंदी की मौत के बाद हुआ था बवाल

फिरोजाबाद जेल में एक बंदी की मौत के बाद हुए बवाल और उपद्रव के मामले में पुलिस ने 45 नामज़द और 50 अज्ञात लोगों के ख़िलाफ़ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस के अनुसार चोरी के आरोप में जेल भेजने के बाद एक युवक की हालत बिगड़ने पर मौत हो गई थी।

इसके बाद शुक्रवार को पोस्टमार्टम पूरा होने के बाद शव घर ले जाते समय पुलिस एवं लोगों के बीच झड़प हो गयी जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हुए थे। पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ एवं आगजनी भी की गई थी। शनिवार सुबह मुख्यमंत्री राहत कोष से पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक दिये जाने के बाद परिजनों द्वारा युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक (नगर) सर्वेश कुमार मिश्रा ने बताया कि कल हुए बवाल के में उप निरीक्षक देवेश कुमार सहित घायल पुलिसकर्मियों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया है और इलाके में पुलिस बल की तैनाती के साथ स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। जिलाधिकारी रमेश रंजन द्वारा मृतक के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। 25 वर्षीय आकाश को 19 जून को चोरी की मोटरसाइकिल मिलने के बाद हिरासत में लिया गया था।

इलाज के नाम पर ठगी करने वाला नाइजीरियाई दिल्ली से गिरफ्तार

संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार : इलाज के नाम पर ठगी करने वाले कथित विदेशी डाक्टर को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया साइबर ठग नाइजीरिया का रहने वाला है। पुलिस ठग से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है। इससे और भी राज खुलने की उम्मीद जताई जा रही है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सधवाड़ा स्ट्रीट लोहाई रोड निवासी डॉ. अमित शुक्ला ने साइबर क्राइम थाना में एक धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि उनकी पत्नी डॉ. शिवानी को पुत्र अर्नव की आंखों के इलाज के लिए फेसबुक के माध्यम से एक विज्ञापन मिला। जिसमें साइबर ठग ने खुद को डॉक्टर एलेक्स जेबिल लंदन बताया। साथ ही विज्ञापन में ब्रिटेन का कंट्री कोड का नंबर भी पड़ा था। जब पुत्र की आंखों की दवाई के लिए उस नंबर पर बात की तो कथित चिकित्सक ने धोखाधड़ी कर दवाई भेजने की बात कही। इसके लिए अलग-अलग बैंक खातों में 3 लाख 19 हजार रुपये डलवा लिए।

जब काफी दिनों तक दवा नहीं आई तो पीड़िता को समझ में आया कि वह साइबर ठगी का शिकार हो चुकी है। इसके बाद पीड़िता के पति ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले की विवेचना साइबर थाने के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने शुरू की। इसके बाद कई साक्ष्यों की मदद से वह आरोपित की पहचान कर पाने में सफल हुए। सर्विलांस टीम व साइबर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चंदन नगर वीर बाजार रोड थाना निहाल दिल्ली से आरोपित को गिरफ्तार किया।

दुर्घना में पिता-पुत्र समेत तीन की मौत

बहराइच, अमृत विचार: जनपद के नानपारा बहराइच मार्ग पर शनिवार सुबह सवा तीन बजे ट्रक और कार में आमने सामने की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार सवार भाई बहन समेत चार घायल हो गए। सभी को पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है। नानपारा बहराइच मार्ग पर कोतवाली नानपारा अंतर्गत खुदादभारी गांव के पास शनिवार सुबह 3.15 बजे ट्रक और कार की भीषण टक्कर हो गई। कोतवाल आरके सिंह ने बताया कि नानपारा से बहराइच की ओर से जा रही ट्रक संख्या यूपी 21 डीटी और बहराइच से नानपारा की ओर जा रही हुंडई कार में हादसा हुआ।

पौधरोपण अभियान एक बड़ा घोटाला : अखिलेश यादव

संवाददाता, लखनऊ

- पौधारोपण जमीन पर होता तो गर्मी से बुरा हाल न होता

अमृत विचार : सपा के अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण के सभी दावे झूठे और कागजी हैं। पौधरोपण अभियान एक बड़ा घोटाला बन गया है। भाजपा सरकार अब तक जितने पौधे लगाने का दावा करती आई है अगर उनका जोड़ हो तो प्रदेश में कोई जगह अब अगले पौधरोपण के लिए नहीं बची है। भाजपा का पौधरोपण महज एक कागजी कार्रवाई बन कर रह गया है।

उन्होंने शनिवार को बयान जारी करते हुए कहा, मुख्यमंत्री, 2023 में 36 करोड़ 15 लाख से अधिक पौधारोपण का दावा करते है। इसके पहले 2022 में 35 करोड़ से ज्यादा, 2021 में 30 करोड़ से ज्यादा, 2020 में 25 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगाने का दावा किया गया है। इससे पहले भी हर साल पौधारोपण के बड़े-बड़े दावे किये गये है लेकिन ये पौधे कहां लगाये गये हैं इसका कोई विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया जाता है।

सपा प्रमुख ने कहा भाजपा सरकार ने फाईलों की जगह अगर पौधारोपण जमीन पर किया होता तो भीषण गर्मी से जनता का इतना बुरा हाल न होता। गर्मी में सैकड़ों लोगों की जानें जा रही है। अस्पताल बीमारों से भरे पड़े हैं। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार पौधारोपण के झूठे दावे कर रही है।

वर्ग पहेली-109

बाएं से दाएं

1.1. परदेश, दूसरा देश, पराया देश 2. स्वदेश से भिन्न कोई दूसरा देश।

4. दादूदयाल नामक संत द्वारा चलाए हुए पंथ या संप्रदाय का अनुयायी।

5.1. सफ़ेद गाय 2. सफ़ेद गोल मिर्च।

8.1. अन्न के ढेर के चारों ओर गोबर आदि से घेरा बनाना 2. निशान लगाना।

9. स्त्रियों के लिए उनके माता-पिता के घर के सदस्य; मायके के लोग।

ऊपर से नीचे

2.1. जिसके लिए कोई बंधन न हो, बंधन-रहित 2. स्वतंत्र।

3.1. ज़िंदादिल होना, ख़ुशमिज़ाजी, सहृदयता 2. उत्साह, प्रसन्नता 3. रसिकता 4. हंसोढ़पन 5. विनोदप्रियता।

6.1. कारण, सबब, हेतु 2. माध्यम, ज़रिया।

7.1. किसी वस्तु का टूटकर या कट-छंटकर अलग हुआ कोई हिस्सा।



वर्ग पहेली -108 का हल

	1 ख़ि	ज़ाँ				2 फ़
	ज़ा		3 गं			ह
	4 ब	हु	गा	मी		श
			ला		5 अं	
6 दु	रा	7 ल	भ		श	
चं		म			भा	
द		धी		8 जो	गी	ड़ा

सुडोकू-22

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

							9	3
		4			6			
	5			2		8		
			7			4		
3							1	6
		8			1			
	9	1						
	2		8			5		
6			4			7		

सुडोकू - 21 का हल

6	2	7	4	5	8	3	9	1
9	1	3	2	6	7	4	8	5
5	8	4	9	3	1	2	6	7
8	6	1	5	2	9	7	4	3
7	3	5	1	8	4	6	2	9
2	4	9	6	7	3	5	1	8
4	5	8	3	9	2	1	7	6
1	7	6	8	4	5	9	3	2
3	9	2	7	1	6	8	5	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 24 जून 03.25 तक तत्पश्चात तृतीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 17.03 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

मेष — आज आप सामयिक विषयों पर चर्चाओं में शामिल रहेंगे तथा लोगों के सामने आप एक परिपक्व व्यक्ति के रूप में सामने आएंगे। रुके हुए कार्यों को आसानी से पूरा कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।

वृष — आज अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। पुराना अनुभव आपके लिए हितकारी होगा। अनावश्यक धन खर्च होने से आप थोड़े नाराज हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में तालमेल की कमी रहेगी।

मिथुन — आज व्यापार में भी अपेक्षित प्रगति देखने को मिलेगी। मन में कई दिनों से जो शंका थी, उसका समाधान हो सकता है। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। समय का सदुपयोग करेंगे।

कर्क — आज सेहत को लेकर लापरवाही न करें। अपने कार्यक्षेत्र की समस्याओं को लेकर कुछ तनाव में रहेंगे। आपको सिर्फ अपनी मेहनत पर ध्यान देना चाहिए। परिवार में आपका प्रभाव मजबूत होगा। आपको घुटनों में पीड़ा हो सकती है।

सिंह — आज प्रेम विवाह के विषय में परिवार से सहमति ले सकते हैं। घर का माहौल शांत रहेगा। उच्च शिक्षा में उल्लेखनीय सफलता मिल सकती है। नए संबंध बनने के योग बन रहे हैं। पुराने मित्रों से कई दिनों बाद मिलने का अवसर मिलेगा।

कन्या — आज घर-बाहर तनाव होने की आशंका है। दिनचर्या को अनुशासित रखने का प्रयास करें। व्यापार में सफलता मिलेगी। चलते हुए कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं। प्रियजनों का व्यवहार आपको व्यथित कर सकता है।

तुला — आज वरिष्ठ अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे। आपके नए मित्र बन सकते हैं। मन काफी शांत रहेगा और आपकी ऊर्जा बढ़ेगी। आप नया काम शुरू कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र का वातावरण काफी अच्छा रहेगा। विरोधी अपने षड्यंत्र में विफल होंगे।

वृश्चिक — आज विद्यार्थियों को पढ़ाई में मेहनत करने की आवश्यकता है। लोगों से बहुत अपेक्षाएं न रखें। आपकी कार्यशैली में सुधार देखने को मिलेगा। महत्वपूर्ण निर्णयों के लिए दिन उत्तम नहीं है। सहकर्मियों पर विश्वास कम होगा।

धनु — आज व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। आपको मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। किसी नई पॉलिसी में निवेश करने की योजना पर काम कर सकते हैं। नया कार्य शुरू करने के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

मकर — आज दिनभर कोई न कोई परेशानी भरा माहौल रहेगा। शाम के समय किसी प्रियजन से चर्चा कर मन शांत होगा। अधीनस्थ लोगों पर ज्यादा निर्भरता न रखें। दांपत्य जीवन में तनाव हो सकता है। सेहत काफी नरम रहने वाली है।

कुंभ — आज दूसरों की भावनाओं का सम्मान करेंगे। प्रेमी जन को मनाने के लिए कोई उपहार देने का विचार कर सकते हैं। आपका आत्मबल और ऊर्जा स्तर बढ़ेगा। प्रियजनों के साथ सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। नए व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं।

मीन — आज भूमि-भवन से जुड़े मामले अटक सकते हैं। करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है। घर के माहौल को शांत रखने की कोशिश करें। कार्यों में ज्यादा व्यस्तता रहेगी। जीवनसाथी आपसे अतिरिक्त देखभाल की अपेक्षा रखेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- हैसियत — दोपहर : 12.00
- दरार — रात : 07.16

&pictures
- सिम्बा — सुबह : 11.00
- शादी में जरूर आना — रात : 08.00

SONY PIX
- 65 — सुबह : 11.15
- स्पाइडर मैन — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- रमैया वस्तावैया — दोपहर : 12.00
- भोला — रात : 08.30

colors CINEPLEX
- कर्ज — सुबह : 11.10
- गंगूबाई काठियावाड़ी — रात : 07.55

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात : 07.55 बजे

जोक्स ऑफ द डे

15 साल का चिंटू अपने पापा के साथ एक होटल में गया।
पापा (वेटर से) - एक बियर और एक आइसक्रीम लाओ।
चिंटू- आइसक्रीम क्यों पापा, आप भी बियर लीजिए न
उसके बाद होटल से घर तक चिंटू की सुताई चालू रही।
ये देखकर होटल का वेटर जोर जोर से हंसने लगा।

पत्नी (पति से)- पूरा दिन क्रिकेट, क्रिकेट..
मैं घर छोड़ कर जा रही हूं।
पति- (कमेंटरी के अंदाज़ में)
पहली बार कदमों का बेहतरीन इस्तेमाल।

नीट मामले में लीपापोती कर रही राजग: खरगे

पेपर लीक विवाद : कांग्रेस अध्यक्ष बोले- किसी स्तर पर जिम्मेदारी से बच नहीं सकती है केंद्र सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि नकल विरोधी कानून को अधिसूचित करके भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबधंन (राजग) सरकार का मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट धांधली मामले में लीपापोती का प्रयास है लेकिन उसे समझ लेना चाहिए इस मामले की जिम्मेदारी से वह किसी स्तर पर बच नहीं सकती है।

खरगे ने कहा कि सरकार के शिक्षा मंत्री इस मामले में गलत बयानबाजी कर रहे हैं। नया कानून अधिसूचित हो गया है जबकि कानून कल ही अधिश्चित हुआ है और इसे फरवरी में है ही राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई थी। उन्होंने कहा कि घोटाले मे भाजपा जितनी भी कोशिश कर ले-धांधली, भ्रष्टाचार और शिक्षा माफ़िया को

● खरगे ने कहा- शिक्षा मंत्री मामले में कर रहे हैं गलत बयानबाजी

बढ़ावा देने की अपनी ज़िम्मेदारी से नहीं बच सकती। तीन तथ्य और तीन सवाल हैं जिनका जवाब मोदी सरकार को देना ही पड़ेगा। तथ्य - पेपर लीक के विरुद्ध क़ानून अधिसूचित नहीं हुआ था, जब शिक्षा मंत्री से इसके बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि क़ानून अधिसूचित हो गया। 13 फ़रवरी 2024 में इस क़ानून को राष्ट्रपति का एसेंट मिल गया था पर कानून बीती रात को अधिसूचित हुआ है। सवाल है शिक्षा मंत्री ने झूठ क्यों बोला कि क़ानून अधिसूचित हो गया है और विधि एवं न्याय मंत्रालय को उसके नियम बनाने हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा मंत्री पहले पेपर लीक को नकारते रहे फ़िर गुजरात, बिहार, हरियाणा में गिरफ्तारियां हुईं तब कह रहें हैं कि कुछ जगहों पर पेपर लीक हुए हैं इसलिए दोबारा परीक्षा नहीं करा पाएंगे।

नीट परीक्षा रद होना बर्बाद शिक्षा व्यवस्था का नमूना

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नीट स्थगित करने पर मोदी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि मोदी राज में शिक्षा व्यवस्था चौपट हो गई है इसलिए ऐसे दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। गांधी ने कहा कि अब नीट पीजी भी स्थगित। यह मोदी राज में बर्बाद हो चुकी शिक्षा व्यवस्था का एक और दुर्भाग्यपूर्ण उदाहरण है। भाजपा राज में छात्र पढ़ाई नहीं, अपना भविष्य बचाने के लिए सरकार से लड़ाई को मजबूर है। अब यह स्पष्ट है-हर बार चुप-चाप तमाशा देखने वाले मोदी पेपर लीक रैकेट और शिक्षा माफिया के आगे बेबस हैं। मोदी की अक्षम सरकार स्टूडेंट्स के भविष्य के लिए खतरा है- हमें देश के भविष्य को उससे बचाना ही होगा। कांग्रेस ने भी अपने आधिकारिक ट्वीट हैंडल पर कहा, अब नीट-पीजी की परीक्षा भी रद हो गई। इससे पहले पेपर लीक की वजह से यूजीसी-नेट की परीक्षा भी रद हुई थी।

छात्र संगठनों का केंद्रीय मंत्री के आवास पर प्रदर्शन

हैदराबाद। कांग्रेस की छात्र शाखा एनएसयूआई और वाम समर्थित छात्र संगठनों ने केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी के आवास पर शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया और मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट फिर से आयोजित करने की मांग की। छात्र संगठनों के कार्यकर्ताओं ने रेड्डी के खिलाफ नारेबाजी की लेकिन पुलिस ने उन्हें वहां से हटा दिया।

परीक्षा कानून डैमेज कंट्रोल की कोशिश

नई दिल्ली। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि नीट-स्नातक, यूजीसी-नेट परीक्षाओं को लेकर विवाद के बीच, केंद्र सरकार द्वारा लोक परीक्षा अधिनियम, 2024 अधिसूचित किया जाना डैमेज कंट्रोल की कोशिश है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि इस कानून की जरूरत थी, लेकिन यह पेपर लीक के बाद की स्थिति से निपटता है जबकि यह सुनिश्चित करने के लिए कानून और प्रक्रियाओं की आवश्यकता है कि पेपर लीक ही न हो। केंद्र सरकार ने लोक परीक्षा अधिनियम, 2024 अधिसूचित किया, जिसका उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं पर अंकुश लगाना है।

करंट की चपेट में आने से एक मादा पैंथर, दो शावकों की मौत

अलवर। राजस्थान में अलवर जिले के नाका डेहरा शाहपुर के वन क्षेत्र अमृतवास में बिजली का तार टूट कर गिरने के बाद करंट लगने से एक मादा पैंथर और उसके दो शावकों की मौत हो गई। मंडल वन अधिकारी राजेंद्र हुड्डा ने बताया कि 21 जून को रात 10 बजे पर अलवर वन मण्डल में रेंज के नाका डहरा शाहपुर के वन क्षेत्र अमृतवास में एक बघेरा और दो शावकों के शव मिलने की सूचना मिली। शव दो-तीन दिन पुराने हैं। उन्होंने बताया कि बिजली के तार टूटने से बघेरा एवं उसके दो शावको की मौत होने की सूचना बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा दी गयी। इसके बाद संबंधित कर्मचारियों ने मौके पर जाकर देखा तो घटनास्थल पर जहां बघेरों के शव पड़े हुये थे, वहाँ बिजली के तार टूटे हुये थे। मृत बघेरों के शवों पर बिजली का कंरट लगने से उनके शरीर पर जलने के निशान भी स्पष्ट नजर आ रहे थे।

गुरुग्राम में फायर एग्जीक्यूटर फैक्ट्री में विस्फोट, 8 की मौत

गुरुग्राम, एजेंसी

हरियाणा में गुरुग्राम स्थित दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र में फायर एग्जीक्यूटर बनाने वाली कंपनी में विस्फोट होने से आठ लोगों की मौत होने का सूचना है। विस्फोट से आसपास के क्षेत्र में काफी संख्या में मकान और उद्योगों को नुकसान हुआ है।

सहायक दमकल अधिकारी सैनी ने बताया कि शनिवार को तड़के 2:45 बजे सिपाही संजय ने भीम नगर दमकल विभाग को फोन कर बताया कि दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र में विस्फोट हुआ है और भयंकर आग लग गई है। सूचना मिलते ही भीमनगर और गुरुग्राम के सेक्टर 29 से दमकल विभाग के कार्यालय से एक दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मसकत के बाद आग को काबू में किया। घटनास्थल से पांच लोगों को जख्मी हालत में निकाल

● विस्फोट से आसपास के काफी संख्या में मकान और उद्योगों को हुआ भारी नुकसान

कर अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि दो व्यक्ति मृत मिले और एक लापता है, जिसकी तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि विस्फोट इतना जबरदस्त था कि आसपास के कई मकानों और उद्योगों में भारी नुकसान हुआ है। पुलिस ने बताया कि फैक्ट्री मालिक तथा प्रबंधकों खिलाफ मामला दर्ज कर दिया गया है और जांच की जा रही है। अभी तक प्रशासन की ओर से इस घटना में आठ लोगों की मौत होने की पुष्टि नहीं हुयी है।

एक नजर

असम में 5 करोड़ मूल्य की हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

गुवाहाटी। असम के कछार जिले में पांच करोड़ मूल्य की हेरोइन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक्स पर शर्मा ने कहा कि कछार पुलिस ने चलचपरा में एनएच 37 पर एक वाहन रोका। तलाशी में 5 करोड़ मूल्य की 974 ग्राम हेरोइन बरामद की गई।

हिमाचल में बनी 22 दवाओं के सैंपल फेल

शिमला। हिमाचल में बनी 22 दवाओं के सैंपल फेल हो गए हैं। हिमाचल समेत देश में निर्मित 52 दवाएं मानकों पर खरा नहीं उतरीं हैं। पांवटा साहिब की दवा कंपनी जीं लेबोरेंटरी के 3 और झाडमाजरी के डेक्सीन फार्मा के दो सैंपल फेल हुए हैं। ड्रग कंटोलर मनीष कूपर ने बताया कि फेल होने वाली दवा उद्योगों को नोटिस भेजे जाएंगे, बाजार से स्टॉक को वापस मंगवाया जाएगा।

बिभव की न्यायिक हिरासत 6 जुलाई तक बढ़ाई गई

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत शनिवार को 6 जुलाई तक के लिए बढ़ा दी गई। कुमार पर 13 मई को मुख्यमंत्री आवास पर आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट का आरोप है। कुमार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल के समक्ष पेश किया गया।

झारखंड में ईडी का छापा, 1 करोड़ नकद और 100 कारतूस बरामद

रांची, एजेंसी

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य के खिलाफ कथित तौर पर जमीन हड़पने से जुड़े धन शोधन की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रांची में छापेमारी कर एक करोड़ रुपये नकद और 100 कारतूस जब्त किए।

अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि कांके रोड स्थित परिसर में छापेमारी कर ये जब्ती हुईं। परिसर का मालिक कमलेश सिंह है। छापेमारी की यह कार्रवाई पूर्व मुख्यमंत्री एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हेमंत सोरेन के खिलाफ कथित तौर पर जमीन हड़पने के मामले में की जा रही है, लेकिन यह एक अलग भूखंड से जुड़ा मामला है। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने कारसूत बरामद किए जाने के संबंध में शस्त्र अधिनियम के तहत पुलिस में मुकदमा भी दर्ज कराया है। मामले की जांच के तहत ईडी सोरेन, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी एवं रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, भानु प्रताप प्रसाद और अन्य सहित 25 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

जमीन हड़पने का मामला

● पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ मामले की जांच के तहत एजेंसी ने की कार्रवाई

● आईएएस एवं रांची के पूर्व उपायुक्त सहित 25 से अधिक लोगों हुए हैं गिरफ्तार

एजेंसी, सोरेन की ओर से रांची के बार्गेन इलाके में कथित तौर पर अवैध तरीके से हासिल किए गए कई भूखंड सहित 266 करोड़ रुपये कीमत के भूखंड जब्त कर चुकी है और एजेंसी अब तक चार आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है। भूमि हड़पने के आरोपों को खारिज करते हुए सोरेन का कहना है कि भाजपा नीत केंद्र सरकार ने राजनीतिक प्रतिशोध में उनके खिलाफ यह मामला दर्ज कराया है। झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के कुछ ही मिनटों बाद ईडी ने 31 जनवरी को उन्हें रांची स्थित राजभवन से गिरफ्तार कर लिया था।

उरी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकवादी ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सुरक्षा बलों ने शनिवार को घुसपैठियों की कोशिश को नाकाम कर दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादी मार गिराने में भी कामयाबी पाई है। सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बारामूला के गोहलान उरी सेक्टर में शनिवार तड़के घुसपैठ की कोशिश की गई। नियंत्रण रेखा पर तैनात सेना के जवानों ने घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि देखते ही उन्हें ललकारा। इसके बाद उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी, जिस पर सेना के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी।

4 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे अभिनेता दर्शन

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक में बेंगलुरु की अदालत ने कन्नड़ अभिनेता दर्शन थूगुदीप को रेणुकास्वामी हत्या मामले में शनिवार को 4 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दर्शन के कथित साथियों विनय, प्रदोष और धनराज को भी न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

अभिनेता 11 जून से हिरासत में है।

रेणुकास्वामी हत्या मामला

दर्शन की मित्र पवित्रा गौड़ा सहित 13 अन्य आरोपियों को दो दिन पहले 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। रेणुकास्वामी की हत्या में अब तक 17 लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस के अनुसार अभिनेता के प्रशंसक रेणुकास्वामी ने गौड़ा को अश्लील संदेश भेजे थे। रेणुकास्वामी ने कथित तौर पर अभिनेत्री गौड़ा के सोशल मीडिया अकाउंट पर टिप्पणी कर उन पर अभिनेता व उनकी पत्नी के बीच दरार पैदा करने का आरोप लगाया था।

आंध्र के पूर्व सीएम जगनमोहन रेड्डी के पार्टी कार्यालय पर चला बुलडोजर

अमरावती, एजेंसी

● वाईएसआरसीपी ने कहा-प्रतिशोध की राजनीति कर रहे चंद्रबाबू नायडू

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआरसीपी के निर्माणाधीन केंद्रीय कार्यालय को राज्य सरकार ने बुलडोजर से गिरवा दिया है। शनिवार सुबह साढ़े पांच बजे यह कार्रवाई आंध्र प्रदेश राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण (सीआरडीए) ने की। गुंटूर के तडेपल्ली में यह कार्यालय करीब दो एकड़ जमीन में बनाया जा रहा था। कार्रवाई के लिए तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के नेता की शिकायत को आधार बनाया गया। तेदेपा नेता ने सीआरडीए और मंगलगिरी ताडेपल्ली नगर निगम (एमटीएमसी) के आयुक्तों के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी कि वाईएसआर कांग्रेस का कार्यालय सिंचाई विभाग की दो एकड़ जमीन पर अवैध रूप से बनाया जा रहा है।

सत्तारूढ़ तेदेपा ने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए ताडेपल्ली में सर्वेक्षण संख्या 202/ए1 के तहत कार्यालय के निर्माण के लिए भूमि का यह टुकड़ा आवंटित किया था। जगनमोहन रेड्डी ने इस दो एकड़ जमीन पर पार्टी का कार्यालय बनाकर पड़ोस की 15 एकड़ जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की थी। अब यह स्पष्ट हो गया है कि सिंचाई विभाग ने इस दो एकड़ जमीन को वाईएसआरसीपी को सौंपने की मंजूरी नहीं दी थी।

